# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बुधवार, 15 जुलाई, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-149 ■ पृष्ठ-14 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### भारत ने इंग्लैंड को 6 विकेट से हराया



**बर्मिंघम।** भारत ने पहले वनडे में इंग्लैंड को 6 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। एजबेस्टन में 259 रन का पीछा करते हुए भारत ने 45.2 ओवर में 4 विकेट पर 262 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। दूसरा मैच 16 जुलाई को कार्डिफ में खेला जाएगा। जीत के हीरो ऑलराउंडर अक्षर पटेल रहे। उन्होंने पहले गेंदबाजी में 4 विकेट झटके, फिर नाबाद 57 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। कप्तान शुभमन गिल ने 80 रन बनाए।वॉशिंगटन सुंदर ने नाबाद 52 रन की पारी खेली।

**पहले वनडे में अक्षर ने 57 रन बनाए और 4 विकेट लिए, गिल-वॉशिंगटन की फिफ्टी**

### तमिलनाडु से लौटे युवक का शव खेत में मिला

**बाढ़।** अनुमंडल के बख्तियारपुर प्रखंड स्थित गंगा दियारा क्षेत्र में सोमवार सुबह 21 वर्षीय युवक का शव खेत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना सालिमपुर थाना क्षेत्र के रूपस मरूआही पंचायत के वार्ड संख्या-13 स्थित डेरा पट्टी के समीप की है। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### JJD प्रत्याशी वीणा मानवी का नामांकन रद्द

**पटना।** बांकीपुर उपचुनाव के लिए आज नामांकन की छंटनी चल रही है. जांच के क्रम में जनशक्ति जनता दल की उम्मीदवारे वीणा मानवी के नोमिनेशन को रद्द कर दिया गया है. चुनाव आयोग ने जांच के बाद उनके नामांकन पत्र को खारिज करने का फैसला सुनाया है. इस फैसले के बाद वीणा मानवी के समर्थकों और पार्टी कार्यकताओं में भारी निराशा देखी जा रही है.चुनाव आयोग के अनुसार वीणा मानवी ने अपने चुनावी हलफनामे में एक आपराधिक मामले की जानकारी नहीं दर्शाई थी।

### बिहार बोर्ड ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की तिथि 22 तक बढ़ाई

**पटना।** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2027 में सम्मिलित होने के लिए छूटे हुए विद्यार्थियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 22.07.2026 तक किये जाने के लिये विशेष अवसर दिया गया है इसके तहत छूटे हुए विद्यार्थियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन विद्यालयों के प्रधान द्वारा विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 13.07.2026 से 22.07.2026 तक किया जायेगा।

# समस्याओं के निष्पादन से जनता संतुष्ट हो तभी सहयोग कार्यक्रम का लक्ष्य होगा पूरा : सम्राट

## मुख्यमंत्री ने किया राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम का शुभारंभ

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम हॉल में राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री सचिवालय के आवेदन प्राप्ति केन्द्र का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया, साथ ही देशरत्न मार्ग से मुख्यमंत्री सचिवालय के आवेदन प्राप्ति केन्द्र तक सहयोग पथ का भी उद्घाटन किया।

आज आयोजित राज्य स्तरीय सहयोग शिविर में कुल 129 आवेदन दर्ज किए गए। इनमें 100 आवेदक उपस्थित हुए, जिनके मामलों का निष्पादन किया गया। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन का सरकार पर विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो। जो भी अधिकारी या कर्मी आवेदन के निष्पादन में सहयोग नहीं करते हैं, कार्य में शिथिलता बरतते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई करें। बैठक के दौरान कई लाभार्थियों ने अपनी समस्याओं के समाधान पर सीएम के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान सीएम ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक की शिकायतों का पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है।



सहयोग शिविरों के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों की समस्याओं का समाधान हुआ है और जिन आवेदकों को अब भी अपने आवेदन के निर्णय पर आपत्ति है, उनके लिए राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम की व्यवस्था की गई है, ताकि उनकी शिकायतों का पुनः परीक्षण कर न्यायसंगत निर्णय लिया जा सके। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री सोलर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। इस योजना के अंतर्गत 125 यूनिट तक निःशुल्क बिजली का लाभदिया जा रहा है तथा 126 यूनिट से अधिक बिजली उत्पादन होने पर उपभोक्ताओं को उसका आर्थिक लाभ भी मिलेगा। हमारी सभी लोगों से आग्रह है कि अपनी छतों पर सोलर प्लेट लगायें और सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि यदि किसी आवेदन में दस्तावेजों की कमी हो तो उसे सीधे अस्वीकृत न किया जाए। संबंधित आवेदक को नोटिस देकर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने का अवसर दिया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति तकनीकी कारणों से सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि बरसात के बाद नई सड़कों के निर्माण का कार्य पूरा करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए। सभी पदाधिकारी आम नागरिकों के साथ सम्मानजनक एवं संवेदनशील व्यवहार करें तथा उनकी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहयोग शिविर के माध्यम से 90 प्रतिशत समस्याओं का समाधान किया गया है। इसके लिये जिलाधिकारी सहित सभी संबद्ध पदाधिकारी एवं कर्मियों को बधाई देते हैं और उम्मीद करते हैं कि पूरी तन्मयता और संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा के अंदर जनता की समस्याओं का निष्पादन करते रहेंगे। समस्याओं के निष्पादन से जनता संतुष्ट हो तभी हमलोगों का सहयोग कार्यक्रम का लक्ष्य पूर्ण होगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी व बिजेन्द्र प्रसाद यादव सहित संबद्ध विभागों के मंत्रीगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार एवं विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव एवं आवेदक उपस्थित थे।

**मुख्य बिंदु**

- प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें
- बरसात के बाद नई सड़कों के निर्माण का कार्य में तेजी लाएं
- लोगों से आग्रह-अपनी छतों पर सोलर प्लेट लगाएं

# बंटी अपहरण हत्याकांड : तीन ASI समेत 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड

## ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप

**पटना (एनएसबी)।** पटना में सेक्स रैकेट का विरोध करने वाले बंटी के अपहरण व हत्या को लेकर पटना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3 एएसआई और एक होमगार्ड को सस्पेंड दिया है। इसमें एएसआई प्रवीण कुमार पंकज, अवधेश कुमार, वीर बहादुर सिंह और एक होमगार्ड सुदर्शन प्रसाद शामिल हैं। आरोप है कि ड्यूटी के दौरान उन्होंने लापरवाही बरती है। कार्रवाई पटना सेंट्रल एसपी ममता कल्याणी ने की है। सभी निलंबित पदाधिकारी और एक कर्मी को निर्देश दिया गया है कि वे अपना स्पष्टीकरण 3 दिनों के अंदर देंगे।

बता दें 6 जुलाई की रात कोतवाली थाना क्षेत्र से जब बंटी यादव का अपहरण हुआ था। उस वक्त ये सभी पदाधिकारी 100 मीटर की दायरे में ही मौजूद थे। सभी की ड्यूटी गश्ती और डायल-112 पर थी, लेकिन इस घटना के बारे में पास में रहने के बावजूद भी जानकारी नहीं मिली। इसे ड्यूटी के दौरान घोर लापरवाही मानते हुए कार्रवाई हुई है।

**बंटी के परिजनों से मिले मंत्री व सांसद**

**पप्पू बोले- सेक्स रैकेट खत्म कीजिए सीएम साहब :** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने बंटी यादव के परिवार से मुलाकात की। पप्पू यादव ने कहा है कि जिस तरह से मेरे बच्चे को 4 दिन तड़पाकर मार दिया गया। तेजाब से जलाया, उससे खौफनाक मौत आरोपियों की होनी चाहिए। पटना उसके आसपास नालंदा, बिटहा और हाजीपुर से सेक्स रैकेट को खत्म कर दीजिए सीएम साहब। आप कर सकते हैं मुख्यमंत्री जी।



### बंटी के परिवार से मिले रामकृपाल

मंगलवार सुबह मृतक बंटी यादव के घर मंत्री रामकृपाल यादव पहुंचे। परिवार से मुलाकात की। उन्होंने बंटी यादव की हत्या को दुखद बताते हुए कहा कि गरीब परिवार का लड़का था। उसी पर परिवार आश्रित था। परिवार के लोग जब शिकायत करने जक्कनपुर थाने गए तो कहा जाता है कोतवाली का केस है। जबकि जीरो एफआईआर करनी चाहिए थी। नियम के अनुसार जो भी परिवार के लिए सहायता होगी, सरकार की तरफ से दिलाने की कोशिश करूंगा।

# नेपाल में बारिश से उफनाई बागमती, पीपा पुल डूबा

**पटना (एनएसबी)।** खगड़िया, कटिहार और पटना के कुछ इलाकों में मंगलवार सुबह बारिश हुई। बेगूसराय में बादल छाए रहे। नेपाल में बारिश से मुजफ्फरपुर में बागमती नदी का जलस्तर बढ़ गया है।

**गोपालगंज में सड़कों पर पानी कटिहार-खगड़िया में बारिश**

जिससे औराई को कटरा ब्लॉक से जोड़ने वाला कटरा पीपा पुल डूब गया। इधर, मुंगेर में गंगा का लेबल लगातार बढ़ रहा है। दियारा इलाके में कटाव हो रहा है। गोपालगंज में सड़कों पर पानी भरा है। बिहार में मानसून की रफ्तार एक बार फिर धीमी पड़ गई है। हालांकि मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के



मुताबिक, 15 जुलाई से बंगाल की खाड़ी से नमी बढ़ने के साथ मानसून फिर एक्टिव होगा। 15 से 19 जुलाई के बीच उत्तर और पश्चिमी बिहार के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। आकाशीय बिजली गिरने को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है।

### बिहार में डीएसपी रैंक के 22 अधिकारियों का तबादला

**पटना (एनएसबी)।** बिहार सरकार ने मंगलवार को राज्य पुलिस सेवा के डीएसपी रैंक के 22 अधिकारियों का तबादला किया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर विभिन्न अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। तबादला सूची में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ), साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई, विशेष कार्य बल (एसटीएफ), अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी), आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस), यातायात और अन्य इकाइयों में नई पोस्टिंग की गई है। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, कई अधिकारी फील्ड पोस्टिंग में भेजे गए हैं, जबकि कुछ अधिकारियों को एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरित किया गया है। प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी और सुचारु बनाने के उद्देश्य से सरकार ने यह तबादला किया है।

# अररिया में ट्रैक्टर पलटने से तीन मजदूरों की मौत, एक दर्जन से अधिक घायल

**अररिया (एनएसबी)** जिले के भरगामा थाना क्षेत्र के सिरसिया हनुमानगंज वार्ड संख्या 14 में मंगलवार को अनियंत्रित ट्रैक्टर के पानी से भरे गड्ढे में पलटने से ट्रॉली पर सवार तीन मजदूरों की मौत हो गई। वहीं हादसे में एक दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गए। ट्रैक्टर का ब्रेक फेल हो जाने के कारण ट्रैक्टर के अनियंत्रित होने की बात कही जा रही है।

हादसे की जानकारी मिलने के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और राहत एवं बचाव का कार्य शुरू किया। ट्रैक्टर पलटने से सवार सभी मजदूर ट्रैक्टर के नीचे दब गए थे,जिसे



कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने बाहर निकाला। ग्रामीणों ने घायलों को इलाज के लिए भरगामा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हादसे में मौके पर ही दो की मौत हो गई थी, जबकि तीसरे की मौत भरगामा पीएचसी में हुई। घायलों में गंभीर रूप से घायल छह मजदूरों को समुचित इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। जबकि कई लोगों का इलाज अररिया सदर अस्पताल और भरगामा पीएचसी में किया जा रहा है। मृतकों में सिरसियाकला वार्ड संख्या चार निवासी बबलू मंडल की पत्नी मीरा देवी, कारी मंडल की पत्नी नैया देवी, किशोर मंडल की पत्नी रंजू देवी के रूप में पहचान की गई है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर का ब्रेक फेल होने के कारण ट्रैक्टर पानी से भरे गड्ढे में पलट गया।

# सीतामढ़ी में घूसखोर सीओ गिरफ्तार

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के बाजपट्टी अंचल के अंचलाधिकारी प्रभात कुमार को गिरफ्तारे कर लिया गया है. निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस) की टीम ने मंगलवार को ये कार्रवाई की है. वर्ष 2025 में दर्ज एक भ्रष्टाचार के मामले में न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर एक्शन हुआ है।

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की विशेष टीम मंगलवार को बाजपट्टी पहुंची. टीम ने सीधे अंचलाधिकारी प्रभात कुमार के सरकारी आवास पर दस्तक दी. न्यायालय से जारी वारंट दिखाने के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया. आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद निगरानी की टीम उन्हें अपने साथ लेकर रवाना हो गई.प्रभात कुमार पर

**निगरानी की बड़ा कार्रवाई**




आरोप है कि उन्होंने सरकारी कार्य कराने के बदले अवैध रूप से रिश्वत की मांग की थी. इस संबंध में वर्ष 2025 में निगरानी थाना में भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया गया था. शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने मामले की जांच की. जांच में पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद न्यायालय में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसके आधार पर उनके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया.सीओ की गिरफ्तारी की खबर सामने आते ही जिले के प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच हलचल तेज हो गई. सरकारी आवास के बाहर लोगों की भीड़ जुट गई और पूरे इलाके में इस कार्रवाई की चर्चा होने लगी. कई लोग यह जानने के लिए मौके पर पहुंचे कि आखिर निगरानी की टीम किस मामले में कार्रवाई कर रही है।

### बाढ़ में बाइक सवार बदमाशों ने एक लाख रुपए झपटा

**बाढ़ (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र में मंगलवार को दिनदहाड़े हुई झपटमारी की घटना ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। भुवनेश्वरी चौक स्थित चर्च स्कूल के समीप बाइक सवार दो बदमाशों ने बैंक से एक लाख रुपये निकालकर लौट रहे एक व्यक्ति से रुपयों से भरा बैग झपट लिया और फरार हो गए। चर्च रोड के निवासी पीड़ित अरविंद कुमार ने बताया कि एसबीआई की शाखा से घर के आवश्यक कार्य के लिए एक लाख रुपये निकाले थे। इसके बाद पासबुक अपडेट कराने के लिए वह अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज स्थित एसबीआई शाखा जाने हेतु भुवनेश्वरी चौक के पास एक ऑटो में सवार हुए। ऑटो से कुछ ही दूरी तय करते ही बाइक पर आए दो बदमाश उनके बेहद करीब पहुंचे और झपट्टा मारकर रुपयों से भरा बैग छीन लिया।

# सुप्रीम कोर्ट का तीन लैंग्वेज पॉलिसी पर रोक से इनकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (CBSE) की थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता है। साथ ही इसे लागू करने में आने वाली चुनौतियों को लेकर सरकार और सीबीएसई से 10 दिन में जवाब मांगा है। अब 14 दिन बाद 29 जुलाई को इस मामले में सुनवाई होगी। दरअसल, थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी मौजूदा 2026-27 सेशन से लागू कर दी गई है। नई पॉलिसी के मुताबिक स्टूडेंट्स को 2 भारतीय भाषाएं और एक विदेशी भाषा पढ़नी होगी। ऐसे में उन्हें वे भाषाएं छोड़नी पड़ेंगी, जिन्हें वे क्लास 5 से लगातार पढ़ रहे हैं। याचिकाकताओं का कहना है कि CBSE ने तैयारी के बिना तीन-भाषा नीति लागू कर दी है। स्कूलों में पर्याप्त टीचर, किताबें और जरूरी एकेडमिक इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद नहीं है, जिससे स्टूडेंट-टीचर को परेशानी हो रही है।



**कहा-कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता, CBSE ने इसी सेशन से पॉलिसी लागू की**

# चारा घोटाले : लालू यादव को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, जमानत बरकरार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को चारा घोटाले के देवघर कोषागार मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. शीर्ष अदालत ने फिलहाल उनकी जमानत रद्द करने से इनकार कर दिया है. साथ ही झारखंड हाईकोर्ट की दी गई जमानत पर रोक लगाने की उइक की मांग भी स्वीकार नहीं की. दरअसल, उइक ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें लालू यादव को देवघर चारा घोटाला मामले में जमानत दी गई थी. जांच एजेंसी ने उनकी जमानत रद्द करने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने उइक की याचिका पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया. कोर्ट ने कहा कि फिलहाल हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट को इस मामले में लंबित अपील की सुनवाई जल्द पूरी करने का निर्देश दिया. अदालत ने कहा कि यदि संभव हो तो छह महीने के भीतर अपील का निपटारा कर लिया जाए. साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले में उठाए गए कानूनी सवालों को फिलहाल खुला रखा गया है।



# बांकीपुर उपचुनाव में भाजपा ने उतारे 40 स्टार प्रचारक

**पटना (एनएसबी)।** बांकीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मंगलवार की शाम बीजेपी की ओर से स्टार प्रचारकों की लंबी लिस्ट जारी की गई। इसमें बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित कुल 40 नाम हैं जो बांकीपुर से पार्टी के प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के लिए प्रचार करेंगे। लिस्ट में पहले नंबर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का नाम है तो दूसरे स्थान पर सीएम सम्राट चौधरी का नाम है। पहली बार विधायक बनीं मैथिली ठाकुर व एमएलसी बने पवन सिंह का भी नाम सूची में दर्ज है। लिस्ट पर नजर डालें तो तीसरे नंबर पर बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का नाम है। इसके आगे विनोद तावड़े, दीपक प्रकाश, नित्यानंद राय, गिरिराज सिंह, राधा मोहन सिंह, संजय जायसवाल, रविशंकर प्रसाद, सतीश चंद्र दुबे, राजभूषण चौधरी, मंगल पांडेय का नाम है।

**सूची में पहले नंबर पर भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन तो दूसरे पर सीएम सम्राट चौधरी का नाम**

# होर्मुज में नागरिकों पर अटैक से भड़का भारत, ईरानी डिप्लोमैट को किया तलब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओमान के तट के पास स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में कमर्शियल जहाजों पर हुए घातक मिसाइल हमले में एक भारतीय नाविक की मौत के बाद भारत सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है. विदेश मंत्रालय (MEA) ने नई दिल्ली में ईरानी मिशन के उप प्रमुख मोहम्मद जवाद हुसैनी समेत अन्य राजनयिकों को तलब कर अपनी गंभीर चिंताएं दर्ज कराई और उनसे स्पष्टीकरण मांगा है. दरअसल, सोमवार को होर्मुज में ओमान के क्षेत्रीय जलक्षेत्र से गुजर रहे यूएई के झंडे वाले दो तेल टैंकरों पर कम्र्न्छ्र ने घातक मिसाइल से हमला किया था. इस हमले में चालक दल के एक भारतीय सदस्य की मौत हो गई और भारतीय नागरिकों समेत 6 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. भारत सरकार ने इस घातक हमले पर ईरान के समक्ष कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की है. इस गंभीर कूटनीतिक घटनाक्रम के तहत विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में ईरानी राजनयिकों को तलब किया. बैठक के दौरान भारत ने ओमान के तट के पास व्यापारिक जहाजों पर हुए हालिया हमले को लेकर ईरानी मिशन से जवाब मांगा. विदेश मंत्रालय में हुई इस अहम बैठक के बाद उप प्रमुख मोहम्मद जवाद हुसैनी और अन्य ईरानी राजनयिक बिना कोई सार्वजनिक बयान दिए वहां से रवाना हो गए. इस मुलाकात को लेकर ईरानी दूतावास की तरफ से भी अभी तक कोई सार्वजनिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।



## खबरें : एक नजर में

### बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में बदलाव की बयार दिख रही : राजद


एजाज अहमद।

**पटना / एनएसबी।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में बदलाव की बयार दिख रही है। पिछले 40 वर्षों से एक ही परिवार और पार्टी के द्वारा बांकीपुर का प्रतिनिधित्व किए जाने के बावजूद विकास के कोई कार्य नहीं हुए हैं ,आज भी बांकीपुर विकास से कोसों दूर है। ये आधी आबादी का प्रतिनिधित्व को मजबूती प्रदान करने के दृष्टिगत महागठबंधन ने रेखा गुप्ता को उम्मीदवार बनाया है। बड़ी बात यह है कि एक परिवार , पार्टी और एक समाज के माध्यम से भाजपा ने जो राजनीति की है, उसके कारण सभी वर्गो के लोगों में इस बात की बेचैनी है कि भाजपा के पास ना कोई विजन है और ना कोई मिशन। और जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का क्षेत्र होने के बावजूद भी भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह से उम्मीदवारी चुनने में हड़बड़ी दिखाई उससे संगठन और उम्मीदवार चुनने के प्रति भाजपा की गंभीरता स्पष्ट रूप से सामने आ गई। भाजपा बांकीपुर के चुनाव में जिस उम्मीदवार का चयन किया है उसके पास ना कोई सोच है ना विचार है और स्पष्ट रूप से भाजपा का सिर्फ प्रचार है यह दिख रहा है। और जो दूसरे उम्मीदवार हैं उनके प्रति लोगों का स्पष्ट विचार और सोच है कि यह पीआर एजेंसी चलाने वाले और रणनीतिकार बताने वाले समाज और बांकीपुर के के लिए कोई सोच नहीं रखते हैं। इस उपचुनाव के बहाने वह सिर्फ अपनी पीआर एजेंसी और पर्सनालिटी को डेवलप करना चाहते हैं उनके पास ना कोई राजनीतिक सच है और ना ही बांकीपुर के प्रति कोई जमीनी समझ रखते हैं।

### पटना नगर निगम की 19 कि रिस्पन्स टीमों का फ्लैग ऑफ, मानसून में फर्स्ट रिस्पन्डर के रूप में त्वरित कार्रवाई की जिम्मेदारी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** मानसून के दौरान जलजमाव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पटना नगर निगम ने सभी अंचलों में 19 कि रिस्पन्स टीम गठित की हैं। नगर आयुक्त के निर्देश पर मंगलवार को इन टीमों का औपचारिक फ्लैग ऑफ किया गया। मानसून के दौरान ये टीमें फर्स्ट रिस्पन्डर की भूमिका निभाएंगी। वॉकी-टॉकी के माध्यम से कंट्रोल रूम एवं वरीय अधिकारियों के साथ सतत समन्वय स्थापित करते हुए जलजमाव की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई कर जलनिकासी सुनिश्चित करेंगी। पटना नगर निगम के सभी 75 वार्डो को 19 जोन में विभाजित किया गया है। प्रत्येक जोन में एक जोनल निरीक्षक एवं दो सफाई कर्मियों की कि रिस्पन्स टीम तैनात की गई है।

# भारत टेक्स 2026 में बिहार ने उभरते टेक्सटाइल हब के रूप में दर्ज कराई अपनी सशक्त उपस्थिति

दैनिक नवसंदेश

**नॉलेज सेशन में 16 कंपनियों के साथ 1400 करोड़ के एमओयू पर हुए हस्ताक्षर**

**दिल्ली / पटना।** देश के सबसे बड़े वैश्विक टेक्सटाइल आयोजन भारत टेक्स 2026 का शुभारंभ नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में हुआ। 17 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले इस चार दिवसीय आयोजन का उद्घाटन केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने किया। इस अवसर पर वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा, वस्त्र सचिव सुश्री नीलम शामी राव, उद्योग विभाग, बिहार सरकार के सचिव कुंदन कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। पहले दिन ही कई निवेशकों ने बिहार सरकार के साथ 1400 करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

पार्टनर स्टेट के रूप में भाग ले रहे बिहार ने टेक्सटाइल एवं परिधान क्षेत्र में अपनी बढ़ती क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। भारत मंडपम के हल संख्या 11ए में स्थापित बिहार पवेलियन का उद्घाटन केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह एवं बिहार की उद्योग मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उद्योग विभाग, बिहार सरकार के सचिव कुंदन कुमार, बिहार भवन के स्थानिक आयुक्त मनोज कुमार सिंह, हथकरघा एवं रेशम निदेशालय के डा. विद्या नंद सिंह तथा उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।


केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह एवं बिहार की उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने किया बिहार पवेलियन का उद्घाटन।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार तेजी से देश के उभरते हुए टेक्सटाइल हब के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने प्लग एंड-प्ले जैसी आधुनिक औद्योगिक सुविधाएं विकसित की हैं, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा है।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री सुश्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बिहार आज देश में टेक्सटाइल एवं परिधान निर्माण के सबसे संभावनाशील राज्यों में तेजी से उभर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्रगतिशील औद्योगिक नीतियां, निवेश-अनुकूल वातावरण तथा पारंपरिक शिल्प को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता उद्यमियों, कारीगरों और वैश्विक निवेशकों के लिए नए अवसर सृजित कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत टेक्स 2026 बिहार की औद्योगिक क्षमता और समृद्ध वस्त्र विरासत को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का उत्ष्ट अवसर प्रदान करता है।

उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने कहा कि बिहार पवेलियन राज्य की पारंपरिक शिल्प विरासत और आधुनिक औद्योगिक विकास के समन्वय का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भारत टेक्स 2026 में बिहार की भागीदारी राज्य के उद्यमों को नए बाजारों से जोड़ने, व्यापारिक साझेदारियों को मजबूत करने तथा टेक्सटाइल क्षेत्र में नए अवसरों के सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

भारत टेक्स 2026 के नॉलेज सेशन के दौरान बिहार सरकार ने वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र की अग्रणी 16 कंपनियो के साथ समझौता ज्ञापनो (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिससे राज्य के उभरते हुए टेक्सटाइल निवेश गंतव्य के रूप में बढ़ते विश्वास को बल मिला। इन सभी एमओयू के माध्यम से 1,476 करोड़ के प्रस्तावित निवेश तथा 40,500 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है, जो बिहार के वस्त्र उद्योग को नई गति देने के साथ-साथ राज्य में रोजगार एवं औद्योगिक विकास को भी महत्वपूर्ण बढ़ावा देगा।

### वित्त रहित शिक्षक-शिक्षाकेतर कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा, बिहार ने बकाया अनुदान, वेतन और पेंशन भुगतान के लिए दिया अल्टीमेटम, संपर्क अभियान जारी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** वित्त रहित शिक्षक-शिक्षाकेतर कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा, बिहार ने राज्य के वित्त रहित एवं अनुदानित माध्यमिक विद्यालयों, इंटरमीडिएट कॉलेजों तथा संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में कार्यरत हजारों शिक्षक व कर्मचारियों की दयनीय आर्थिक स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

संघर्ष मोर्चा ने बताया कि वेतन और अनुदान न मिलने के कारण हजारों सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारी भुखमरी के कगार पर हैं। राज्य सरकार पर पिछले 7-8 वर्षो का अनुदान बकाया है, जिसके भुगतान के लिए मोर्चा निरंतर संघर्षरत है।

इसी क्रम में संपर्क अभियान का दूसरा दिन था। प्रमुख जनप्रतिनिधियों से भेंट और अपील : अपनी मांगों के समाधान हेतु आज मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने निम्नलिखित गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की और समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपाः संजय सिंह टाइगर, उच्च शिक्षा मंत्री, बिहार। अवधेश नारायण सिंह , सभापति, बिहार विधान परिषद, प्रो नवल किशोर यादव, प्रो संजीव कुमार सिंह एवं प्रो मदन मोहन झा , सदस्य, बिहार विधान परिषद।

मोर्चा की प्रमुख मांगें : सेवारत शिक्षक एवं कर्मचारियों के लिए नियमित वेतन और सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए पेंशन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। पिछले 7-8 वर्षो के बकाया अनुदान का एकमुश्त भुगतान किया जाए। बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति द्वारा की गई अनुशंसाओं पर तत्काल कार्रवाई हो। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित उच्च-स्तरीय समिति द्वारा इन समस्याओं के समाधान हेतु शीघ्र निर्णय लिया जाए।

चेतावनी एवं आगामी कार्यक्रम : संघर्ष मोर्चा ने स्पष्ट किया है कि यदि 20 जुलाई 2026 तक इन समस्याओं का कोई सार्थक समाधान नहीं निकलता है, तो 23 जुलाई 2026 को बिहार विधान मंडल के समक्ष महाधरना दिया जाएगा। मोर्चा ने सरकार से अपेक्षा की है कि वह संवेदनशील होकर अविलंब ठोस कदम उठाएगी। यह संपर्क अभियान कल भी जारी रहेगा।

आज के अभियान में मोर्चा के अध्यक्ष मंडल के प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से प्रो रामबिनेश्वर सिंह, जयनारायण सिंह मधु, विन्देश्वरी प्रसाद सिंह यादव, शंभु कुमार सिंह और रामनरेश पांडेय शामिल थे।

# स्कूल की कक्षाओं के बाहर प्रेरक स्लोगन लिखे जाएं : शिक्षा मंत्री

**राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, शास्त्रीनगर का शिक्षा मंत्री ने किया निरीक्षण**

**क्लास रूम, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और अन्य सुविधाओं का लिया जायजा**

**विद्यार्थियों की रचनात्मकता और नवाचार आधारित सीख से हुए प्रभावित**


शास्त्रीनगर स्थित राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण करते शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ।

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि विद्यालयों का वातावरण ऐसा होना चाहिए जो विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ जीवन मूल्यों, अनुशासन और सकारात्मक सोच के लिए भी प्रेरित करे। इसके लिए सभी कक्षाओं के बाहर प्रेरक स्लोगन लिखे जाएं ताकि बच्चों को रोज नई सीख और सकारात्मक प्रेरणा मिल सके।

ये बातें शिक्षा मंत्री ने मंगलवार को शास्त्रीनगर स्थित राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कहीं। पटना के जिन 10 मॉडल स्कूलों को सरस्वती विद्या निकेतन के रूप में विकसित किया गया है, उनमें यह विद्यालय भी शामिल है। 16 जुलाई को इस विद्यालय में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम है। निरीक्षण के दौरान शिक्षा मंत्री ने विद्यालय की शैक्षणिक और आधारभूत व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया। उन्होंने बारी-बारी से क्लास रूम, केमिस्ट्री लैब, अटल टिंकरिंग लैब, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को निर्देश दिया कि छात्राओं के लिए ऐसा शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जाए जो उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ नवाचार, वैज्ञानिक सोच और रचनात्मक गतिविधियों के लिए भी प्रेरित करे।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने प्रयोगशाला में मौजूद छात्राओं से संवाद किया और उनके द्वारा तैयार किए गए विभिन्न मडल और उपकरणों को देखा। उन्होंने बच्चों की रचनात्मकता, तकनीकी समझ और कौशल आधारित सोच की सराहना करते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों में नवाचार और प्रयोग की संस्कृति विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, नए विचारों पर कार्य करने और अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

श्री तिवारी ने विद्यालय की व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार मॉडल स्कूलों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा के उत्ष्ट केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक संसाधन, आधुनिक प्रयोगशालाएं और तकनीक आधारित शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक सज्जन आर, राज्य परियोजना निदेशक प्रशांत सी एच तथा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें खास-खास

### विश्वविद्यालयों मुख्यालयों के समक्ष शिक्षा कर्मियों ने धरना प्रदर्शन किया : फैक्टनेब

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के आह्वान पर 222 अनुदानित संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के 25 हजार शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने 14 जुलाई मंगलवार को राज्य के सभी परम्परागत विश्वविद्यालयों मुख्यालयों के समक्ष लंबित मांगों की पूर्ति हेतु धरना प्रदर्शन किया । बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब ) मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने बताया कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा में विवि अध्यक्ष डा शंभुनाथ सिंह एवं राज्य सचिव डा रविन्द्र कुमार, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना में राज्याध्यक्ष डा शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा एवं विवि महासचिव डा रविकांत सिंह, मगध विश्वविद्यालय बोधगया में विवि अध्यक्ष डा विजय कुमार मिठू एवं संरक्षक प्रो नवल किशोर प्रसाद सिंह, बीआर अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय मुजफ्फरपुर में संयोजक डा धर्मेन्द्र कुमार चौधरी, जेपी विश्वविद्यालय, छपरा, में डा पाठक अरुण कुमार , ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा में प्रो विपिन कुमार एवं प्रो महेश ठाकुर, तिलका मांझी विश्वविद्यालय भागलपुर, में डा प्रदीप कुमार मिश्रा, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर अध्यक्ष डा सत्येन्द्र कुमार सिंह, बी एन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा में संयोजक अरविंद कुमार राय पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया में संयोजक डा गोपाल कृष्ण यादव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन के माध्यम से विश्वविद्यालय एवं राज्य स्तरीय मांगों का ज्ञापन कुलपति को भेजा गया और अनुरोध किया गया कि विश्वविद्यालय स्तरीय मांगों की शीघ्र पूर्ति किया जाये तथा राज्य स्तरीय मांगों को कुलाधिपति को अग्रसारित किया जाये।



लंबित मांगों की पूर्ति हेतु धरना प्रदर्शन ।

मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने आगे बताया कि पटना उच्च न्यायालय का न्यायादेश एवं बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति के अनुशंसा के आलोक में संबद्ध डिग्री महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को नियमित वेतन पेंशन भुगतान करने, शैक्षणिक सत्र 2015-18 से 2022-25 कुल आठ वर्षो का परीक्षा परिणाम आधारित अनुदान राशि बढ़े मंहगाई दर से अधिसीमा बंधेज समाप्त कर कर्मियों के बैंक खाते में एकमुश्त भुगतान करने , बिहार सरकार, शिक्षा विभाग का पत्रांक -14 विक्रो लिगल 03/18-03 दिनांक 2/01/2019 के अनुपालनार्थ संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा सभी कोटि के महिलाओं से शूल्क लेने की पूर्व की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए अन्य योजनाओं की भांति लाभार्थी के बैंक खातों में राशि भेजने की व्यवस्था करने आदि 9 सूत्री मांगों को लेकर विधानमंडल सत्र के दौरान 20 जुलाई से 24 जुलाई तक ातक एवं शिक्षक विधान पार्षदों को उनके सरकारी आवास पर धरना प्रदर्शन के माध्यम से घेराव किया जायेगा।

### जगन्नाथ महाकथा के प्रथम दिन भक्तों को सुनाई गयी भगवान की प्रकट लीला

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से आयोजित होनेवाले भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा महोत्सव के पहले दिन भगवान जगन्नाथ महाकथा के पहले दिन परम भक्ति प्रमोद भागवत स्वामी महाराज ने मंगलवार की कथा में भगवान जगन्नाथ की प्रकट लीला सुनाई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने किया। इस मौके पर प्रो नंदन ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की कथा सुनने से मनुष्य को जन्म मृत्यु के पाप से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि हिन्दु धर्म में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा व उनकी महाकथा का बहुत ही महत्व है। और कहा जाता है कि रथयात्रा में रथ पर भगवान को देखने और रथ का रस्सी स्पर्श करने से मनोकामना की पूर्ति होती है। जगन्नाथ महाकथा के प्रथम दिन भक्ति प्रमोद भागवत स्वामी महाराज ने बताया कि राजा इंद्रद्युम्न और भगवान जगन्नाथ के प्राकट्य की लीला अत्यंत मधुर और प्रसिद्ध है। उन्होंने बताया कि राजा इंद्रद्युम्न, जो एक महान वैष्णव राजा थे, ने एक दिन नीलमाधव नाम से भगवान विष्णु की अद्भुत मूर्ति के बारे में सुना। कहा जाता था कि भगवान नीलमाधव घने वन में शबर (सवरा) जाति के प्रमुख विश्वावसु द्वारा गुप्त रूप से पूजे जाते थे। राजा के मन में भगवान के दर्शन की तीव इच्छा जागी। उन्होंने अपने ब्राह्मण मंत्री के भाई विद्यापति को नीलमाधव की खोज के लिए भेजा। बहुत खोजने के बाद विद्यापति विश्वावसु के घर पहुँचे। विश्वावसु अपनी पुत्री ललिता के आग्रह पर विद्यापति को अपने साथ ले जाने के लिए तैयार हुए, लेकिन उनकी आँखों पर पट्टी बाँध दी ताकि कोई उस स्थान का पता न लगा सके। चतुर विद्यापति ने रास्ते में सरसों के दाने गिरा दिए। बाद में उन दानों से पौधे उग आए और मार्ग का पता चल गया। उन्होंने गुफा में भगवान नीलमाधव के दिव्य दर्शन किए और लौटकर राजा इंद्रद्युम्न को सारी बात बताई।



कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने किया।

राजा स्वयं विशाल सेना और भक्तों के साथ उस स्थान पर पहुँचे। लेकिन वहाँ पहुँचने पर भगवान नीलमाधव अंतर्ध्यान हो चुके थे। राजा अत्यंत दुखी हुए। उसी समय आकाशवाणी हुई। झ ष्हे राजन! शोक मत करो। मैं नीलमाधव के रूप में अब दर्शन नहीं दूँगा। समय आने पर मैं दारु-ब्रह्म (दिव्य काष्ठ, लकड़ी) के रूप में प्रकट होकर तुम्हारी पूजा स्वीकार करूँगा।षराजा इंद्रद्युम्न ने वहीं रहकर कठोर तपस्या और यज्ञ किया। कुछ समय बाद समुद्र तट पर एक दिव्य काष्ठ (लकड़ी) बहकर आया, जिस पर शंख, चक्र, गदा और पद्म के दिव्य चि थे। यह साधारण लकड़ी नहीं, बल्कि स्वयं भगवान का दारु-ब्रह्म स्वरूप था। तब एक वृद्ध बढ़ई के रूप में स्वयं भगवान के शिल्पी विश्वकर्मा प्रकट हुए। उन्होंने कहा, ष्मैं इस लकड़ी से विग्रह बनाऊँगा, लेकिन एक शर्त है, जब तक मैं भीतर काम करूँ, कोई भी दरवाजा नहीं खोलेगा। राजा ने यह शर्त स्वीकार कर ली। कई दिनों तक भीतर से काम की आवाज आती रही, फिर अचानक सब शांत हो गया। रानी गुंडिचा को चिंता हुई कि कहीं बढ़ई के साथ कुछ अनहोनी न हो गई हो। उनके आग्रह पर राजा ने समय पूरा होने से पहले ही द्वार खुलवा दिया। जैसे ही द्वार खुला, वृद्ध बढ़ई अश्य हो चुके थे। वहाँ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के विग्रह विराजमान थे, लेकिन उनके हाथ-पैर पूर्ण रूप से निर्मित नहीं थे। इसके बाद ब्रह्माजी को आमंत्रित किया गया। उन्होंने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का विधिवत प्रतिष्ठा-समारोह सम्पन्न किया। तभी से पुरुषोत्तम क्षेत्र (पुरी) में भगवान जगन्नाथ की पूजा आरंभ हुई और आगे चलकर रथयात्रा की परंपरा भी प्रसिद्ध हुई। इस मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य आनंद कुमार, रक्षक गिरिधारी दास, इश्वरनाथ प्रभु, सनातन कृष्ण दास अधिकारी, अभय सुन्दर दास, सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे।

### इस्कन मंदिर से कल निकलेगी जर जगन्नाथ रथयात्रा, मुख्यमंत्री करेंगे शुरुआत

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** आषाढ़ शुक्ल द्वितीया गुरुवार 16 जुलाई को इस्कन मंदिर से हर साल की तरह इस बार भी प्रभु जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। दिन के 2 बजे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी रथयात्रा की शुरुआत करेंगे। इस दौरान उप मुख्यमंत्री विजय चौधरी, खेल व उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह, कला-संस्कृति मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी समेत राज्य सरकार के कई मंत्री-विधायक व गणमान्य लोगों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। रथयात्रा से 16 जुलाई को दोपहर 1 बजे विशेष पूजा और महाआरती होगी। फिर 2 बजे से रथयात्रा की शुरुआत होगी। महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलदेव व बहन सुभद्रा 40 फीट ऊंचे हाइड्रोलिक रथ पर सवार होंगे। यात्रा के मार्ग में पुर्षा होगी। रंगोली बनाई जाएगी और पूरे रास्ते प्रसाद वितरण भी होगा। वहीं क्रेन के जरिए बान को 108 प्रकार के व्यंजनों का महाभोग लगाया जाएगा। रथयात्रा तारामंडल, इनकम टैक्स गोलंबर, हाईकोर्ट, बिहार म्यूजियम, डाकबंगला चौराहा होते हुए पुनः मंदिर वापस आएगी। फिर शाम में मंदिर परिसर में 20 हजार से अधिक लोगों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई है। रथयात्रा में दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है।

# 5 माह से बकाया मजदूरी का भुगतान एवं न्यूनतम मजदूरी कानून को कड़ाई से लागू करने की मांग पर पीएमसीएच वार्ड अटेंडेंट का दूसरे दिन हड़ताल जारी

**हड़ताली वार्ड अटेंडेंट ने बनाया पीएमसीएच वार्ड अटेंडेंट वर्कर्स संघर्ष मोर्चा**

**संघर्ष मोर्चा की ओर से 15 जुलाई को नियोजन भवन पर प्रदर्शन की घोषणा, उपश्रमायुक्त पटना प्रमण्डल को सौंपा 5 सूत्री मांग पत्र**

**पीएमसीएच अधीक्षक और आउटसोर्स एजेंसी फ्रंटलाइन वार्ड अटेंडेंट के मजदूरी का लुट ही नहीं खून चूसने का कर रही अपराध : रणविजय कुमार**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पीएमसीएच में कार्यरत वार्ड अटेंडेंट के मजदूरी में लुट , कम दर से मजदूरी देने तथा 5 माह से बकाया मजदूरी का तुरंत भुगतान तथा सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा की गारंटी , न्यूनतम मजदूरी कानून का कड़ाई से पालन की मांग को लेकर पीएमसीएच वार्ड अटेंडेंट का हड़ताल आज दूसरे दिन भी जारी रहा।

हड़ताली वार्ड अटेंडेंट ने ऐक्टू नेता रणविजय कुमार के देखरेख में पीएमसीएच वार्ड अटेंडेंट वर्कर्स संघर्ष मोर्चा का निर्माण किया ,मोर्चा के विकास कुमार संयोजक तथा अमित कुमार को सह संयोजक बनाया गया। मोर्चा की ओर से ससमय उचित एवं 5 माह से बकाया मजदूरी भुगतान, सेवा सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम मजदूरी कानून का कड़ाई से पालन ,छुट्टी , ओवरटाइम ,मृत्यु हित लाभ आदि से संबंधित 5 सूत्री मांग पत्र पटना प्रमण्डल के उपश्रमायुक्त रणवीर रंजन को सौंपा । साथ ही कल इन्हीं मांगो को लेकर आयकर चौराहा स्थित नियोजन भवन (श्रम कार्यालय) पर उपश्रमायुक्त के समक्ष प्रदर्शन करने की घोषणा किया।

ऐक्टू नेता रणविजय कुमार ने हड़ताली वार्ड अटेंडेंट को सम्बोधित किया। उन्होंने सरकार तथा श्रम संसाधन विभाग से पीएमसीएच में न्यूनतम मजदूरी कानून को कड़ाई से लागू करने , उचित एवं 5 माह से बकाया मजदूरी का विलंब शुल्क के साथ यथाशीघ्र भुगतान करने, कम और देरी से मजदूरी भुगतान करने वाली आउटसोर्स एजेंसी फ्रंटलाइन बिजनेस सल्यूशन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, स्थाई कार्यो में ठेका-आउटसोर्स प्रथा बंद करने तथा वार्ड अटेंडेंट के सेवा सुरक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा की गारंटी करने की मांग को जोरदार ढंग से उठाया।

उन्होंने आउटसोर्स एजेंसी फ्रंटलाइन तथा पीएमसीएच अधीक्षक पर वार्ड अटेंडेंट के मजदूरी लुट का अपराधी बताया। कहा वार्ड अटेंडेंट की मजदूरी में सिर्फ लुट नहीं मचाया जा रहा बल्कि मजदूरों का खून चूसा जा रहा है। कहा प्रत्येक मजदूर को 11336 रु की जगह मात्र 8000 रु ही भुगतान किया जा रहा है ऊपर से ईपीएफ एवं ईएसआई की राशि में भी लुट मचाया जा रहा है।

ऐक्टू की ओर से हड़ताली वार्ड अटेंडेंट को पूर्ण समर्थन देते हुए फ्रंटलाइन एजेंसी एवं पीएमसीएच प्रबंधन के खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ने का आह्वान वार्ड अटेंडेंट से किया।

इस बीच पीएमसीएच वार्ड अटेंडेंट वर्कर्स संघर्ष मोर्चा के संयोजक विकास कुमार,सह संयोजक अमित कुमार ने जारी बयान में पीएमसीएच अधीक्षक राजीव कुमार सिंह पर प्रदर्शन का बैनर छीन लेने तथा प्रदर्शन नहीं करने देने और 30 जुलाई के बाद हड़ताली वार्ड अटेंडेंट को काम से बर्खास्त कर देने का धमकी देने का आरोप लगाया।

# जेबीएसएच स्माइल फाउंडेशन का आपेन माइक 2026 ग्रैंड फिनाले भव्य सफलता के साथ सम्पन्न प्रतिभा, समावेशिता एवं युवा सशक्तीकरण का बना उत्सव

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जेबीएसएच स्माईल फाउंडेशन, एक सेक्शन 8 के अंतर्गत पंजीकृत गैर-लाभकारी संस्था, जिसकी स्थापना 20 मई 2022 को महिला सशक्तिकरण, युवा विकास एवं सामुदायिक क्षमता निर्माण के उद्देश्य से की गई थी, ने रुबी हॉल, यो चाईना, बंदर बगीचा, पटना में आपेन माईक 2026 ग्रैंड फिनाले का सफल आयोजन किया।

आपेन माईक 2026 संस्था का तीसरा मेगा सफल आयोजन रहा। इससे पूर्व वर्ष 2026 में 14 मार्च को डायनेमिक्स वोमेंस अवार्ड तथा 10 मई को इंस्पायरिंग मदरर्स डे अवार्ड 2026 का सफल आयोजन किया गया था। इन दोनों आयोजनों के बाद



जेबीएसएच स्माईल फाउंडेशन ने प्रोत्साहित करने हेतु एक स्पेनिश गिटार भेंट किया।

आपेन माईक 2026 को विशेष रूप से युवाओं के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना था, जो जेबीएसएच स्माईल फाउंडेशन के मूल विजन को साकार करता है। इस भव्य आयोजन में प्रतिभागियों, विशिष्ट अतिथियों, प्रायोजकों, कलाकारों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने इसे बिहार के सबसे प्रेरणादायक प्रतिभा मंचों में से एक बना दिया।

आपेन माईक 2026 में युवा एवं 30 से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने सोलो सिंगिंग, सोलो डांस, कविता एवं स्टैंड-अप कमेडी जैसी विधाओं में अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों और निर्णायकों का मन मोह लिया। प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं मंच संचालन कौशल की सभी ने सराहना की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित लोढ़ा, आईपीएस, अपर पुलिस महानिदेशक , इमरजेंसी रिस्पन्स सपोर्ट सिस्टम ,बिहार पुलिस रहे। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने युवाओं को अनुशासन, समर्पण और ईमानदारी के साथ अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित किया तथा युवाओं को अवसर प्रदान करने के लिए जेबीएसएच स्माईल फाउंडेशन की सराहना की।

कार्यक्रम का सबसे भावुक और प्रेरणादायक क्षण दिव्यांग प्रतिभागियों की प्रस्तुति रही, जिसने उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया। समावेशिता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए जेबीएसएच स्माईल फाउंडेशन ने उनकी संगीत यात्रा को प्रोत्साहित करने हेतु एक स्पेनिश गिटार भेंट किया, ताकि वे अपने सपनों को नई उड़ान दे सकें।

इस आयोजन की सफलता में टाइटल स्पान्सर कास्टक्रेट बिल्डिकान प्रा. लिमिटेड सहित सभी सह-प्रायोजकों एवं सहयोगी संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने कला, संस्कृति एवं युवा विकास को बढ़ावा देने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

इस अवसर पर जेबीएसएच स्माईल फाउंडेशन की संस्थापक एवं निदेशक डा. जुली बनर्जी ने मुख्य अतिथि, निर्णायक मंडल, प्रायोजकों, प्रतिभागियों, अभिभावकों, स्वयंसेवकों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा सभी सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से सांसद ने की मुलाकात, मिथिला क्षेत्र की निमार्णाधीन रेल परियोजनाओं पर हुई चर्चा

**दरभंगा(एनएसबी)।** देश स्तर पर रेलवे का नेटवर्क बिछाया जा रहा है। दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में रेलवे कनेक्टिविटी का जितना विस्तार हुआ वह इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार दरभंगा के विकास को देश स्तर पर स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। अमृत भारत योजना से बन रहे 340 करोड़ की लागत से निमार्णाधीन दरभंगा स्टेशन को एयरपोर्ट की तरह विश्वस्तरीय बनाने, 20 करोड़ की लागत से सकरी एवं 16 करोड़ की लागत से लहेरियासराय स्टेशन के निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद दरभंगा की सूरत और सीरत दोनों बदल जाएगी यहां के विकास को एक नई पहचान मिलेगी। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक तथा रेलवे स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य डा गोपाल जी ठाकुर ने सोमवार की देर संध्या रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से दिल्ली स्थित मंत्रालय कक्ष में मुलाकात करने के बाद उपरोक्त बातों की जानकारी दी है। अमृत भारत योजना के अंतर्गत लगभग 340 करोड़ की लागत से निमार्णाधीन दरभंगा का विश्वस्तरीय स्टेशन , 20 करोड़ की लागत से सकरी तथा 16 करोड़ की लागत से लहेरियासराय स्टेशन के निर्माण कार्यों को टाइम बाउंड में पूरा किए जाने के लिए शीघ्र पहल करने का आग्रह किया है।

सांसद डा ठाकुर ने अमृत भारत योजना से निमार्णाधीन दरभंगा


रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का स्वागत करते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर

स्टेशन को आने वाले समय में देश स्तर पर एक पैमाना बताते हुए कहा कि छह मंजिल के इस स्टेशन का लुक एयरपोर्ट जैसा रहेगा तथा इस स्टेशन के भवन में आधुनिक मॉल, रेस्ट हाउस, मल्टीपेक्स स्नानागार, हास्पिटल जैसी सुविधा उपलब्ध रहेगी। शीशो बाईपास का विस्तार तथा वहां के लिए प्रस्तावित कोचिंग कॉम्प्लेक्स, रेलवे कार्गो जैसे महत्वपूर्ण विषयों जीके मुद्दे पर शीघ्र पहल करने का आग्रह किया जिसके लिए रेल मंत्री ने आश्वस्त किया है। लहेरियासराय में सभी ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित करने, दरभंगा से गुवाहाटी भाया- सरायगढ़, कटिहार नई दिल्ली भाया दरभंगा सुपरफास्ट

,जयनगर, लौकहा,रक्सौल, हरिनगर रेलखंड पर चलने वाली सभी पैसेंजर ट्रेन को लहेरियासराय स्टेशन से ही खोलने , दरभंगा होकर चलने वाली सभी डेमू ट्रेनों को मेमू रैक में बदलने दरभंगा से राँची बन्दे भारत ट्रेन का परिचालन शुरू करने देहरादून से मुजफ्फरपुर तक चलने वाली एक्सप्रेस का दरभंगा तक विस्तार करने, रेलवे के जलजमाव बाले क्षत्रों में मखान की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने जानकी सर्किट का निर्माण कर मिथिला के ऐतिहासिक तथा धार्मिक स्थलों का विस्तार करने जैसे विभिन्न विषयों की चर्चा करते हुए इसे आवश्यक बताया है।

## कुशेश्वरस्थान पूर्वी में राजकीय डिग्री महाविद्यालय का 15 जुलाई को होगा ऑनलाइन उद्घाटन, तैयारियां पूरी

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 योजना के तहत राज्यभर में स्थापित किए गए 211 अंगीभूत राजकीय डिग्री महाविद्यालयों की कड़ी में कुशेश्वरस्थान पूर्वी का राजकीय डिग्री महाविद्यालय अब संचालन के लिए लगभग पूरी तरह तैयार है। ह्यउन्नत शिक्षा, उज्ज्वल भविष्यह्ण के आकर्षक स्लोगन के साथ स्थापित इस महाविद्यालय का उद्देश्य दूर-दराज के आर्थिक रूप से कमजोर एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े परिवारों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का अवसर प्रदान करना है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कुशेश्वर यादव ने ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रोफेसर संजय कुमार चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के निर्देश पर 6 मई 2026 को कुलसचिव कार्यालय, दरभंगा में उन्होंने प्राचार्य के रूप में अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। वहीं 7 मई 2026 को महाविद्यालय पहुंचने के दौरान जिला अधिकारी, दरभंगा से उनकी सौहार्दपूर्ण मुलाकात हुई, जिसमें आगे की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद कुलपति और जिलाधिकारी के साथ कई चरणों में बैठकें हुई, जिसके परिणामस्वरूप महाविद्यालय को शीघ्र संचालन योग्य बनाया जा सका। डॉ. यादव ने बताया 15 जुलाई 2026 को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा राज्य के सभी नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों का ऑनलाइन उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी, विश्वविद्यालय के वरीय पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।



महाविद्यालय का मुआयना करते प्रभारी प्राचार्य।

महाविद्यालय में नामांकन को लेकर छात्रों में व्यापक उत्साह का माहौल है। सत्र 2026-30 के लिए अब तक कुल 67 नामांकन हो चुके हैं, जिनमें 43 छात्राएं और 24 छात्र शामिल हैं। छात्राओं की अधिक भागीदारी इस क्षेत्र में बेटियों की शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता का आईना है।

## काली मंदिर के बरामदे में सो रहे युवक की चाकू मारकर हत्या

**तारडीह(एनएसबी)।** सकतपुर थाना क्षेत्र के उजान काली मंदिर परिसर में सोमवार की देर रात बरामदे में सो रहे एक युवक की अज्ञात अपराधियों ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मंगलवार की सुबह मंदिर में पूजा करने पहुंची महिलाओं ने बरामदे पर खून से लथपथ शव देखा, जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सकतपुर थाना पुलिस, बेनीपुर एसडीपीओ तथा एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई।मृतक की पहचान गंगौली कनकपुर पंचायत के वार्ड संख्या-8 निवासी स्वर्गीय मनश्वर ठाकुर के 38 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा एफएसएल टीम ने वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए। वहीं, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं ताकि घटना के कारणों और आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

### एक हिरासत में, जांच जारी

स्थानीय लोगों के अनुसार मनोज कुमार ठाकुर अविवाहित था और कभी-कभी आसपास की दुकानों में मजदूरी करता था। वह कम बोलता था तथा अक्सर अपने घर के बजाय उजान काली मंदिर या समीप स्थित एक दुकान के बरामदे पर ही रात बिताता था। उसके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है, जबकि उसकी विवाहित बहन कनकपुर में रहती है।सकतपुर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है। मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है तथा घटना के शीघ्र उद्भेदन का प्रयास किया जा रहा है।खबर लिखे जाने तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी।

## ग्रामीण एसपी ने देर रात किया अलीनगर थाना का औचक निरीक्षण

### लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन व अपराध नियंत्रण के दिए निर्देश

**अलीनगर(एनएसबी)।** दरभंगा की ग्रामीण पुलिस अधीक्षक साक्षी कुमारी ने सोमवार की देर रात अलीनगर थाना का औचक निरीक्षण कर थाना की विधि-व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण एवं पुलिस कार्यप्रणाली का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बेनीपुर डीएसपी, थानाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने अभिलेखों को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने का निर्देश दिया।ग्रामीण एसपी ने हत्या, लूट, डकैती जैसे गंभीर आपराधिक मामलों तथा लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने फरार अभियुक्तों और वारंटियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, नियमित वाहन जांच अभियान चलाने, रात्रि गश्ती को प्रभावी बनाने तथा बैंक एवं एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने अनुसंधानकताओं को नए आपराधिक कानूनों के अनुरूप वैज्ञानिक एवं फॉरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान करने के निर्देश दिए। साथ ही थानाध्यक्ष को अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखने, शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा पूर्व से लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ग्रामीण एसपी ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और आम लोगों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए पुलिस की कार्यशैली पारदर्शी, जवाबदेह और सक्रिय होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश दिए।



## बहेड़ी थाना के खिलाफ एसपी कार्यालय पर आमरण अनशन शुरू, भ्रष्टाचार के लगाए गंभीर आरोप

**दरभंगा(एनएसबी)।** बहेड़ी थाना क्षेत्र में कथित भ्रष्टाचार, लापरवाही और पीड़ितों के साथ दुर्व्यवहार के विरोध में सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व जिला सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र नाथ सिंह उर्फ चिंटू सिंह ने मंगलवार को लहेरियासराय स्थित वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप निर्धारित धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू कर दिया। अनशन पर बैठे चिंटू सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि बहेड़ी थाना में पीड़ितों के लिखित आवेदन जानबूझकर दबाए जाते हैं, प्राथमिकी दर्ज करने में अनावश्यक विलंब किया जाता है तथा परिवादियों से रिश्वत की मांग की जाती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आपराधिक छवि के लोगों को संरक्षण दिया जा रहा है। उनका दावा है कि इन आरोपों के समर्थन में उनके पास पीड़ितों के आवेदन की प्राप्ति रसीद, ऑडियो-वीडियो साक्ष्य एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध हैं।



अनशन पर बैठे रविंद्र नाथ सिंह उर्फ चिंटू सिंह।

उन्होंने कहा कि 11 जुलाई को बेनीपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) द्वारा बिना जमीनी जांच के प्रेस वार्ता कर संबंधित पुलिस अधिकारियों को क्लीन चिट देना दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे आम लोगों का पुलिस प्रशासन पर भरोसा कमजोर हुआ है।प्रमुख मांगें बहेड़ी थाना से संबंधित सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच के लिए स्वतंत्र उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन।जांच अवधि में थाना के सीसीटीवी फुटेज, आगंतुक पंजी, मालखाना पंजी सहित अन्य अभिलेखों की जांच। दोषी पाए जाने वाले पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों पर विभागीय और कानूनी कार्रवाई। एसडीपीओ बेनीपुर द्वारा क्लीन चिट देने की प्रक्रिया की भी जांच। चिंटू सिंह ने बताया कि इस मामले में पहले भी वरीय अधिकारियों को कई बार लिखित शिकायत दी गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें आमरण अनशन का रास्ता अपनाना पड़ा। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।अनशन में सुनील राम, संतोष लाल देव, कुमुद राम, लक्ष्मण साहू, कृष्ण कुमार, विजय महतो और नवीन कुमार सहित कई पीड़ित शामिल हुए।

## स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के अध्यादेश एवं विनियमावली का विद्वत परिषद् की मिली हरी झंडी

**दरभंगा(एनएसबी)।** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक दरबार हॉल में मंगलवार को कुलपति प्रो. लक्ष्मीनिवास पाण्डेय की अध्यक्षता मेंआयोजित विद्वत्परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों के बाद कई पाठ्यक्रमों के अध्यादेश व विनिमावली में साफ बदलाव दिखेंगे। लोकभवन, पटना से समय समय पर जारी आदेशों-निदेशों के आलोक में शास्त्री व आचार्य पाठ्यक्रमों में लाये जाने वाले संशोधनों पर बैठक में परिषद की मुहर लग गई। इस तरह अब नए स्वरूप में कार्यों का निपटारा होगा।

उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि मूलरूप से करीब 20 एजेंडों को परिषद के पटल पर रखा गया था जिसमें अधिकांश प्रस्ताव लोकभवन के आदेश निर्देश से ही सम्बन्धित थे।

### ललित कला एवं संगीत विभाग को जागृत करने पर विचार



कुलसचिव सह सचिव डॉ. दिनेश झा द्वारा गणपूर्ति की सूचना देने के बाद वैदिक मंगलाचरण एवं सरस्वती पूजन से कार्यक्रम की शुरूआत की गई।बैठक में सर्वप्रथम विद्वत्परिषद् की 03 अगस्त 2024 दिवसीय कार्यवाही एवं कार्यान्वयन प्रतिवेदन की सम्पुष्ट किया गया। इसी तरह लोकभवन पटना द्वारा स्नातक पाठ्यक्रम सम्बन्धी आवश्यक दिशानिर्देश तथा प्रवेश अध्यादेश आदि अधिसूचना को सदस्यों द्वारा पारित कर दिया गया। वहीं, दो वर्षीय (4-सेमेस्टर) तथा एक वर्षीय (2-सेमेस्टर) स्नातकोत्तर (पी.जी.) पाठ्यक्रमों के प्रारूप अध्यादेश एवं विनियमों पर भी सदस्यों की स्वीकृति मिल गई। इसी तरह एकीकृत अध्यादेश एवं विनियम

### 2026 से प्रवृत्त होगा आचार्य अध्यादेश एवं विनियमावली

(पीएच.डी. उपाधि प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानक एवं प्रक्रिया), 2026 को भी अनुमोदित कर दिया गया। 2026-27 से समर्थ पोर्टल के माध्यम से संस्कृत विश्वविद्यालय में सभी शैक्षणिक कार्यो के संपादन पर आम सहमति रही। महत्वपूर्ण कदम यह रहा कि समर्थ पोर्टल हेतु विभाग/महाविद्यालय-वार (विषयवार स्थान/सीट) छात्रों के सीटों को निर्धारित किया गया। साथ ही

दो वर्षीय उपशास्त्री के संशोधित पाठ्यक्रम को अनुमोदित करते हुए क्रियान्वयन पर भी स्वीकृति प्रदान की गई। शिक्षाशास्त्र विभाग में आईटीईपी पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने पर भी आमसहमति रही। पदोन्नति हेतु संकायाध्यक्षों द्वारा निर्मित विषय विशेषज्ञों की सूची को अनुमोदित करते हुए अग्रिम कार्यवाही के लिये सदस्यों द्वारा कुलपति को ही अधिकृत कर दिया गया। द्विवर्षीय संशोधित शिक्षाशास्त्री पाठ्यक्रम को भी परिषद की हरी झंडी मिल गयी। 26 नवंबर 2024 एवं 15 अप्रैल 2026 दिवसीय परीक्षापरिषद् की कार्यवाही को भी अनुमोदित कर दिया गया। बैठक में धर्मशास्त्र विभागाध्यक्ष सह शोध प्रभारी प्रो. दिलीप कुमार झा ने अध्यक्षानुमत्या विश्वविद्यालय में ललित कला एवं संगीत विभाग को जागृत करने का मुद्दा उठाया। इस पर कुलपति प्रो पांडेय ने सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। वहीं, सिवान के प्रधानाचार्य ने व्यावसायिक शिक्षा को बढावा देने की बात कही।

## संक्षिप्त खबरें

### अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक से किया मुलाकात

**दरभंगा(एनएसबी)।** बहादुरपुर थाना क्षेत्र के डरहार ग्राम निवासी डॉ. पवन कुमार मिश्र के आवास पर विगत दिनों हुई भीषण डकैती एवं उनकी पुत्रवधू के साथ मारपीट की गंभीर घटना को लेकर भाजपा दरभंगा पश्चिमी के जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी ने दरभंगा के वरीय पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बहादुरपुर थाना कांड संख्या 208/26 में संलिप्त सभी अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा उनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के तहत कठोरतम कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। यह घटना केवल एक परिवार पर हुआ जघन्य अपराध नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र की कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है। इस घटना से आम लोगों में भय एवं असुरक्षा का माहौल उत्पन्न हुआ है। बहादुरपुर थाना क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्ती बढ़ाने एवं अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने का भी आग्रह किया।वरीय पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक जांच समिति गठित कर पूरे प्रकरण की गहन जांच कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता प्रेम कुमार मिश्र रिंकू एवं डरहार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू चौधरी भी उपस्थित थे।

### लगातार दस दिनों से आमरण अनशन पर बैठे ग्रामीणों की सुधि ले प्रशासन : मो. असलम

**दरभंगा(एनएसबी)।** दिलावरपुर भैरवपट्टी मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति एवं वर्षों से चली आ रही जलजमाव की समस्या को लेकर ग्रामीणों द्वारा युवा कांग्रेस के बैनर तले चल रहा आमरण अनशन आज दसवें दिन में प्रवेश कर गया है। इसके बावजूद अब तक जिला प्रशासन की ओर से न तो कोई ठोस आश्वासन दिया गया है और न ही किसी सक्षम अधिकारी ने अनशन स्थल पर पहुंचकर अनशनकारियों से वार्ता कर उनकी मांगों के समाधान का प्रयास किया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि सह जिला मीडिया प्रभारी मो. असलम ने कहा कि लगातार दस दिनों से आमरण अनशन पर बैठे ग्रामीणों की स्वास्थ्य स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। इसके बावजूद प्रशासन की उदासीनता अत्यंत चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि समय रहते कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई, तो किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।मो. असलम ने जिला प्रशासन से अविलंब वार्ता कर अनशनकारियों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने तथा दिलावरपुरझभैरवपट्टी सड़क का निर्माण एवं जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की, ताकि क्षेत्र के लोगों को वर्षों से चली आ रही इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके।

### अगले सोमवार तक 4,000 नए राशन कार्ड निर्गत करने का लक्ष्य

**प्रतिदिन 509 राशन कार्ड बनाने का जिलाधिकारी ने दिए निर्देश**

**दरभंगा(एनएसबी)।** जिलाधिकारी दरभंगा कौशल कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में जिले में राशन कार्ड निर्गत करने की प्रगति की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई।बैठक में सहायक समाहर्ता कल्पना रावत,जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राशन कार्ड निर्गत करते हुए अधिक से अधिक पात्र एवं वंचित परिवारों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए। बैठक में बताया गया कि दरभंगा जिले को कुल 15,268 नए राशन कार्ड निर्गत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को प्रतिदिन 509 राशन कार्ड तैयार कराने एवं आवेदन की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने आगामी सोमवार तक 4,000 राशन कार्ड निर्गत करने का विशेष लक्ष्य निर्धारित करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। यदि किसी पात्र लाभार्थी का नाम किसी कारणवश राशन कार्ड से हट गया है, तो ऐसे लाभार्थियों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर उनका पुनः राशन कार्ड बनाया जाए।

### पिछले एक दशक से जलजमाव की त्रासदी झेल रहा कबीरचक पंचायत

**यहाँ के नाले को गांधीनगर के नाले से मिला दिया जाए तो पानी की निकासी संभव**



**दरभंगा(एनएसबी)।** सदर प्रखंड मुख्यालय जाने वाली मुख्य सड़क कबीरचक गांव पिछले एक दशक से जलजमाव की त्रासदी झेल रही है। दरभंगा रेलवे स्टेशन से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित इस रोड पर सालों भर 3 से 4 फीट पानी लगा रहता है।पानी के कारण यहां के लोग कई सालों से जूते पहनना छोड़ चुके हैं। कई परिवार तो अपना घर छोड़कर किराए के मकान में रहने को मजबूर हैं।स्थिति इतनी खराब है कि शादी-विवाह जैसे कार्यक्रमों के लिए भी घर छोड़ना पड़ता है। यहां शादी के लिए लड़का-लड़की वाले आना छोड़ चुके हैं।स्थानीय जिला परिषद सदस्य विभा देवी ने बताया कि पिछले कई सालों से जलजमाव की समस्या है। इसे लेकर जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को कई बार ज्ञापन सौंपकर स्थाई निदान की मांग की गई। लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अगर यहाँ के नाले को गांधीनगर के नाले से मिला दिया जाए तो पानी की निकासी संभव है। जनप्रतिनिधि और प्रशासन मिलकर पहल करें तो समस्या दूर हो सकती है।राजनीतिक दलों ने भी इस मुद्दे पर धरना, प्रदर्शन और भूख हड़ताल की, पर नतीजा शून्य है।

### खौलते माड़ में गिरने से तीन वर्षीय मासूम झुलसा, सीएचसी में चल रहा इलाज

**घनश्यामपुर(एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के गलमा गांव में मंगलवार को खाना बनाने के दौरान एक दर्दनाक हादसे में तीन वर्षीय मासूम गंभीर रूप से झुलस गया। घायल बच्चे की पहचान अभियानत कुमार पासवान (3) के रूप में हुई है। वह जय राम पासवान का पुत्र तथा हरि पासवान का पोता है।परिजनों के अनुसार, घर में खाना बनाते समय चावल का खौलता हुआ माड़ एक गमले में निकालकर रखा गया था। इसी बीच बच्चे की मां किसी काम से दूसरे घर चली गई। खेलते-खेलते मासूम अभियानत कुमार पासवान खौलते माड़ से भरे गमले में गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया।कुछ देर बाद जब बच्चे की मां सुलैना देवी वापस लौटीं तो उन्होंने बच्चे को झुलसी अवस्था में देखा। इसके बाद उन्होंने तत्काल दादा-दादी को सूचना दी। परिजन आनन-फानन में बच्चे को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) घनश्यामपुर लेकर पहुंचे।सीएचसी में चिकित्सकों ने बच्चे का प्राथमिक उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चे का इलाज जारी है और उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### ग्रामीण एसपी ने किया घनश्यामपुर थाना का निरीक्षण

**घनश्यामपुर(एनएसबी)।** दरभंगा के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक साक्षी कुमारी ने सोमवार को देर रात घनश्यामपुर थाना का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष आलोक कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। हत्या, लूट, डकैती जैसे संगीन मामलों और लंबित कांडो की भी समीक्षा की गई।

### मिथिला की कला अनोखी व दुर्लभ-मयंक बरबड़े।

**सिक्की पेंटिंग में अपनी छवि देखकर अभिभूत हूँ**



**दरभंगा(एनएसबी)।** मिथिला से हमेशा अपने आपको नजदीक पाता हूँ।मिथिला की कला अनोखी व दुर्लभ है। सिक्की पेंटिंग में अपनी छवि देखकर अभिभूत हूँ। उक्त बातें शिक्षाविद डॉ.शिवकिशोर राय से सिक्की कला निर्मित अपनी पेटिंग को उपहार स्वरूप पाकर पटना प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त मयंक बरबड़े ने कहीं।आगे आयुक्त ने अपने दरभंगा कार्यकाल को शिद्दत से याद करते हुए दाम्पत्य प्रेम के अमर स्मारक कामेश्वरी प्रिया पूअर होम,श्यामा माय मन्दिर सहित अन्य धरोहरों की अद्यतन स्थिति के संबंध में विस्तार से जिज्ञासा की।इस अवसर पर शिक्षाविद डॉ.शिवकिशोर राय ने आयुक्त महोदय के कार्यकाल में अपने पैतृक गाँव कमरगामा में इन्हीं की पहल पर खुले हेल्थ सेंटर तथा अब हॉस्पिटल के निर्माण के लिए साधुवाद दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### छह कमरा और एक शिक्षक के सहारे खुलेगा विद्यापतिनगर में डिग्री कॉलेज, नहीं मिली जमीन, विद्यापति प्लस टू में होगा संचालित

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड में डिग्री कॉलेज बुधवार से संचालित किया जाना है। जिसके लिए अभी तक जमीन उपलब्ध नहीं हो सका है। विद्यापति प्लस टू विद्यालय मऊ बाजिदपुर के परिसर में प्रशासनिक निर्देश पर मिले छह कमरा में चालू किया जाना है। जिसमे अभी तक मात्र एक शिक्षक पोलिटिकल साइंस में




मिला है। कॉलेज के प्राचार्य अजय कुमार ने बताया कि, अभी छह कमरा एवं एक शिक्षक मिला है। सूची में 103 छात्र के जगह 60 छात्रों का नामांकन हुआ है। एक स्टाफ, एक सुरक्षा कर्मी और एक सफाई कर्मी मिला है। कॉलेज के संसाधन में बेंच डेस्क, कंप्यूटर आदि जरूरत का सामान उपलब्ध कराया गया है। पानी, बिजली और शौचालय की व्यवस्था पूर्व के विद्यालय से जुड़ा है। वही विद्यालय तक पहुँचने का मुख्य मार्ग से सड़क बनी है। प्राचार्य ने बताया कि, कॉलेज के लिए जमीन नहीं मिला है। शेष सभी व्यवस्था में धीरे धीरे सुधार हो जाएगा।

### लोजपा (आर ) के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष बने संजय

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** लोजपा (आर) के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जय किशोर पोद्दार ने एक पत्र देकर प्रखंड के मलकालीपुर निवासी संजय कुमार सिंह को पार्टी के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया है। और कहा है कि आपके नेतृत्व में पार्टी का संगठन और मजबूत होगा। श्री सिंह के अध्यक्ष पद पर मनोनयन पर लोजपा नेता हिमांशु कुमार सिंह, कैलाश पासवान आदि लोगो ने बधाई दिया है।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने छीनी मासूम सहित दो की जिंदगी, एक घायल

**बिथान (एनएसबी)।** मधेपुरा जिले के आलमनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक मासूम की जिंदगी छीन ली। जिसमें उजान निवासी अविनाश चंद्र पटेल की छः वर्षीय पुत्री अनन्या कुमारी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में अनन्या की मामी सुनीता देवी पति सुबोध सिंह की भी जान चली गई, जबकि ममेरे भाई रौशन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उनका इलाज हायर सेंटर में चल रहा है। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार, सुनीता देवी अपने पुत्र रौशन और भांजी अनन्या के साथ उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के गोपालपुर में एक रिश्तेदार के यहां आयोजित शादी समारोह से बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान आलमनगर थाना क्षेत्र के मधेली-खुरहान सड़क पर विशनपुर गांव के समीप तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अनन्या और उसकी मामी की मौके पर ही मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार देर शाम जैसे ही मासूम अनन्या का शव उजान गांव पहुंचा, पूरे गांव में मातम छा गया। बेटी का शव देखते ही माता-पिता बदहवास होकर फूट-फूटकर रोने लगे। परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया।

### हल्की से मध्यम वर्षा का दौर रहेगा जारी, 15-17 जुलाई के दौरान मेघगर्जन एवं वज्रपात की संभावना

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा, एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र द्वारा जारी 15 जुलाई से 19 जुलाई, 2026 तक के मौसम पूवार्नुमान के अनुसार- बेगूसराय को छोड़कर उत्तर बिहार के अधिकांश जिलों में 15-17 जुलाई के दौरान मेघगर्जन एवं वज्रपात की संभावना है। साथ ही साथ कहीं-कहीं तेज हवा चल सकती है। इस अवधि में अधिकांश क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। वहीं, शिवहर, सीतामढ़ी मधुबनी एवं पश्चिम चंपारण जिलों में 15-16 जुलाई के आस-पास मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान ज्यादातर समय आसमान में हल्की से मध्यम बादल देखें जा सकते है। वर्षा होने की स्थिति में आसमान में घने बादल छा सकते है। पूवार्नुमान अवधि के दौरान अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 29-32त्ड के बीच रहने की संभावना है. जबकि बेगूसराय, वैशाली, शिवहर एवं पूर्वी बंपारण जिलों में यह 34-30त्ड के बीच रह सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान 24-28त्ड के बीच रहने की संभावना है। इस दौरान हवा मुख्यतः 10-15 किमी प्रति घंटे की गति से दक्षिण-पश्चिमी दिशा से चलने की संभावना है। सुबह में सापेक्षिक आर्द्रता 80-85 प्रतिशत रहने की संभावना है. जबकि दोपहर में सापेक्षिक आर्द्रता सारण, सिवान, गोपालगंज, पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण जिलों में 40-45 प्रतिशत तथा अन्य जिलों में 50-60 प्रतिशत रहने की संभावना है।

### डिक्की तोड़कर 90 हजार रुपये उड़ा ले गए बदमाश, बीडीओ कार्यालय परिसर में दिनदहाड़े वारदात से मचा हड़कंप

**सिंघिया (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय के बीडीओ कार्यालय परिसर के समीप दिनदहाड़े बाइक की डिक्की तोड़कर 90 हजार रुपये उड़ा लेने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के बाद पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलते ही सिंघिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए बदमाशों की पहचान में जुट गई है। जानकारी के अनुसार कुंडल-दो पंचायत के निमी गांव निवासी मोहम्मद सदुल अपनी पत्नी शबाना खातून के साथ बाइक से भारतीय स्टेट बैंक सिंघिया पहुंचे थे। बैंक से शबाना खातून ने अपने खाते से 90 हजार रुपये की निकासी की। रुपये को सुरक्षित समझकर बाइक की डिक्की में रख दिया गया। इसके बाद दोनों किसी आवश्यक कार्य से प्रखंड कार्यालय पहुंचे। बाइक को बीडीओ कार्यालय समीप में खड़ा कर मोहम्मद सदुल अंचल कार्यालय में काम से चले गए, जबकि शबाना खातून बाहर खड़ी होकर मोबाइल पर किसी से बातचीत कर रही थीं। इसी दौरान पहले से घात लगाए अज्ञात बदमाशों ने मौका पाकर बाइक की डिक्की तोड़ दी और उसमें रखे 90 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। कुछ देर बाद जब डिक्की खोली गई तो रुपये गायब देखकर दंपती के होश उड़ गए। शबाना खातून परिसर में ही फफक-फफक कर रोने लगीं। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जुट गई और लोगों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की। घटना की सूचना तत्काल सिंघिया थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि बदमाशों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

# बिहार में अपराधियों के हौसले बुलंद कानून का राज खत्म : पप्पू यादव

**ईशांत उर्फ छोटू हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिले सांसद, दोषियों को सख्त सजा दिलाने का किया वादा**

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव मंगलवार को विद्यापतिनगर प्रखंड के बंगराहा गांव पहुंचे, जहां उन्होंने अपहरण के बाद हत्या के शिकार हुए 14 वर्षीय छात्र ईशांत उर्फ छोटू के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने घटना की जानकारी ली और परिवार को हरसंभव न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इसी क्रम में मीडिया कर्मियों से बातचीत के दौरान श्री यादव ने बिहार की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में अपराधियों का हौसला बुलंद और मनोबल बढ़ा हुआ है। कानून का राज पूरी तरह समाप्त हो चुका है। अपराधी बेखौफ होकर हत्या, लूट और दुष्कर्म जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जबकि


संवाददाताओं से घिरे सांसद।

सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि, एक मासूम 14 वर्षीय छात्र के साथ जिस तरह की क्रूरता की गई, वह पूरे समाज को झकझोर देने वाली घटना है।सांसद ने कहा कि बिहार में लगातार हत्या और महिलाओं के साथ अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में विशेष रूप से यादव, दलित और अतिपिछड़ा समाज के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पप्पू यादव ने स्पष्ट कहा कि ईशांत उर्फ छोटू के हत्यारों को हर हाल में सजा दिलाई जाएगी।इसके लिए वे सड़क से लेकर संसद तक आवाज उठाएंगे और आवश्यकता पड़ने पर उच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना में शामिल लोगों को सत्ता का संरक्षण मिल रहा है, लेकिन कोई भी दोषी कानून के शिकंजे से बच नहीं पाएगा। मौके पर सांसद ने मृतक के पिता राम प्रीत राय, माता तथा दादा कमल राय से मुलाकात कर दुख की इस घड़ी में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान माकपा नेता अर्जुन राय, राजद नेता कौशलेंद्र यादव, अखिलेश राय, मुखिया पति कुंदन कुमार, रंजीत राय, उपेंद्र राय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और समर्थक उपस्थित रहे।

## उर्स-ए-मखदूम अशरफ पर बिहार के उपमुख्यमंत्री ने भेजी चादर

**पटना/समस्तीपुर (एनएसबी)।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी ने उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर जिले स्थित विश्वविख्यात सूफी दरगाह किछौछा शरीफ में आयोजित हजरत सुल्तान मखदूम अशरफ जहांगीर सिमनानी रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स के मुबारक मौके पर अपनी ओर से अकीदत की चादर भेज कर देश, प्रदेश और समाज में अमन, भाईचारे, खुशहाली तथा तरक्की की दुआ मांगी है। उपमुख्यमंत्री विजय चौधरी लंबे समय से सूफी संतों की शिक्षा और उनकी साझा सांस्कृतिक विरासत के


चादरपोशी करते उपमुख्य मंत्री व अन्य।

प्रति गहरा सम्मान रखते हैं। उनका मानना है कि, सूफी संतों ने प्रेम, इंसानियत, सद्भाव और आपसी सौहार्द का जो संदेश दिया, वह आज भी समाज को जोड़ने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। बताते चलें कि, हजरत सुल्तान मखदूम अशरफ जहांगीर सिमनानी रहमतुल्लाह अलैह भारतीय उपमहाद्वीप के महान सूफी संतों में गिने जाते हैं। उनका जन्म ईरान के सिमनान के शाही परिवार में हुआ था, लेकिन सांसारिक वैभव का त्याग कर उन्होंने आध्यात्मिक मार्ग अपनाया। बाद में वे भारत आए और उत्तर प्रदेश के किछौछा (वर्तमान अंबेडकर नगर) को अपनी कर्मभूमि बनाया। उन्होंने सूफी सिलसिला अशरफिया की स्थापना की, जिसने प्रेम, करुणा, सेवा, आध्यात्मिक साधना और मानवता के संदेश को व्यापक रूप से फैलाया। किछौछा शरीफ की दरगाह आज देश-विदेश के लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। हर वर्ष उर्स मुबारक के अवसर पर विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग बड़ी संख्या में यहां पहुंचकर हाजिरी देते हैं और अमन, शांति तथा खुशहाली की दुआ मांगते हैं। विजय चौधरी द्वारा भेजी गई चादर को भी इसी गंगा-जमुनी तहजीब, सांप्रदायिक सौहार्द और सूफी परंपरा के प्रति सम्मान के प्रतीक के रूप में देखा जा रहा है। इस अवसर पर बिहार अल पसंख यक आयोग के उपाध यक्ष मौलाना उमर नूरानी, अताउर्रहमान, महताब आलम, फैजुल कादरी विशेष रूप से मौजूद थे।

## मारपीट और हत्या के प्रयास मामले में दो गिरफ्तार

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले के सरायरंजन थाना क्षेत्र में मारपीट और हत्या के प्रयास मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार, सरायरंजन थाना क्षेत्र के गुढमा पूर्वी टोला गांव में वादिनी बिनीता देवी और उनके परिजनों के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। इस संबंध में सरायरंजन थाना कांड संख्या-173/26, दिनांक 14 जुलाई 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (इठर) की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया, जिसमें हत्या के प्रयास की भी धारा शामिल है।

घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त गोपाल ईश्वर और प्रभास कुमार ईश्वर (दोनों पिता रामानंद ईश्वर, निवासी गुढमा पूर्वी टोला, थाना सरायरंजन, जिला समस्तीपुर) को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। कांड के



अनुसंधानकर्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है, हालांकि पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## कमला-बलान तटबंधों के चौड़ीकरण व पक्कीकरण को लेकर जल संसाधन विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

**बिथान (एनएसबी)।** कमला-बलान नदी के दोनों तटबंधों के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं पक्कीकरण की मांग को लेकर शनिवार को जल संसाधन विभाग की उच्चस्तरीय टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया।


निरीक्षण करते पदाधिकारी।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने तटबंधों की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से आवश्यक विकास कार्यों पर चर्चा की।

पूर्व मुखिया भिखारी लाल सिंह ने बताया कि जल संसाधन विभाग, पटना की जनसंपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) करुणा कृति, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल-1, झंझारपुर के कार्यपालक अभियंता उपेंद्र कुमार तथा बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल-2, झंझारपुर के कार्यपालक अभियंता मो. गुलाम गौस के नेतृत्व में टीम ने फुहिया गांव से कमला-बलान नदी के दोनों तटबंधों का किमी 111.29 तक निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक अभियंता अमरेश कुमार पाण्डेय, सहायक अभियंता विनय कुमार, कनीय अभियंता रामनरेश यादव एवं मो. अमीर सकील भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पूर्व मुखिया भिखारी लाल सिंह ने अधिकारियों को बताया कि तटबंध पर बनी सड़क की वर्तमान चौड़ाई मात्र 3.75 मीटर है, जिससे बड़े वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने फुहिया पुल के दक्षिणी छोर से फूलतोड़ा पुल तक दोनों तटबंधों का चौड़ीकरण एवं पक्कीकरण जल्द कराने की मांग रखी।उन्होंने कहा कि यह मार्ग बिथान, हसनपुर, सिंघिया, शिवाजीनगर समेत आसपास के कई प्रखंडों के हजारों लोगों के आवागमन का प्रमुख रास्ता है।

## सड़क झील में तब्दील, राहगीरों की जान सांसत में

**हसनपुर (एनएसबी)।** इन दिनों हो रही बारिश से एक तरफ चहुं ओर हरियाली छाई है। लेकिन दूसरे तरफ अनचाही झील बन चुकी ग्रामीण से मुख्य सड़क तक कि बदतर स्थिति से लोगों की जान सांसत में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि, ग्रामीण से लेकर मुख्य सड़कों के निर्माण में प्रति वर्ष करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। इसके बावजूद सड़कों की स्थिति यथावत है। प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है कि, सरकारी पैसे का खुल कर दुरुपयोग हो रहा है। लोग बताते हैं कि, प्रतिवर्ष सड़क बनती है लेकिन बारिश के बाद सड़क पर जलजमाव, कीचड़, और फिसलन से लोग परेशान हो जाते हैं। आम आदमी को अपने रोजमर्रा के कार्य को लेकर आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। आए दिन छोटीझ्छोटी घटनाएं होती रहती है। लोग घर से सड़क पर पहुंचते हैं, मगर मन में सुरक्षित यात्रा को लेकर चिंता और डर समाया रहता है। बुद्धिजीवी बताते हैं कि, इस केलिए सिर्फ प्रशासन या सरकार को पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, सड़क किनारे बसे लोगों की भी गलती है। सड़क बनने के बाद अपने घर की अहाते को ऊंचा कर लिया जाता है व पानी निकासी की व्यवस्था भी नहीं की जाती है। जानकारों का कहना था कि सड़क के बगल या सड़क के नीचे मजबूत नाला का निर्माण करा कर ही इस समस्या से निजात पाई जा सकती है। बता दे कि हालिया दिनों में वर्षा के बाद जलजमाव के कारण गिरने से कई लोग जख्मी हो गए हैं। लोगों को सड़क पर निकलने के नाम से डर रहता है। थोड़ी सी चूक होने पर सड़क पर गिरकर जख्मी होना तय है। वहीं लगातार बारिश के बावजूद विद्युत आपूर्ति बहाल रहने से लोग विभाग की सराहना कर रहे हैं।


दुर्घटनाग्रस्त ई रिक्शा और बचाव कार्य में जुटे लोग।

## मजदूरों की जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, बाह्य विशेषज्ञ से जांच करा कर रिपोर्ट सार्वजनिक करे विवि प्रशासन अन्यथा होगा आंदोलन : अमित कुमार

**एसिड कांड के जांच रिपोर्ट में लीपापोती का लगाया आरोप**

**पूसा (एनएसबी)।** विश्वविद्यालय के मजदूरों की जान के साथ खिलवाड़ भाकपा माले बर्दाश्त नहीं करेगी। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा परिसर में हुए चर्चित एसिड कांड की जांच रिपोर्ट में लीपापोती किए जाने पर भाकपा-माले पूसा प्रखंड सचिव अमित कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर गहरी चिंता जताते हुए उक्त बातें कही है। विज्ञप्ति में उन्होंने कहा है कि, विश्वविद्यालय परिसर में 24 नवंबर 2025 को एसिड भरी बोतल फटने से चार कर्मी गंभीर रूप से झुलस गए थे। यह घटना पैथोलॉजी लैब के निकट हुई थी। घटना के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जांच टीम गठित की गई थी। लेकिन करीब छह महीने से२ अधिक समय बीत जाने के बावजूद जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई। माले नेता ने आरोप लगाया है कि, विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच के नाम पर खानापूर्ति कर दी है और किसी को भी इतने बड़े घटना के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है। क्योंकि, जांच की पूरी प्रक्रिया, मांग किए जाने के बाद भी, सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है। माले सचिव ने कहा कि विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के मुताबिक घटना को लेकर कई गंभीर सवाल उठे थे। घटना के तत्काल बाद घटनास्थल की परिस्थितियों में बदलाव, खून के निशान और विस्फोटित बोतल के अवशेषों को हटा कर साक्ष्य मिटाने का सफल प्रयास किया गया था। इसके बावजूद उक्त घटना से उत्पन्न कई सवाल आज भी अनुत्तरित हैं। यथा, एसिड की बोतल वहां कैसे पहुंची? किसके निर्देश पर उसे कूड़ेदान में फेंका गया? खतरनाक रसायनों के रख-रखाव में हुई लापरवाही के लिए जिम्मेदार कौन? इन प्रश्नों के जवाब जांच रिपोर्ट से मिलने की उम्मीद थी। माले नेता ने कहा कि, यदि जांच निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से हुई है तो फिर उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक करने में विश्वविद्यालय प्रशासन को आखिर किस बात का डर सता रहा है? उन्होंने कहा कि, इस घटना में जो घायल हुए थे वे सभी दिहाड़ी मजदूर थे। यदि विश्वविद्यालय प्रशासन मजदूरों के हितों के प्रति गंभीर होती तो, घटना पर लीपापोती नहीं होने देती। माले नेता ने कहा कि, इतने गंभीर मामले की जांच पारदर्शी तरीके से बाह्य विशेषज्ञों से करा कर जांच रिपोर्ट सार्वजनिक किया जाना चाहिए। ऐसा करने में विवि प्रशासन की आनाकानी संदेह को और गहरा कर रही है। इससे यह आशंका बलवती हो रही है कि मामले में जिम्मेदार लोगों को बचाने तथा पूरे प्रकरण पर पर्दा डालने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि, भाकपा-माले एसिड कांड की जांच बाह्य विशेषज्ञ से कराने, जांच की सम्पूर्ण प्रक्रिया और जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने तथा इस घटना के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग करती है। माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने कहा है कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो भाकपा-माले चरणबद्ध आंदोलन करेगा। अमित कुमार ने कहा कि भाकपा माले विश्वविद्यालय के मजदूरों के हित में पहले भी आंदोलन करता रहा है और इस घटना में कई मजदूर बुरी तरह घायल हो गए थे। लेकिन न तो इस मामले पर कोई एफआईआर किया गया और न ही किसी दोषी को चिन्हित कर उस पर कार्रवाई की गई। अमित कुमार ने कहा कि कुलपति इस मामले पर संज्ञान लेते हुए एक सप्ताह से अंदर बाह्य विशेषज्ञ से जांच कराये नहीं तो आंदोलन किया जाएगा।


विश्वविद्यालय का सिंहद्वार, इनसेट में माले नेता।

## संक्षिप्त खबरें

### झंझारपुर में जल जमाव से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

**मधुबनी(एनएसबी)।** जिले के झंझारपुर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या-1 स्थित यतीम अंसारी चौक के अंसारी मोहल्ले में जलजमाव और टूटी सड़क से नाराज लोगों ने रविवार को अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया।स्थानीय लोगों



का कहना है कि लंबे समय से सड़क पर पानी जमा रहने के कारण करीब 200 घरों के लोग परेशान हैं। कई बार नगर परिषद के अध्यक्ष और कार्यपालक पदाधिकारी से शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ।

### 17 जुलाई को 30 दिवसीय प्रस्तुतिपरक नाट्य कार्यशाला का समापन

**मधुबनी (एनएसबी)।** 30 दिवसीय प्रस्तुतिपरक नाट्य कार्यशाला का समापन 17 जुलाई को होने जा रहा है। इस अवसर पर "मौन" और "राजा का न्याय" नाटक का मंचन राजनगर स्थित अरविंद पैलेस में किया जाएगा।उक्त जानकारी लोकहित रंगपीठ सेवा संस्थान मधुबनी के सचिव सह 30 दिवसीय प्रस्तुतिपरक हिन्दी नाट्यकार्यशाला के निदेशक प्रो महेन्द्र लाल कर्ण ने दी।उन्होंने कहा कि नाट्यकार्यशाला में शामिल प्रशिक्षित बच्चों द्वारा अरविंद कुमार गुप्ता के निर्देशन में



नाट्य प्रस्तुति की जाएगी वहीं किलकारी दरभंगा के बच्चों द्वारा रविभूषण मुकुल के निर्देशन में राजा का न्याय नाटक का प्रदर्शन होगा।विदित हो कि 16 जून से संचालित यह नाट्य कार्यशाला प्रयोगात्मक एवं संवाद के आधुनिक तरीके से संचालित की गई । कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को रंगमंच के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया गया जिनमें स्वर नियंत्रण, शारीरिक गतिविधि, तात्कालिक अभिनय, चरित्र विकास , मंच पर उपस्थित, टीमवर्क और रचनात्मक अभिव्यक्ति पर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के डॉ प्रकाश कुमार झा ,साहित्य अकादमी से पुरस्कृत ऋषि वशिष्ठ, सहायक प्राध्यापक नाटय प्रवीण कुमार झा, नाटक के सहायक प्राध्यापक प्रो महेन्द्र लाल कर्ण और वरिष्ठ रंगकर्मी अरविंद कुमार गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।आगामी 17 जुलाई को जिला खेल एवं कला संस्कृति पदाधिकारी नीतीश कुमार, कलुआही प्रखंड विकास पदाधिकारी अपूर्वा रानी, राजनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ ही_ने कार्यक्रम में शामिल होने की स्वीकृति प्रदान की है।

### बेनीपट्टी थाना अध्यक्ष ने जर्जर थाना भवन का प्रतिवेदन एसपी मधुबनी को भेजा

**बेनीपट्टी,(एनएसबी)।** सामाजिक सह आरटीआई कार्यकर्ता त्रिलोक नाथ झा द्वारा बिहार सरकार के सहयोग पोर्टल पर दर्ज शिकायत पर कार्रवाई शुरू हो गई है। शिकायत के आलोक में थाना अध्यक्ष, बेनीपट्टी ने एक विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर पुलिस अधीक्षक, मधुबनी को भेजते हुए बेनीपट्टी थाना भवन की जर्जर स्थिति, परिसर की अव्यवस्थाओं तथा आधारभूत सुविधाओं की कमी से अवगत कराया है। प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि बेनीपट्टी थाना भवन का निर्माण लगभग वर्ष 1906 में हुआ था और वर्तमान में यह भवन अत्यंत पुराना एवं जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। भवन की हालत ऐसी बताई गई है कि भविष्य में किसी भी समय गंभीर दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही थाना परिसर में गंदगी, जलजमाव, कूड़ा-कचरा, साफ-सफाई की कमी तथा झाड़-झंखाड़ की गंभीर समस्या का भी उल्लेख किया गया है।प्रतिवेदन में यह भी चिंता व्यक्त की गई है कि थाना परिसर एवं उसके आसपास उगे घने झाड़-झंखाड़ के कारण सांप, बिच्छू एवं अन्य विषैले जीव-जंतुओं का खतरा बना रहता है। इससे थाना में कार्यरत पुलिसकर्मियों, फरियादियों, महिलाओं, बच्चों एवं आम नागरिकों की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही थाना परिसर में उपलब्ध सरकारी भूमि का उपयोग कर आधुनिक थाना भवन, पुलिस आवासीय परिसर, बैरक, महिला सहायता कक्ष, शस्त्रागार, वाहन पार्किंग, सीसीटीवी, स्वच्छ पेयजल, जलनिकासी एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास की आवश्यकता भी बताई गई है। सामाजिक सह आरटीआई कार्यकर्ता त्रिलोक नाथ झा ने कहा कि बेनीपट्टी थाना उत्तर बिहार का एक महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील थाना है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि थाना भवन का शीघ्र संरचनात्मक सुरक्षा परीक्षण कराकर आधुनिक थाना भवन एवं पुलिस आवासीय परिसर के निर्माण की स्वीकृति दी जाए। साथ ही थाना परिसर की नियमित साफ-सफाई, जलनिकासी, झाड़-झंखाड़ की सफाई और विषैले जीव-जंतुओं से सुरक्षा की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अब इस मामले में आगे की कार्रवाई पुलिस अधीक्षक, मधुबनी एवं संबंधित विभागों के स्तर पर अपेक्षित है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि जनहित और पुलिसकर्मियों की सुरक्षा से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर शीघ्र ठोस निर्णय लिया जाएगा।

### अवैध हथियार रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार

**फुलपरास (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के पैंता गांव में चोरी के सामान की बरामदगी के लिए पहुंची पुलिस को छापेमारी के दौरान एक अन्य घर से दो देशी राइफल बरामद हुई। इस मामले में पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने बताया कि शनिवार को गुप्त सूचना मिली थी कि पैंता गांव निवासी सुरेंद्र सिंह के पुत्र बसंत कुमार सिंह दिल्ली से चांदी का सामान चोरी कर अपने घर के बगल स्थित मकान में छिपाकर रखा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल गांव पहुंचकर छापेमारी की।तलाशी के दौरान पुलिस ने एक चांदी की थाली,एक लोटा एवं एक पंचशाला कलश बरामद किया गया। हालांकि सूचना के अनुसार अन्य सामान नहीं मिलने पर पुलिस ने समीप स्थित अरुण सिंह के घर की भी तलाशी ली। इस दौरान घर से दो देशी राइफल बरामद होने पर पुलिस ने उन्हें जब्त कर लिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि बरामद हथियारों के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर अरुण सिंह के विरुद्ध अवैध हथियार रखने के आरोप में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने उन्हें मौके से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में झंझारपुर जेल भेज दिया है।पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है तथा बरामद चांदी के सामान और दिल्ली में हुई कथित चोरी के संबंध में भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# सक्रिय पुलिसिंग से बड़ी आपराधिक साजिश विफल, हत्या की सुपारी लेकर निकले तीन बदमाश गिरफ्तार

**मधुबनी,(एनएसबी)।** जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे सघन वाहन जांच अभियान के दौरान झंझारपुर पुलिस ने बड़ी आपराधिक साजिश का पदार्फाश करते हुए हत्या की सुपारी लेकर निकले तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से दो देशी कट्टा, 11 जिंदा कारतूस, एक लोहे का चाकू तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 13 जुलाई 2026 को झंझारपुर थाना पुलिस थाना चौक से सुखेत जाने वाली सड़क पर बेलारही कट के समीप वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक पुलिस को देखकर वापस मुड़कर भागने लगे। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर तीनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से दो देशी कट्टा, 11 जिंदा कारतूस, एक लोहे का चाकू तथा मोटरसाइकिल बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि चंदन कुमार नामक व्यक्ति ने उन्हें एक व्यक्ति की हत्या करने की सुपारी दी थी। इसके लिए कुछ राशि अग्रिम दी गई थी, जबकि हत्या के बाद डेढ़ लाख रुपये देने की बात तय हुई थी। हत्या किए जाने वाले व्यक्ति का फोटो मोबाइल पर भेजा जाना था, लेकिन वारदात को अंजाम देने से पहले ही पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।



जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। इस मामले में झंझारपुर थाना में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। साथ ही पूरे मामले में अन्य आरोपियों की संलिप्तता और साजिश के पहलुओं की जांच जारी है।

## पहली अच्छी बारिश के साथ ही नगर पंचायत फुलपरास की तैयारियों की पोल खुलने लगी

**फुलपरास (एनएसबी)।** मानसून की पहली अच्छी बारिश के साथ ही नगर पंचायत फुलपरास की तैयारियों की पोल खुलने लगी है। नगर पंचायत क्षेत्र के कई मोहल्लों और सड़कों पर जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है, जिससे लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। नालों की समुचित सफाई नहीं होने और जल निकासी की व्यवस्था कमजोर रहने के कारण बारिश का पानी घंटों तक जमा रहने से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। थाना परिसर,एसकेवाई हाई स्कूल परिस,फुलपरास घोघरडीहा सड़क सहित कई वार्डों में सड़कें तालाब का रूप ले चुकी हैं। घरों के आसपास पानी व कीचड़ जमा होने से लोगों में संक्रामक बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बरसात के मौसम में यही स्थिति उत्पन्न होती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की जाती।



जल जमाव

नगरवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराने, नालों की नियमित सफाई कराने तथा जलजमाव वाले क्षेत्रों में तत्काल आवश्यक कदम उठाने की मांग की है, ताकि बरसात के मौसम में लोगों को राहत मिल सके।

## नाबालिग से दुष्कर्म, प्राथमिकी दर्ज; आरोपी किशोर पुलिस हिरासत में

**बेनीपट्टी, (एनएसबी)।** बिस्फी थाना क्षेत्र के सिमरी पश्चिमी टोल में 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ कथित दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता के फर्दबयान के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बेनीपट्टी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) अमित कुमार ने मंगलवार को बताया कि सोमवार की शाम करीब 8 से 9 बजे के बीच गांव के ही 16 वर्षीय किशोर पर घटना को अंजाम देने का आरोप है। प्रारंभिक जांच एवं पूछताछ में प्रथम दृष्टया घटना सत्य प्रतीत हो रही है। डीएसपी ने बताया कि पीड़िता को महिला पुलिस पदाधिकारी की निगरानी में चिकित्सीय परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। वहीं, एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं तथा अंडरगारमेंट्स को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले में विधिसम्मत अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि वैज्ञानिक एवं चिकित्सीय जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



घटनास्थल की जांच करते डीएसपी अमित कुमार

## हरलाखी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी से स्पष्टीकरण, वेतन स्थगित करने का निदेश

**मधुबनी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी, आनंद शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रगति की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में 24 मार्च 2026 से 14 जुलाई 2026 तक संचालित विशेष टीबी स्क्रीनिंग अभियान की प्रखंडवार एवं दैनिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।समीक्षा के क्रम में पाया गया कि दिनांक-14.07.2026 को टीवी स्क्रीनिंग का दैनिक लक्ष्य 12250 था, जिसमे 12239 लगभग 99.9 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त हुआ है।


*जिलाधिकारी द्वारा वर्चुअल बैठक से अनुपस्थित रहने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हरलाखी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ शमीम से स्पष्टीकरण पूछने एवं वेतन स्थगित करने का निदेश दिया।जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार एवं बिहार सरकार के टीबी उन्मूलन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रत्येक अधिकारी को मिशन मोड में कार्य करना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि संभावित टीबी रोगियों की पहचान, स्क्रीनिंग एवं जांच कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाए।उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पात्र व्यक्तियों को समय पर जांच एवं उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा निक्षय पोर्टल पर सभी सूचनाओं की शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए।जिलाधिकारी ने अपेक्षाकृत कम प्रगति वाले प्रखंडों के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि वे विशेष कार्ययोजना बनाकर स्क्रीनिंग अभियान में तेजी लाएं तथा प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में आशा कार्यकर्ता, एएनएम, जीविका दीदी, आंगनबाड़ी सेविका एवं अन्य क्षेत्रीय कर्मियों के समन्वय से घर-घर स्क्रीनिंग अभियान संचालित किया जाए, ताकि कोई भी संभावित टीबी मरीज जांच एवं उपचार से वंचित न रहे।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने तथा अभियान की प्रतिदिन समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा जन-आंदोलन है, जिसमें सभी विभागों का सक्रिय सहयोग आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करते हुए अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी।बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं अन्य संबद्ध अधिकारी उपस्थित थे।

## राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री सहयोग शिविर कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार

**मधुबनी (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री, बिहार के प्रस्तावित राज्यस्तरीय मुख्यमंत्री सहयोग शिविर कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन, मधुबनी द्वारा सभी मामलों की गहन समीक्षा कर संबंधित विभागों से अद्यतन प्रतिवेदन प्राप्त किया गया है। जिला प्रशासन ने अधिकांश मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदकों की शिकायतों का निष्पादन कराया है तथा शेष मामलों में आवश्यक विभागीय कार्रवाई प्रगति पर है।ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित आनंद कुमार चौबे द्वारा आर.सी.डी. रामपट्टी-पंडौल रोड से कुसमौल संस्कृत विद्यालय तक लगभग 400 मीटर सड़क निर्माण की मांग की गई थी। इस पथ का सर्वे पूर्व में ही पूर्ण किया जा चुका है तथा विभागीय स्वीकृति के उपरांत निविदा प्रक्रिया पूरी कर शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। पंचायती राज विभाग से संबंधित विक्रम कुमार द्वारा राजनगर प्रखंड के करहिया पश्चिम पंचायत में स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की गई थी। विभाग द्वारा आवश्यकता को देखते हुए संबंधित क्षेत्र में विद्युत लाइट की व्यवस्था करा दी गई है।ऊर्जा विभाग से संबंधित अभिषेक, ग्राम बछौनी, पंचायत महिंद्रबाड़ा, द्वारा कृषि विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की शिकायत की गई थी। विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए आवेदक को कृषि विद्युत कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया है।ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित जयमाल देवी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का अनुरोध किया गया था। विभाग ने बताया है कि आवास प्लस 2.0 में उनका नाम जोड़ा जा चुका है तथा विभागीय दिशा-निर्देश के अनुसार पात्रता के आधार पर लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।जिला पदाधिकारी के साथ मुख्यमंत्री सहयोग कार्यक्रम में शामिल होने वाले मामलों में ऊर्जा विभाग से संबंधित विनोद कुमार (रामपट्टी, राजनगर) की शिकायत पर छह विद्युत पोल एवं लगभग 300 मीटर विद्युत तार लगाने का कार्य पूर्ण कर दिया गया है।लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग से संबंधित अरुणि चंद्रा द्वारा वार्ड संख्या-16, मंगरौनी में जलापूर्ति बहाल करने की मांग की गई थी। विभाग ने बताया है कि निविदा प्रकाशित की जा चुकी है तथा एकरारनामा की प्रक्रिया प्रगति पर है।अन्य चयनित मामलों में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित अहमदी खातून की सरकारी भूमि के अवैध हस्तांतरण संबंधी शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित संजय कुमार पोद्दार के प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि भुगतान संबंधी मामले में विभाग द्वारा 10 जुलाई 2026 को राशि अंतरण की कार्रवाई पूर्ण कर दी गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित यदुवर कामत के अतिक्रमण हटाने संबंधी मामले में अतिक्रमण वाद दायर किया जा चुका है। जलजमाव समाप्त होने के उपरांत स्थल की मापी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करते हुए मुख्यमंत्री सहयोग कार्यक्रम के दौरान आवेदकों को संतोषजनक एवं तथ्यपरक जानकारी उपलब्ध कराई जाए।



जिलाधिकारी आनंद शर्मा

## जनसहयोग अभियान बनता जा रहा जनभागीदारी का सशक्त उदाहरण

### छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतिमा स्थापना की तैयारी तेज

**शिवाजीनगर (एनएसबी)।** स्थानीय बाजार में छत्रपति शिवाजी महाराज के आदमकद प्रतिमा की स्थापना के लिए चलाया जा रहा जनसहयोग अभियान अब जनभागीदारी का सशक्त उदाहरण बनता जा रहा है। क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों और गांवों से लोग स्वेच्छा से आगे आकर आर्थिक सहयोग दे रहे हैं। अभियान को मिल रहे लगातार समर्थन से प्रतिमा स्थापना संघ के सदस्यों में उत्साह का माहौल है। समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता से यह पहल अब केवल प्रतिमा स्थापना तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि सामाजिक एकता, राष्ट्रभक्ति और ऐतिहासिक चेतना से जुड़े जनआंदोलन का स्वरूप लेती दिखाई दे रही है। इसी क्रम में रानीपरती पंचायत के बंडीहा गांव निवासी बीस सूत्री अध्यक्ष संतोष कुमार बबली ने प्रतिमा स्थापना के लिए 55 हजार रुपये की सहयोग प्रदान कर अभियान को नई ऊर्जा दी। उनके इस योगदान की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है। वहीं कटघारा गांव निवासी सत्यम कुमार उर्फ छोटू ने 51 हजार रुपये, पूरा गांव निवासी संतोष कमल ने 11 हजार रुपये, महदेवा गांव निवासी कैलाश सिंह ने 5 हजार 100 रुपये तथा बंडीहा गांव निवासी रणवीर सिंह ने 2 हजार 500 रुपये की सहयोग राशि देकर इस सामाजिक अभियान में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। प्रतिमा स्थापना संघ के पदाधिकारियों ने सभी सहयोग कताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आर्थिक सहयोग समाज में राष्ट्र नायकों के सम्मान और नई पीढ़ी को प्रेरणा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से गांव गांव जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत लोगों से प्रत्यक्ष संपर्क कर उन्हें छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, संघर्ष, राष्ट्रप्रेम, संगठन क्षमता और स्वाभिमान के संदेश से अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रो. नंद कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, चंदन कुमार सहित संघ के अन्य सदस्य लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को इस अभियान से जोड़ रहे हैं। लोगों का उत्साह इस बात का प्रमाण है कि समाज अपने गौरवशाली इतिहास और महान विभूतियों के सम्मान के प्रति पूरी तरह जागरूक है।

# बागमती के जलस्तर में वृद्धि से तबाही, कटरा में पीपा पुल डूबा

## पीपा पुल के संपर्क पथ पर दोनों ओर 5 फीट तक पानी, आवागमन ठप, कटरा की 14 पंचायतों का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूटा

**नवसंदेश ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** नेपाल के तराई क्षेत्रों में लगातार हो रही भारी बारिश का असर अब मुजफ्फरपुर जिले की बागमती नदी में साफ दिखाई देने लगा है। बागमती नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि के कारण कटरा प्रखंड स्थित पीपा पुल के दोनों ओर करीब पांच फीट तक बाढ़ का पानी चढ़ जाने से पुल से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, बाढ़ का पानी तेजी से फैलने के कारण कटरा प्रखंड के लगभग 50 गांवों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से टूट गया है। ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कटरा बागनती नदी के जलस्तर में लगभग छः फीट पानी बढने से प्रखंड के उत्तरी हिस्से के चौदह पंचायत के लगभग 50 गांव का प्रखंड मुख्यालय से सड़क संपर्क भंग हो गया है। कटरा पीपा पुल के दोनों ओर सड़क पर लगभग चार फीट बाढ के पानी का बहाव तेज हो गया है, जिससे प्रखंड के बसघट्टा, लखनपुर, पहसौल, खंगुराडीह, नगबारा, चंगेल, कटाई, यजुआर मध्य, यजुआर पूर्वी, यजुआर पश्चिम, बेलपकौना, बंधपुरा बर्री, तेहबारा सहित अन्य पंचायत के लोगों को प्रखंड मुख्यालय तक आने के लिए दो से दस किलोमीटर की जगह लगभग पच्चास किलोमीटर तक की दूरी तय कर प्रखंड मुख्यालय तक आना पड़ेगा। औराई प्रखंड के लोगों को भू निबंध कार्यालय तक पहूंचने के लिए लगभग पंद्रह किलोमीटर की जगह 70 किलोमीटर दूरी तय कर निबंध कार्यालय तक आना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक उत्पन्न हुई बाढ जैसी स्थिति के कारण बकुची, बसघट्टा, पतारी, अंदामा, गंगेया, नवादा, भवानीपुर के लगभग 300 एकड़ में लगे हरी सब्जी की खेती बर्बाद हो गई है। बकुची के लोगों ने बताया कि लगभग लाखों रुपए की सब्जी की फसल बर्बाद हो गई है। कटरा की अंचलाधिकारी सुशीला कुमारी ने कहा कि बाढ से निपटने की तैयारी पुरी कर ली गई है। प्रशासन किसी भी परिस्थिति से निबटने को तैयार है। साथ ही वर्तमान स्थिति से जिला प्रशासन को अवगत करा दिया गया है।


कटरा पीपा पुल पर चढ़ा बागमती नदी का पानी और कई सडके जलमग्न।

## औराई में बागमती खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर लेकिन फिलहाल स्थिति पूरी तरह सामान्य व नियंत्रण में

**औराई(एनएसबी)।** नेपाल एवं उसके जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण बागमती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। मंगलवार सुबह 8 बजे की रिपोर्ट के अनुसार कटौझा गेज स्टेशन पर बागमती नदी खतरे के निशान से करीब एक मीटर ऊपर बह रही थी और जलस्तर में वृद्धि लगातार जारी है।

हालांकि औराई प्रखंड में फिलहाल स्थिति पूरी तरह सामान्य एवं नियंत्रण में है। बागमती तटबंध के अंदर कहीं भी पानी का फैलाव नहीं हुआ है और नदी की सभी उपधाराओं में पानी सिमटा हुआ है। अभी तक किसी गांव के प्रभावित होने की सूचना नहीं है। वहीं कटरा प्रखंड में पीपा पुल के अप्रोच पथ पर पानी चढ़ गया है। स्थिति को देखते हुए एहतियात के तौर पर बागमती नदी के अंदर बसे परिवार सुरक्षित स्थानों पर जाने की तैयारी कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नेपाल में लगातार बारिश जारी रही और जलस्तर में और वृद्धि हुई तो नदी के अंदर बसे लोगों की परेशानी बढ़ सकती है। हालांकि औराई क्षेत्र में सामान्यतः तब घरों में पानी प्रवेश करता है, जब बागमती का जलस्तर खतरे के निशान से लगभग दो मीटर ऊपर पहुंच जाता है। फिलहाल औराई में बाढ़ जैसी स्थिति नहीं है और जनजीवन सामान्य बना हुआ है। मंगलवार



की सुबह अंचलाधिकारी धीरज कुमार एवं बागमती प्रमंडल के पदाधिकारी द्वारा बांध एवं कटौझा पुल स्थित बागमती नदी गेज का निरीक्षण किया गया। अंचलाधिकारी धीरज कुमार ने बताया कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। संभावित प्रभावित पंचायतों में सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर लोगों को सुरक्षित एवं ऊंचे स्थानों पर तत्काल शिफ्ट किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सरैया में कांग्रेस का विरोध मार्च, पेपर लीक और अव्यवस्था को लेकर राजग सरकार पर निशाना

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के सरैया प्रखंड में मंगलवार को कांग्रेस पश्चिम के बैनर तले एनडीए सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध मार्च निकाला गया। विरोध मार्च सरैया प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष नीरज कुमार के नेतृत्व में पेपर-लीक एवं चंदा-चोरी के खिलाफ निकाला गया। इसको लेकर एसडीपीओ कार्यालय से जैतपुर मोड़ तक विरोध मार्च निकाला गया एवं पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पश्चिम के जिला अध्यक्ष कृपा शंकर शाही ने कहा कि देश में पेपर लीक की घटनाएं अब आम हो चुकी हैं, जिससे छात्रों का भविष्य अंधकार में जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र वर्षों तक कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन कुछ ही मिनटों में पेपर लीक होने से उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है और सरकार इस पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। उन्होंने अयोध्या का जिक्र करते हुए कहा कि जहां एक ओर लोग भगवान के दर्शन के लिए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वहां वाहन चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यह कानून-व्यवस्था की गंभीर विफलता को दशार्ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में हर स्तर पर अव्यवस्था फैली हुई है, लेकिन सरकार इन मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय केवल दिखावटी राजनीति में व्यस्त है। इन्हीं सभी मुद्दों के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।कार्यकताओं ने मांग की कि पेपर लीक जैसे मामलों पर सख्त कार्रवाई हो और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। प्रदर्शन के अंत में कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही इन मुद्दों पर ठोस कदम नहीं उठाए, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर सुरेश शर्मा नीरज, आलोक शर्मा, वरिष्ठ नेता रामकिशोर सिंह, जय नंदन झा, प्रखंड अध्यक्ष नीरज कुमार, विष्णुकांत मिश्रा, सुनील गुप्ता, पूर्व प्रमुख उमर अंसारी, सुरेंद्र सिंह, पारू प्रखंड अध्यक्ष सिद्धार्थ कुमार शर्मा, सुनील सहनी, मोहम्मद इलियास समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सरैया में विरोध मार्च निकलते कांग्रेस के लोग।

### मोतीपुर प्रखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने नव पदस्थापित बीईओ का किया स्वागत व अभिनंदन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** प्रखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ मोतीपुर के अध्यक्ष अशोक कुमार राय की अध्यक्षता में संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को मोतीपुर प्रखण्ड में नव पदस्थापित प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार का अंगवस्त्र व बुके भेंटकर एवं माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मौके पर प्रखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ मोतीपुर के अंचल मंत्री पवन कुमार प्रतापी ने कहा कि मोतीपुर प्रखण्ड में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी के रूप में मनोज कुमार का कार्यकाल शिक्षा एवं शिक्षकों के हित में वेहतर होने की उम्मीद जताई और प्राथमिक शिक्षक संघ मोतीपुर इकाई की ओर से मोतीपुर के बीईओ के प्रति शुभकामना व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ मोतीपुर के उपाध्यक्ष सुभाष कुमार, राज्य प्रतिनिधि सुरेश कुमार निराला, भुवन रंजन आर्य, उप सचिव इन्द्र भूषण, शैलेन्द्र कुमार सिंह, विनोद कुमार, संजय कुमार सिंह, कविन्द्र सहनी, विशाल कुमार, तबरेज अहमद, संजय सिंह आदि उपस्थित थे।



### पार्टी नेतृत्व द्वारा निर्धारित आगामी कार्यकमों को सफल करने को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ने की बैठक

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** भाजपा पूर्वी मुजफ्फरपुर जिला कार्यालय में मंगलवार को जिलाध्यक्ष पूर्वी विवेक कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।जिसमें पिछले कार्यक्रम की समीक्षा की गई तथा पार्टी नेतृत्व द्वारा निर्धारित आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस दौरान अगले 'मन की बात' कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाने का संकल्प लिया गया। वहीं विधानसभा वार मंडलों में डिजिटल लर्निंग के लक्ष्य प्रति मंडल 100 से अधिक प्राप्त करने पर सहमति बनी। जिलाध्यक्ष ने सभी मोर्चा अध्यक्षों को जिले में प्रवास कर अपने मंडलों में कम से कम 50 की संख्या अनिवार्य रूप से पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संगठन के सभी कार्यक्रमों को प्रदेश के निदेर्शानुसार संचालित करना और डिजिटल लर्निंग में जिले को अव्वल बनाना प्राथमिकता है। बैठक में उपाध्यक्ष अशोक झा, सुरेश कुमार, अरविंद कुमार, फेकु राम, जिला महामंत्री मनोज तिवारी, रविशंकर कुशवाहा, मंत्री पारितोष सिंह, बिकाऊ यादव, रितु आनंद, लालबाबू सहनी, कोषाध्यक्ष संजय चूड़ीवाल, सह-कोषाध्यक्ष डॉ साकेत शुभम् ठाकुर, कार्यालय मंत्री दिलीप कुमार, मोर्चा अध्यक्ष दीवाकर शर्मा, ओंकार पासवान, डॉ मोनालिसा राय, विधानसभा संयोजक आशीष पिन्टु, अंकज कुमार, सतीश कुमार, अशोक कुमार सिंह, सूरज मुखिया व बाबी कुमारी आदि उपस्थित थे।





# श्रावणी मेले में श्रद्धालुओं को मिलेगी हर आवश्यक सुविधा : डीएम

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** श्रावणी मेला 2026 के सफल, सुरक्षित एवं सुचारु आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी श्री कुमार गौरव ने समाहरणालय सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक कर मेले की तैयारियों का जायजा लिया तथा सभी विभागों को समयबद्ध ढंग से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने मेले के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना, चिकित्सा शिविर, ट्रैफिक व्यवस्था, विधि-व्यवस्था, पेयजल, बिजली एवं साफ-सफाई जैसी व्यवस्थाओं को समय से पहले सुनिश्चित करने का निर्देश सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिया तथा कार्य प्रगति प्रतिवेदन प्रतिदिन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने फकुली मोड़ से बाबा गरीब नाथ मंदिर तक श्रद्धालुओं के आने-जाने वाले पूरे मार्ग को सुविधाजनक बनाने के साथ मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वच्छ पेयजल, अस्थायी शौचालय, विश्राम स्थल तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने, विद्युत आपूर्ति निर्बाध रखने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने तथा साफ-सफाई एवं नियमित कचरा निष्पादन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि श्रावणी मेला के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभाग अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए समन्वित रूप से कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए श्रावणी मेला 2026 का सफल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करना है। उधर, मंगलवार को जिलाधिकारी कुमार गौरव एवं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने अन्य अधिकारीयों की टीम के साथ श्रावणी मेला उद्घाटन स्थल डी एन हाइस्कूल परिसर तथा आसपास के अन्य ठहराव स्थल के साथ साथ मंदिर के आसपास की स्थिति का निरिक्षण किया। साथ ही उन्होंने मेला के दौरान संभावित श्रद्धांलुओं की भीड़, आवागमन तथा मंदिर के आसपास वाहनो के प्रवेश या पार्किंग को लेकर संबंधित अधिकारियो को आवश्यक निर्देश दिया।


श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर अधिकारियो के साथ बैठक करते जिलाधिकारी कुमार गौरव।


श्रावणी मेला उद्घाटनस्थल डी एन हाइस्कूल परिसर और आसपास के जगह का निरीक्षण करते डीएम व एसएसपी।

**बाबा गरीब नाथ मंदिर श्रावणी मेला 2026 की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन**

# बेनीबाद के मिश्रौली में बढ़ते नदी के जलस्तर का सीओ ने किया निरीक्षण

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बागमती नदी के बढ़ते जलस्तर और संभावित बाढ़ की आशंका को देखते हुए गायघाट के अंचल अधिकारी पुष्प राज ने मंगलवार को बेनीबाद थाना क्षेत्र के केवटसा पंचायत अंतर्गत मिश्रौली गांव का निरीक्षण किया। पंचायत समिति प्रतिनिधि महेश्वर कुमार राय की सूचना पर पहुंचे सीओ ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों, तटबंधों और संवेदनशील स्थानों का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीओ ने स्थानीय प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग की टीम के साथ तटबंधों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संभावित रिसाव और कटाव वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा समय रहते मरम्मत एवं सुरक्षा कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। सीओ पुष्प राज ने बागमती नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सुरक्षित नावों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, जरूरत पड़ने पर गोताखोरों की तैनाती करने तथा राहत एवं बचाव दल को पूरी तरह सतर्क रखने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान पंचायत समिति प्रतिनिधि महेश्वर कुमार राय ने क्षेत्र की मौजूदा स्थिति, जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि और संभावित खतरे से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों में समय रहते आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य में परेशानी न हो। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से तटबंधों की लगातार निगरानी, राहत सामग्री की उपलब्धता और आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।


गायघाट के मिश्रौली में तटबंध व कटाव का निरिक्षण करते सीओ।

# शोध सुधारों से बीआरए बिहार विवि के साइटेशन सूचकांक में आया उछाल, आंकड़ा 2000 के पार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और शोध ढांचे में किए गए नीतिगत बदलावों के सकारात्मक परिणाम लगातार सामने आ रहे हैं। आधिकारिक स्कोपस डेटाबेस के हालिया आंकड़ों के अनुसार विश्वविद्यालय के शोध पत्रों के साइटेशन (वैश्विक शोध संदर्भों की संख्या) में साल-दर-साल उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2023 में विवि का कुल साइटेशन जहां लगभग 900 था, वहीं वर्ष 2024 में यह तेजी से बढ़कर 1,600 के पार पहुंच गया, और वर्ष 2025 के नवीनतम अपडेटेड डेटा में यह सूचकांक रिकॉर्ड 2,000 के पार दर्ज किया गया है। इस अवधि के दौरान विश्वविद्यालय के शोध प्रकाशनों व दस्तावेजों की वार्षिक संख्या भी वर्ष 2023 में 65, वर्ष 2024 में 73 और वर्ष 2025 में बढ़कर 81 हो गई है।

विश्वविद्यालय की इस अकादमिक प्रगति पर हर्ष व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो डॉ दिनेशचंद्र राय ने कहा कि वैश्विक मानकों पर शोध सूचकांक में दर्ज की गई यह उत्तरोत्तर वृद्धि विश्वविद्यालय द्वारा अनुसंधान के क्षेत्र में किए गए नीतिगत और निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विवि का प्राथमिक ध्येय शोध पत्रों की केवल संख्यात्मक वृद्धि करना नहीं है, बल्कि उनकी गुणात्मक प्रामाणिकता, अकादमिक शुचिता और वैश्विक स्तर पर उनकी स्वीकार्यता सुनिश्चित करना है। कुलपति प्रो राय ने कहा कि हमारा प्रयास विश्वविद्यालय को केवल ज्ञान प्राप्त करने का केंद्र बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे नए ज्ञान के सृजन का वैश्विक मंच बनाना है। क्योंकि ज्ञान तभी सार्थक है जब वह प्रयोगशालाओं से निकलकर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन को सुगम बनाए। इसी दूरदर्शी सोच के साथ, आगामी समय में विश्वविद्यालय का मुख्य विजन पेटेंट, बौद्धिक संपदा अधिकारों, मौलिक नवाचारों और परिसर में एक जीवंत स्टार्टअप संस्कृति को गति प्रदान करने पर केंद्रित रहेगा। आईक्यूएसी निदेशक प्रो नवेदुल हक ने कहा कि शोध मानकों में कड़ाई और नीतिगत सुधारों से विवि को आगामी नैक और एनआईआरएफ रैंकिंग में काफी मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि कुलपति द्वारा स्वयं नियमित रूप से उच्च-स्तरीय शोध पत्र प्रकाशित करने और युवा शोधकताओं का मार्गदर्शन करने से परिसर में शोध के प्रति सकारात्मक माहौल बना है। बिहार विवि की इस अकादमिक उपलब्धि पर शैक्षणिक समुदाय और एलुमनी एसोसिएशन ने कुलपति डॉ राय को बधाई दी।


शोध पत्रों के साइटेशन में बिहार विवि की उपलब्धियों पर चर्चा करते कुलपति प्रो डॉ दिनेश चंद्र राय।

# लोक जीवन और जन संवेदना के कवि थे राकेश : संजय पंकज

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** आमगोला स्थित शुभानंदी के सभागार में महाकवि राकेश स्मृति समिति और नवसंचेतन के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर छायावाद के अग्रणी कवि राम इकबाल सिंह राकेश की जयंती के अवसर पर स्मृति पर्व का आयोजन किया गया। विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ संजय पंकज ने कहा कि अपने यौवन काल में कवि राकेश उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश में रहते हुए साहित्य लेखन के साथ ही कई पत्रिकाओं का संपादन किया।

इनकी रचनाओं में जीवन के व्यापक संदर्भ मिलते हैं, जिसमें भारतीय संस्कृति, चिंतन, जन संवेदना और लोक आस्था के मूल्यवान तत्व समाहित हैं। इनकी कविताएं शौर्य, पराक्रम, ओज, विद्रोह और स्वाभिमान के प्रखर स्वर के बीच अंतश्चेतना की उड़ान तथा जीवन सत्य का भी निदर्शन है। डॉ पंकज ने व्यक्तित्व-कृतित्व पर बोलते हुए कहा कि लोक जीवन और जनचेतना के बड़े कवि थे राकेश। इनकी कविताओं में गांव की प्रकृति और उसका वैभव अपने स्वाभाविक रूप तथा व्यापक सौंदर्य में प्रकट हुआ है। गद्य साहित्य में भी इनका अमूल्य योगदान है। लोक संस्कृति और उसका साहित्य इनका प्रिय विषय रहा। भाषा और शिल्प के स्तर पर सुसंस्कृत और अभिव्यक्ति के स्तर पर प्रगतिशील कविवर राकेश ने महाकाव्यात्मक औदात्य से भरी कई लंबी रचनाओं का सृजन किया। मैथिली लोकगीत उनके विशिष्ट संग्रह हैं। गांव की मिट्टी, उसकी प्रकृति और सामाजिकता इनकी रचनाधर्मिता में सहज ही देखने योग्य हैं। चट्टान, गांडीव, मेघ दुंदुभी, गंध ज्वार, पद्मरागा जैसे काव्य संग्रह इनकी काव्य वास्तु और शिल्प विशेषता को उजागर करते हैं। अध्यक्षीय उद्गार में डॉ ब्रजभूषण मिश्र ने कहा कि राकेश जी कृषि संस्कार के समृद्ध रचनाकार हैं। उनकी कविताओं में किसान के जीवन संघर्ष और उसके जीवन को दशार्ने के साथ ही कृषि कार्य की सघनता को भी प्रमुखता से स्थान दिया गया है। डॉ विजय शंकर मिश्र ने कहा कि राकेश जी की कविताओं में जीवन, समाज, प्रकृति और समय के विविध रंग दिखते हैं। उनकी कृतियों में कविता का सार्वदेशिक और सार्वकालिक सौंदर्य पाठक को चमत्कृत और प्रभावित करता है। जैसे लमही की माटी ने प्रेमचंद दिया उसी तरह भदई की सोंधी सोंधी माटी ने राम इकबाल सिंह राकेश दिया। जिनकी रचनाएं युग युगांतर तक अपनी पहचान और गुणवत्ता से प्रभावित करती रहेंगी। राकेश जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उनके जामाता ब्रजभूषण शर्मा ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि राकेश जी ने मेरी ही गोद में अंतिम सांस ली थी और उन्होंने साहित्य को बचाने के लिए नई पीढ़ी से निरंतर संवाद करने के लिए प्रेरित किया था। उनके कारण मैंने उस समय के अनेक बड़े-बड़े साहित्यकारों के दर्शन किए और उनका स्नेह मुझे मिला। वयोश्रेष्ठ समाज सेवी एच एल गुप्ता ने कहा कि राकेश जी को देखने का मुझे सौभाग्य मिला था। वे सीधे-साधे मगर निर्भीक और दो टूक बोलने वाले थे। साहित्य और लोक के प्रति उनकी गहरी निष्ठा थी। महाकवि राकेश पर पीएचडी शोध करने वाले डॉ केशव किशोर कनक ने कहा कि राकेश जी की कविताओं में जो जीवन मूल्य हैं उसे देखते हुए हम उन्हें मानवतावादी दृष्टिकोण के बड़े कवि के रूप में मानते हैं। उनके व्यक्तित्व में जो अक्खड़पन है वह उन्हें कबीर की चेतना के पास ले जाता है। उनकी वैचारिकता तुलसी के लोकमंगल भाव से संपोषित हैं।


स्मृति पर्व समारोह को संबोधित करते डॉ संजय पंकज।

**आमगोला के शुभानंदी में महाकवि राकेश की जयंती पर स्मृति पर्व का आयोजन**

# जिले के 9 प्रखंडों में खुलेंगे उच्च शिक्षा के नए द्वार

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज करेंगे नवस्थापित राजकीय महाविद्यालयों का वर्चुअल शुभारंभ, स्नातक की पढ़ाई शुरू होगी

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी सात निश्चय-3 (2025-30) के अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है। इसके तहत सीतामढ़ी जिले के नौ प्रखंडों में नवस्थापित राजकीय महाविद्यालयों का शुभारंभ किया जाएगा। इन महाविद्यालयों के शुरू होने से अब ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अपने ही प्रखंड में स्नातक (डिग्री) स्तर की पढ़ाई का अवसर मिलेगा।

इसी क्रम में मंगलवार को समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर 15 जुलाई को होने वाले वर्चुअल उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार सहित शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे, जबकि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

जिले के बाजपट्टी, बोखरा, चोरौत, मेजरगंज, नानपुर, परसौनी, रुन्नीसैदपुर, सोनबरसा एवं सुप्पी प्रखंडों में स्थापित इन राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक स्तर की पढ़ाई संचालित की जाएगी। इसके लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं शैक्षणिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बैठक में बताया गया कि बुधवार 15 जुलाई 2026 को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान ऑनलाइन इन सभी नवस्थापित राजकीय



डिग्री कॉलेजों के राज्यस्तरीय उद्घाटन के जिलास्तर पर की गई तैयारी की समीक्षा बैठक करते सीतामढ़ी के जिलाधिकारी।

महाविद्यालयों का एक साथ शुभारंभ करेंगे। बैठक में जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने कहा कि इन महाविद्यालयों के संचालन से जिले के हजारों विद्यार्थियों, विशेषकर ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्र-छात्राओं को सीधा लाभ मिलेगा। अब उन्हें स्नातक शिक्षा के लिए दूर-दराज के शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी, वहीं छात्राएं भी अपने घर के निकट सुरक्षित वातावरण में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी।

उन्होंने कहा कि यह पहल केवल नए महाविद्यालयों की स्थापना भर नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इससे शिक्षा का दायरा प्रखंड स्तर से आगे गांवों तक मजबूत होगा तथा स्थानीय युवाओं को बेहतर भविष्य गढ़ने का अवसर मिलेगा। बिहार सरकार की यह पहल उच्च शिक्षा को अधिक सुलभ, समावेशी एवं जनोन्मुख बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। इससे सीतामढ़ी जिले में उच्च शिक्षा का नया अध्याय शुरू होगा और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा एवं रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) प्रियदर्शी सौरभ, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुजीत कुमार दास, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नीलम राज सहित सभी बीडीओ एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

### योग गुरू रामदेव के खिलाफ कोर्ट में शिकायत, भावना आहत करने का आरोप

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर व्यवहार न्यायालय में योग गुरु बाबा रामदेव के एक बयान को लेकर परिवाद दायर किया गया है। शिकायतकर्ता ने धार्मिक भावना आहत होने का आरोप लगाते हुए अदालत से बीएनएस की धाराओं के तहत कार्रवाई की मांग की है। हक-ए-हिन्दुस्तान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तमन्ना हाशमी द्वारा दायर परिवाद में कहा गया है कि 13 जुलाई 2026 की रात बाबा रामदेव का एक बयान टीवी पर प्रसारित हुआ, जिसमें उन्होंने कहा है कि मुसलमानों का मूल भी हिंदुओं से है और सबका बाप एक है। परिवादी तम्मना हाशमी का आरोप है कि इस बयान से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और समाज में धार्मिक उन्माद फैलने की आशंका है। परिवाद में बाबा रामदेव उर्फ रामकृष्ण यादव को आरोपित बनाया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### राजापाकर, हाजीपुर और दिग्घी डायट में अभिषेक झा का जनसंपर्क, विकास के नाम पर मांगा समर्थन

**सीतामढ़ी/वैशाली(एनएसबी)।** तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव प्रचार ने अब रफ्तार पकड़ ली है। इसी क्रम में एनडीए प्रत्याशी अभिषेक झा ने मंगलवार को वैशाली जिले के राजापाकर प्रखंड, हाजीपुर नगर परिषद के वार्ड संख्या 17 एवं 18 तथा दिग्घी डायट में मतदाता मिलन एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं और शिक्षकों से समर्थन मांगा। राजापाकर प्रखंड के केसीआई विद्यालय में आयोजित मतदाता मिलन समारोह में राजापाकर विधानसभा के विधायक महेंद्र राम, जदयू के वैशाली जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र सिंह, एनडीए के विभिन्न घटक दलों के प्रखंड अध्यक्ष, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में मतदाता मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए एनडीए प्रत्याशी अभिषेक झा ने कहा कि एनडीए सरकार के कार्यकाल में बिहार में सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिलने पर वे स्नातकों, शिक्षकों और आम लोगों के हितों की आवाज को मजबूती से सदन में उठाएंगे तथा क्षेत्र के विकास के


जन संपर्क अभियान के दौरान हाजीपुर में शिक्षकों के साथ एक कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।


लिए निरंतर कार्य करेंगे। विधायक महेंद्र राम ने अपने संबोधन में कहा कि वैशाली की जनता हमेशा विकास और सुशासन की राजनीति के साथ रही है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि तिरहुत क्षेत्र के बेहतर भविष्य के लिए अभिषेक झा को भारी मतों से विजयी बनाएं। जदयू जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र सिंह ने भी मतदाताओं से एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि जिस प्रकार विधानसभा चुनाव में जनता ने एनडीए पर भरोसा जताया था, उसी तरह इस चुनाव में भी अभिषेक झा को प्रचंड समर्थन मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष अवधेश राय ने की, जबकि मंच संचालन भीम जी ने किया। कार्यक्रम में मतदाताओं का उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने अभिषेक झा का स्वागत किया। इसके बाद अभिषेक झा हाजीपुर नगर परिषद के वार्ड संख्या 17 एवं 18 पहुंचे, जहां उन्होंने मतदाताओं से जनसंपर्क कर चुनाव में समर्थन की अपील की। इस दौरान स्थानीय लोगों और कार्यकताओं ने उनका स्वागत करते हुए समर्थन का भरोसा दिलाया। एनडीए प्रत्याशी दिग्घी डायट पहुंचकर उन्होंने शिक्षक साथियों से संवाद किया। इस दौरान शिक्षकों की समस्याओं और सुझावों पर चर्चा हुई तथा अभिषेक झा ने शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने एवं शिक्षकों के हितों के लिए निरंतर प्रयास करने का भरोसा दिया।

### सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर सीतामढ़ी धाम में माता की रसोई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सीतामढ़ी(एनएसबी)। सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर सीतामढ़ी धाम में जुलाई माह के द्वितीय मंगलवार को पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार *माता की रसोई* का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संध्या 7:30 बजे परम मंगलमयी माता श्री की उपस्थित मंदिर सदस्यों एवं मां भक्तों द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर जयकारा उद्घोष के बीच चावल, दाल, आलू परवल एवं चने की रसेदार सब्जी तथा भुना हुआ मिर्च का भोग लगाया गया तथा उसे मंदिर अतिथि गृह में पाटिया पर बैठाकर श्रद्धापूर्वक 80 से अधिक जरूरतमंदों को भरपेट भोजन कराया गया। माता श्री के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा डॉक्टर आलोक वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी शुभ्रा वर्मा सुप्रसिद्ध चिकित्सक नाहर चौक, सीतामढ़ी द्वारा की गई एवं सक्रिय भागीदारी राजीव कुमार राजा महासचिव मां वैष्णो देवी सेवा मंडल एवं प्रखर भाजपा नेता एवं समाज सेबी रोहित कुमार एवं सेशांक कुमार की रही।

### मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी की 10 परियोजनाओं में करोड़ों के घोटाले का आरोप, SIT जांच की मांग

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी मिशन के तहत बुडको द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं में करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितता एवं भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल स्मृति समारोह समिति के संस्थापक सचिव एवं अधिवक्ता अरुण कुमार शुक्ला ने जिला पदाधिकारी, बुडको के प्रबंध निदेशक, नगर आयुक्त समेत संबंधित अधिकारियों को कानूनी नोटिस भेजा है। उन्होंने पूरे मामले की एसआईटी से जांच कराने की मांग की है। अरुण कुमार शुक्ला ने बताया कि नोटिस ई-मेल के माध्यम से भेज दिया गया है तथा स्पीड पोस्ट से भी प्रेषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 19 नवंबर 2025 को सांसद डॉ. राजभूषण निषाद की अध्यक्षता में आयोजित जिला समन्वय समिति की बैठक में भी इन परियोजनाओं में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नोटिस में स्मार्ट सिटी की 10 प्रमुख परियोजनाओं पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं।


शिकायतकर्ता अरुण कुमार शुक्ला।

**अधिवक्ता अरुण कुमार शुक्ला ने डीएम, बुडको और नगर आयुक्त को भेजा कानूनी नोटिस, 15 दिनों में कार्रवाई नहीं होने पर हाईकोर्ट में जनहित याचिका की चेतावनी**

इनमें बैकुंठ शुक्ल बस स्टैंड, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, नल-जल योजना, पोखरों का सौंदर्यीकरण, मरीन ड्राइव, सार्वजनिक शौचालय, गोलंबर सौंदर्यीकरण, वृक्षारोपण एवं वृक्ष स्थानांतरण, नाला कनेक्शन तथा मधुबन रेतिनिया कचरा प्रबंधन संयंत्र से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं और निर्माण गुणवत्ता पर प्रश्न उठाए गए हैं। श्री शुक्ला का आरोप है कि नगर निगम से तीन माह पूर्व मांगी गई सूचना का अधिकार (आरटीआई) आवेदन का भी अब तक जवाब नहीं दिया गया है, जो सूचना का अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से 15 दिनों के भीतर एसआईटी जांच शुरू करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि निर्धारित अवधि में उचित कार्रवाई नहीं होने पर पटना उच्च न्यायालय में जनहित याचिका (पीआइएल ) दायर की जाएगी।

# नए राशन कार्ड बनाने का अभियान तेज

## जिलाधिकारी ने मिशन मोड में आवेदन कराने का दिया निर्देश



राशन कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी रिची पांडेय।।

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में नए राशन कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा 14 जुलाई 2026 से स्मार्ट पीडीएस पोर्टल के माध्यम से नए राशन कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने

कहा कि जिले के ऐसे सभी पात्र परिवार, जिनके पास अब तक राशन कार्ड नहीं है, वे शीघ्र ऑनलाइन आवेदन कर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ प्राप्त करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि जिले का कोई भी पात्र परिवार योजना के लाभ से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ), प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारियों (बीपीआरओ) एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों (एमओ) को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, पटना द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अभियान मोड में पात्र लाभुकों की पहचान कर उनका राशन कार्ड बनाने का कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**14 जुलाई से स्मार्ट पीडीएस पोर्टल पर शुरू हुई ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, पात्र परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाने पर जोर**

उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र की पंचायतों में कार्यरत कार्यपालक सहायकों तथा प्रखंड आपूर्ति कार्यालय के कार्यपालक सहायकों के माध्यम से पात्र लाभुकों का ऑनलाइन आवेदन समयबद्ध तरीके से कराया जाए। साथ ही आवेदन प्रक्रिया की नियमित निगरानी कर लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार सिन्हा, परियोजना अभियंता अमित कुमार सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) तथा अन्य संबंधित अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

# टीबी रोगियों के बीच 18 जुलाई को वितरित होंगे पौष्टिक आहार किट

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत "निश्चय मित्र योजना" के तहत उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद, मुजफ्फरपुर, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन तथा भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्था (आईसीएआई) के संयुक्त तत्वावधान में यक्ष्मा (टीबी) रोगियों के बीच पौष्टिक आहार किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन 18 जुलाई 2026 (शनिवार) को प्रातः 11:00 बजे किया जाएगा।


कार्यक्रम की तैयारी को लेकर उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद में बैठक।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के साथ-साथ टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय संकल्प को जनसहभागिता के माध्यम से मजबूत करना है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी, मुजफ्फरपुर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके साथ स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद में आयोजित बैठक में परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसेरिया, महामंत्री प्रमोद जाजोदिया सहित सज्जन शर्मा, गरीब नाथ बंका, अशोक नेमानी, श्रवण छापड़िया, राजीव केजरीवाल, महेंद्र तुलस्यान, संजय पोद्दार, पवन ढंढारिया एवं गोपाल भरतिया उपस्थित रहे। बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से अध्यक्ष श्याम सुंदर भरतिया, सचिव संदीप अग्रवाल, श्रावण सराफ एवं प्रिन्सु मोदी, जबकि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्था की ओर से सीए अंकित हिसारिया सहित तीनों संस्थाओं के अनेक पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए।

# मुजफ्फरपुर के युवा निशानेबाज स्वराज भारद्वाज ने रचा इतिहास

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** स्वराज शूटिंग अकादमी एंड एजुकेशनल ट्रस्ट के लिए वह क्षण अत्यंत गर्व का रहा, जब अकादमी के प्रतिभाशाली निशानेबाज स्वराज भारद्वाज ने 10 से 12 जुलाई 2026 तक त्रिशूल शूटिंग रेंज, देहरादून (उत्तराखंड) में आयोजित 7वीं बुल्सआई ओपन शूटिंग चैंपियनशिपझ2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 मीटर एयर राइफल क्ररत्रृ जूनियर पुरुष वर्ग तथा 10 मीटर एयर राइफल क्ररत्रृ सब यूथ पुरुष वर्ग में दो स्वर्ण पदक अपने नाम करने में सफल रहे। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 13 जुलाई 2026 को आयोजित किया गया। इस उपलब्धि के साथ स्वराज ने न केवल स्वराज शूटिंग अकादमी एंड एजुकेशनल ट्रस्ट, बल्कि मुजफ्फरपुर और पूरे बिहार का गौरव बढ़ाया है। इस चैंपियनशिप में देशभर से आए प्रतिभाशाली निशानेबाजों के बीच स्वराज भारद्वाज ने शानदार तकनीकी कौशल, अद्भुत एकाग्रता और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए दोनों वर्गों में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उनका यह प्रदर्शन कठोर परिश्रम, अनुशासित अभ्यास और उत्कृष्ट मानसिक तैयारी का परिणाम है। स्वराज की यह दोहरी स्वर्णिम सफलता न केवल उनके व्यक्तिगत खेल जीवन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि स्वराज शूटिंग अकादमी एंड एजुकेशनल ट्रस्ट की गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण व्यवस्था तथा खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का भी सशक्त प्रमाण है। इस ऐतिहासिक सफलता का महत्वपूर्ण श्रेय अकादमी के मुख्य कोच एवं प्रशिक्षक अमित घंसेला को जाता है। उनके कुशल मार्गदर्शन, तकनीकी प्रशिक्षण, समर्पण और निरंतर प्रेरणा ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार किया। उनके नेतृत्व में अकादमी के खिलाड़ी लगातार विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर स्वराज शूटिंग अकादमी एंड एजुकेशनल ट्रस्ट के सदस्य उज्ज्वल कुमार, चंदा कुमारी, ऋषु आर्या, अमर सिंह, रंजन कुमार, धीरेंद्र भारद्वाज, अरिंजय राज सिंह, सूरज कुमार एवं अनिरुद्ध सिंह ने स्वराज भारद्वाज को दोहरे स्वर्ण पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

**7वीं बुल्सआई ओपन शूटिंग चैंपियनशिप में जीते दो स्वर्ण पदक**

### टीबी मुक्त भारत अभियान की बैठक में अनुपस्थित रहे प्रभारी एमओ एवं स्वास्थ्य प्रबंधक

# डीएम ने वेतन काटने का दिया निर्देश

सीतामढ़ी(एनएसबी)। जिला पदाधिकारी सीतामढ़ी की अध्यक्षता में टीवी मुक्त भारत अभियान के समीक्षात्मक बैठक का आयोजन समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में किया गया। बैठक में सिविल सर्जन सीतामढ़ी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी सीतामढ़ी के साथ सभी प्रखंडों से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक एवं यक्ष्मा कर्मी उपस्थित थे। साथ ही वर्चुअली सभी बीडीओ एवं अनुमंडल पदाधिकारी आदि वर्चुअली जुड़े थे।

जिला पदाधिकारी द्वारा 2 जुलाई 2026 से 14 अगस्त 2026 तक जिले में चल रहे टीवी मुक्त भारत अभियान की गहन समीक्षा की गई एवं बताया गया के उक्त अवधि में प्रिजमप्टिव इनरोलमेंट हेतु निर्धारित लक्ष्य 636165 की दैनिक समीक्षा करते हुए तय समय सीमा के अंदर लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। टीवी मुक्त भारत कार्यक्रम की समीक्षा सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा की जाती है एवं प्रत्येक सप्ताह मुख्य सचिव बिहार सरकार द्वारा भी इसकी समीक्षा की जाती है। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला पदाधिकारी द्वारा बैठक में अनुपस्थित प्रभारी


अभियान की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी रिची पांडेय।

चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य प्रबंधक पर स्पष्टीकरण करते हुए आज का वेतन कटौती करने का निर्देश दिया गया। साथ ही गलत उत्तर देकर वरीय पदाधिकारी को भ्रमित करने के कारण जिला यक्ष्मा कार्यालय के जिला योजना समन्वयक रंजय कुमार को कड़ी डांट लगाई गई। सिविल सर्जन सीतामढ़ी द्वारा बताया गया कि बथनाहा नानपुर को छोड़कर सभी जगह एक्स-रे मशीन उपलब्ध है, जहां प्रत्येक दिन प्रति संस्थान 30 से अधिक चेस्ट एक्स-रे करना सुनिश्चित करें एवं उसकी प्रविष्टि निश्चय पोर्टल पर उसी दिन करना सुनिश्चित करें।जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि किसी भी संस्थान में डायग्नोसिस के लिए माइक्रोस्कोपिक जांच नहीं करना है, उससे सिर्फ फॉलोअप करना है। डायग्नोसिस के लिए केवल एक्स-रे एवं नाट जांच ही करना है एवं प्रतिदिन उसकी प्रविष्टि निश्चय पोर्टल पर सुनिश्चित करें। वरीय यक्ष्मा पर्यवेक्षकों की व्यक्तिगत जिम्मेवारी होगी कि जिन मरीजों का उपचार शुरू किया जाता है उसका नोटिफिकेशन, डिफरेशियेटेड टीवी केयर, बैंक डिटेल्स एवं उनके परिजनों के टीवी प्रीवेंटिव ट्रीटमेंट उसी दिन करना सुनिश्चित करें। क्योंकि निक्षय पोर्टल पर उपलब्ध डाटा ही मान्य होगा। कार्यक्रम अवधि 14 अगस्त 2026 तक के लिए सभी प्रखंडों से माइक्रोप्लांन तैयार कर जिला एवं राज्य स्तर पर उपलब्ध कराने हेतु सभी प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक को निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड स्तरीय मॉडल पदाधिकारी को दैनिक समीक्षा करने एवं संचारी रोग पदाधिकारी को जिला स्तर पर डाटा संकलित कर प्रत्येक दिन उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया।

### आपकी जान आपके परिवार की जिम्मेदारी है, हेलमेट और सीट बेल्ट से समझौता नहीं करें : यातायात डीएसपी

# ट्रैफिक नियमों का पालन ही दुर्घटनाओं पर सबसे बड़ा नियंत्रण

**सीतामढ़ी(एनएसबी)।** प्रेस क्लब के तत्वावधान में मंगलवार को आयोजित विशेष यातायात जागरूकता कार्यशाला में डीएसपी अविनाश कुमार सिंह ने कहा कि सड़क पर सुरक्षित रहना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पुलिस का कार्य यातायात व्यवस्था का संधारण करना तथा नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करना है, जबकि मीडिया का दायित्व जनता की आवाज को प्रशासन तक पहुंचाना और लोगों को जागरूक करना है। डीएसपी ने कहा कि बच्चों को बचपन से सड़क पर बाईं ओर चलने, भीड़भाड़ से बचने तथा यातायात नियमों का पालन करने की शिक्षा दी जाती है।

यदि प्रत्येक व्यक्ति यह सोचकर घर से निकले कि उसके परिवार के लोग उसका इंतजार कर रहे हैं, तो वह कभी बिना हेलमेट या बिना सीट बेल्ट के वाहन नहीं चलाएगा। उन्होंने कहा कि जानबूझकर जोखिम उठाना अपने जीवन



कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता एवं मंचासीन ट्रैफिक डीएसपी व अन्य।

को खतरे में डालने जैसा है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों की कार्यशैली में पारदर्शिता लाने के लिए बॉडी कैमरा का उपयोग किया जा रहा है। कैमरे में ड्यूटी के दौरान की पूरी गतिविधि रिकॉर्ड होती है। यदि कैमरा अनावश्यक रूप से बंद पाया जाता है तो संबंधित कर्मी संदेह के दायरे में आएगा। रविवार से एक पुलिसकर्मी को इस व्यवस्था की निगरानी के लिए विशेष रूप से तैनात किया गया है तथा ट्रैफिक ड्यूटी में लगे जवानों को भी बॉडी कैमरा उपलब्ध करा दी गई है।

डीएसपी ने वाहन चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस एवं वाहन बीमा अनिवार्य रूप से रखने की अपील करते हुए कहा कि लाइसेंस और बीमा दोनों कानूनी एवं व्यावहारिक दृष्टि से आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस हमेशा जनता की भलाई और सहायता के लिए कार्य करती है। कानून की नजर में सभी समान हैं और सड़क दुर्घटना अमीर-गरीब में कोई भेद नहीं करती। उन्होंने सीट बेल्ट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सीट बेल्ट लगाने से एयरबैग प्रभावी ढंग से काम करता है और दुर्घटना में जान बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपनी लेखनी के माध्यम से यातायात सुरक्षा का संदेश घर-घर तक पहुंचाएं।

पुलिस निरीक्षक सह यातायात थाना के थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने कहा कि यातायात नियमों के पालन को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। नियम पुलिस, प्रेस और आम जनता सभी पर समान रूप से लागू होते हैं। नियमों का पालन करना और कराना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पहले अधिकांश लोग ट्रैफिक नियमों से अनभिज्ञ थे, इसलिए जागरूकता पर अधिक बल दिया गया। चेकिंग अभियान का उद्देश्य लोगों का चालान काटना नहीं बल्कि उन्हें सुरक्षित रखना है। यदि नियमों का सख्ती से पालन नहीं कराया जाएगा तो शहर में जाम और दुर्घटनाओं की समस्या बढ़ेगी। उन्होंने लोगों से हेलमेट खरीदकर नियमित उपयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति सूचीबद्ध अस्पतालों में सरकारी योजना के तहत उपचार का लाभ प्राप्त कर सकता है। साथ ही दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिकों को पुलिस प्रशासन द्वारा 15 अगस्त और 26 जनवरी के अवसर पर सम्मानित भी किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी नागेंद्र सिंह ने कहा कि जनसरोकार के मुद्दों को समाज और प्रशासन के बीच प्रभावी ढंग से उठाना प्रेस का दायित्व है। जिनकी आवाज नहीं है, उनकी आवाज बनना ही पत्रकारिता का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि यदि शहर की यातायात व्यवस्था व्यवस्थित हो जाए तो सड़क दुर्घटनाओं में काफी कमी आ सकती है। सड़कों का चौड़ीकरण, मेहसौल चौक सहित प्रमुख स्थानों पर आधुनिक ट्रैफिक सिग्नल, डिवाइडर तथा संकेतक लगाए जाने की आवश्यकता है।

## सम्पादकीय

# इंडोनेशिया से रक्षा सौदे ने विश्व पटल पर भारत को दिलाई सामरिक बढ़त

हाल ही में भारत और इंडोनेशिया के बीच संपन्न हुआ लगभग साढ़े पांच हजार करोड़ रुपये का रक्षा समझौता और सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण साबांग बंदरगाह को विकसित करने का करार, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की बढ़ती कूटनीतिक और सैन्य धमक का एक स्पष्ट और सशक्त प्रमाण है। यह ऐतिहासिक कदम न केवल भारत की एक्ट ईस्ट नीति को एक नई ऊंचाई पर ले जाता है, बल्कि हिंद-प्रशांत (इंडो-पैसेफिक) क्षेत्र में शक्ति संतुलन को भी एक नई दिशा प्रदान करता है। हालांकि, इस बड़ी कूटनीतिक सफलता के बीच रणनीतिक हलकों में यह सवाल उठना नितांत स्वाभाविक है कि क्या पूर्व में मिली यह विशाल सामरिक बढ़त, पश्चिम में ईरान के चाबहार बंदरगाह से जुड़ी चुनौतियों या उसके हाथ से निकलने की धारणा से हुए संभावित आर्थिक और सामरिक नुकसान की भरपाई कर पाएगी । इस जटिल भू-राजनीतिक समीकरण और इसके दूरगामी प्रभावों को समझने के लिए साबांग और चाबहार, दोनों की भौगोलिक, आर्थिक और कूटनीतिक भिन्नताओं का अत्यंत सूक्ष्म और गहराई से विश्लेषण करना आवश्यक है।

इंडोनेशिया का साबांग पोर्ट भौगोलिक और सामरिक दृष्टिकोण से एक अत्यंत महत्वपूर्ण चेक पॉइंट के मुहाने पर स्थित है। मलक्का जलडमरूमध्य के ठीक उत्तरी प्रवेश द्वार पर स्थित यह बंदरगाह भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से महज 700 किलोमीटर की दूरी पर है। दुनिया का लगभग 40 प्रतिशत समुद्री व्यापार और विशेष रूप से चीन की ऊर्जा आपूर्ति का एक बहुत बड़ा हिस्सा मलक्का जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। साबांग पोर्ट तक भारत की सैन्य, ढांचागत और वाणिज्यिक पहुंच सुनिश्चित होने से भारतीय नौसेना को इस अति-महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर सीधी और निरंतर निगरानी रखने की अद्वितीय क्षमता मिल जाती है। युद्ध या किसी गहरे संकट के समय में, भारत इस मार्ग को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने या बाधित करने की स्थिति में आ सकता है। यह क्षमता चीन की उस स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स नीति के खिलाफ एक बहुत बड़ा और अचूक रणनीतिक हथियार है, जिसके तहत चीन भारत को हिंद महासागर में घेरने का प्रयास करता रहा है। इसके साथ ही, लगभग साढ़े पांच हजार करोड़ के रक्षा सौदे के तहत भारत से हथियारों और सैन्य उपकरणों का निर्यात भारतीय रक्षा उद्योग के लिए एक बहुत बड़ी छलांग है। यह सिद्ध करता है कि भारत अब मात्र दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक नहीं है, बल्कि मेक इन इंडिया के तहत वह दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों को सुरक्षा छतरी प्रदान करने वाला एक भरोसेमंद रक्षा निर्यातक भी बन चुका है।

दूसरी ओर, ईरान के चाबहार पोर्ट का महत्व पूरी तरह से एक अलग भू-राजनीतिक धुरी पर टिका था। चाबहार भारत के लिए केवल एक व्यापारिक बंदरगाह नहीं था, बल्कि वह पाकिस्तान के अड़ियल रवैये को दरकिनार करते हुए अफगानिस्तान, मध्य एशिया और रूस तक पहुंचने का एक सीधा, सुगम और सुरक्षित महाद्वीपीय प्रवेश द्वार (कॉन्टिनेंटल गेटवे) था। इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर का अहम हिस्सा होने के कारण, चाबहार भारत को ऊर्जा से समृद्ध मध्य एशियाई देशों के बाजारों से जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम माना गया। लेकिन अमेरिकी प्रतिबंधों की तलवार, अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक दबावों, ईरान की अस्थिर घरेलू राजनीति और वहां बढ़ते चीनी आर्थिक प्रभाव (विशेषकर ईरान-चीन के बीच हुए 25 वर्षीय रणनीतिक समझौते) के कारण चाबहार परियोजना में भारत को कई बार असहज झटके लगे हैं। रेलवे लिंक परियोजना से भारत के बाहर होने की खबरों या परियोजना के धीमे पड़ने जैसी स्थितियों ने इस बात को बल दिया कि चाबहार का पूरी तरह से भारत के रणनीतिक नियंत्रण में रहना अब एक अत्यंत मुश्किल चुनौती है। इससे भारत को न केवल अफगानिस्तान में अपने सामरिक हितों को मजबूती से सुरक्षित रखने में कठिनाई महसूस हुई है, बल्कि मध्य एशिया के विशाल बाजारों तक निर्बाध पहुंच का जो आर्थिक सपना बुना गया था, उसे भी गहरा आघात लगा है। अब मुख्य और सबसे प्रासंगिक प्रश्न पर आते हैं । क्या साबांग पोर्ट की यह शानदार उपलब्धि चाबहार में हुए या हो रहे नुकसान की भरपाई कर सकती है एक निष्पक्ष और तार्किक रणनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए, तो इन दोनों बंदरगाहों की सीधे तौर पर तुलना करना भौगोलिक रूप से बेमानी है। साबांग एक समुद्री रणनीतिक संपत्ति है, जबकि चाबहार एक महाद्वीपीय भू-आर्थिक धुरी है। साबांग पोर्ट किसी भी हाल में भारत को मध्य एशिया के विशाल ऊर्जा भंडार या अफगानिस्तान के बेशकीमती खनिज संसाधनों तक नहीं पहुंचा सकता। इसी तरह, साबांग बंदरगाह चाबहार की तरह भारत को यूरोप तक सीधा जमीनी व्यापार मार्ग भी नहीं दे सकता।

# सपने से सिद्धि तक : शक्ति के चार चरण



बी कृष्णा
(ज्योतिष, योग एवं आध्यात्मिक चिंतक)

नवरात्रि में दुर्गासप्तशती का पाठ करोड़ों श्रद्धालुओं द्वारा किया जाता है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान-परंपरा का एक महवपूर्ण ग्रंथ है। इसकी एक विशेषता यह है कि सप्तशती के पाठ से पूर्व साधक महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती का ध्यान करता है। सामान्यतः इसे उपासना-विधि का एक अंग मान लिया जाता है, किंतु यदि उपास्य देवी एक ही हैं, तो इन स्वरूपों के पृथक् स्मरण का क्या प्रयोजन है।

भारतीय परंपरा में उपासना केवल श्रद्धा की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि प्रतीकों के माध्यम से जीवन-दर्शन का शिक्षण भी है। इसी दृष्टि से देखें तो यह क्रम मानव व्यक्तित्व के विकास की एक क्रमिक यात्रा का संकेत देता है। कोई भी उपलब्धि एक ही क्षण में प्राप्त नहीं होती। उसके लिए पहले लक्ष्य चाहिए, फिर उस लक्ष्य तक पहुँचने का ज्ञान, उसके बाद उस ज्ञान को कर्म में रूपांतरित करने का पुरुषार्थ और अंततः प्राप्त उपलब्धियों तथा दायित्वों को धारण करने की क्षमता।

यदि इन चार चरणों को आधुनिक जीवन की भाषा में व्यक्त करें, तो वे किसी भी व्यक्ति की सफलता की स्वाभाविक यात्रा बन जाते हैं। भारतीय सांस्कृतिक प्रतीकों की दृष्टि से यही यात्रा महालक्ष्मी, महासरस्वती, महाकाली और दुर्गा के स्वरूपों में अभिव्यक्त होती है। इस प्रकार नवरात्रि केवल देवी-पूजन का पर्व नहीं, बल्कि व्यक्तित्व-निर्माण का एक गहन पाठ भी है।

### लक्ष्य की पहचान

हर उपलब्धि की शुरुआत एक स्वप्न से होती है, किंतु प्रत्येक स्वप्न सिद्धि तक नहीं पहुँचता। जो स्वप्न दिशा बन जाए, वही लक्ष्य कहलाता है।

भारतीय परंपरा में महालक्ष्मी को सामान्यतः धन और वैभव की अधिष्ठात्री माना जाता है, किंतु उनका स्वरूप इससे कहीं व्यापक है। एक व्याख्यात्मक दृष्टि से लक्ष्यते इति लक्ष्मी, अर्थात् जो जीवन का लक्ष्य स्पष्ट करे और साधक को उसके उद्देश्य का बोध कराए, वही लक्ष्मी है। इसलिए लक्ष्मी केवल धन-संपदा की नहीं, बल्कि दिशा, उद्देश्य और समृद्धि की भी प्रतीक हैं।

आज अनेक युवा परिश्रम तो करते हैं, पर उन्हें यह स्पष्ट नहीं होता कि वे जीवन में वास्तव में क्या करना चाहते हैं। बिना लक्ष्य का परिश्रम बिना गंतव्य की यात्रा के समान है। लक्ष्य स्पष्ट होते ही बिखरी हुई ऊर्जा एक दिशा में प्रवाहित होने लगती है। स्वप्न तभी सार्थक होता है, जब वह संकल्प में बदल जाए। यही महालक्ष्मी का प्रथम संदेश है।

### ज्ञान का अर्जन

महालक्ष्मी जीवन का लक्ष्य स्पष्ट करती हैं, किंतु लक्ष्य का बोध ही पर्याप्त नहीं है। उस लक्ष्य तक पहुँचने के लिए उचित ज्ञान आवश्यक है। यहीं व्यक्तित्व-विकास के दूसरे चरण के रूप में महासरस्वती का स्वरूप हमारे सामने आता है।

सरस्वती केवल विद्या की अधिष्ठात्री नहीं, बल्कि मेधा की भी अधिष्ठात्री हैं। विद्या का अर्थ है, अध्ययन और शिक्षण के माध्यम से अर्जित ज्ञानय जबकि मेधा वह क्षमता है, जो उस ज्ञान का यथार्थ बोध कर उसे जीवन का अंग बना देती है।

आज का युग सूचना-प्रधान है। कुछ ही क्षणों में असंख्य तथ्य उपलब्ध हो जाते हैं, किंतु सूचना और ज्ञान समान नहीं हैं। तथ्य जान लेना पर्याप्त नहीं, उनके सार को समझना, उचित अनुचित का विवेक करना और उन्हें जीवन में सार्थक रूप से लागू करना ही वास्तविक ज्ञान है। यही ज्ञान जब व्यक्तित्व का स्वभाव बन जाता है, तब वह मेधा कहलाता है।

> **भारतीय परंपरा में उपासना केवल श्रद्धा की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि प्रतीकों के माध्यम से जीवन-दर्शन का शिक्षण भी है। इसी दृष्टि से देखें तो यह क्रम मानव व्यक्तित्व के विकास की एक क्रमिक यात्रा का संकेत देता है। कोई भी उपलब्धि एक ही क्षण में प्राप्त नहीं होती। उसके लिए पहले लक्ष्य चाहिए।**

इसीलिए सरस्वती की उपासना का वास्तविक अर्थ केवल विद्या की कामना करना नहीं, बल्कि ऐसी मेधा का विकास करना है, जो जीवन को सही दिशा दे, निर्णयों को परिप बनाए और ज्ञान को चरित्र में रूपांतरित कर दे।

### कर्म का साहस

लक्ष्य की स्पष्टता और ज्ञान की प्राप्ति तभी सार्थक होती है, जब वे कर्म में अभिव्यक्त हों। विचार, चाहे जितने श्रेष्ठ हों, यदि वे व्यवहार में न उतरें तो उनका कोई फल नहीं मिलता। यहीं व्यक्तित्व-विकास के तीसरे चरण के रूप में महाकाली का स्वरूप हमारे सामने आता है।

महाकाली को सामान्यतः संहार की देवी कहा जाता है, किंतु उनका वास्तविक संदेश बाहरी संसार के विनाश से अधिक भीतर की दुर्बलताओं के पराभव का है। भय, आलस्य, संदेह और निष्क्रियताय ये वे आंतरिक अवरोध हैं, जो मनुष्य को उसके लक्ष्य तक पहुँचने से रोकते हैं।

महाकाली का स्मरण हमें बताता है कि सफलता केवल योजना बनाने या ज्ञान अर्जित करने से नहीं मिलतीय वह पहला कदम उठाने के साहस और निरंतर पुरुषार्थ से प्राप्त होती है। इच्छा दिशा देती है, ज्ञान मार्ग दिखाता है, किंतु कर्म ही उस मार्ग पर आगे बढ़ाता है। जब ज्ञान कर्म का रूप लेता है, तभी स्वप सिद्धि की दिशा में अग्रसर होता है।

### दायित्व का निर्वहन

लक्ष्य, ज्ञान और पुरुषार्थ व्यक्ति को सफलता के द्वार तक पहुँचा सकते हैं, किंतु सफलता को स्थायी बनाना उसके बाद की साधना है। उपलब्धियों के साथ उत्तरदायित्व भी बढ़ते हैं। परिवार, समाज, स्वास्थ्य, संबंध, नेतृत्व और आत्मविकासय इन सबके बीच संतुलन बनाए रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करना ही जीवन की वास्तविक परिपता है।

यहीं देवी दुर्गा का स्वरूप हमारे सामने आता है। देवी दुर्गा के अनेक हाथ केवल शस्त्रों का प्रदर्शन नहीं करते, बल्कि यह संकेत देते हैं कि जीवन अनेक दायित्वों का समन्वय है। उनका सिंहवाहिनी स्वरूप साहस, आत्मविश्वास और विपरीत परिस्थितियों का निर्भय होकर सामना करने की प्रेरणा देता है। जो व्यक्ति धैर्य, विवेक और साहस के साथ अपने विविध उत्तरदायित्वों का निर्वहन करता है, वही सफलता को स्थायित्व प्रदान कर पाता है।

नवरात्रि का संदेश केवल देवी से शक्ति की याचना करना नहीं, बल्कि अपने भीतर निहित शक्तियों को जागृत करना है। लक्ष्य की स्पष्टता महालक्ष्मी का संदेश हैय मेधा का विकास महासरस्वती की प्रेरणा है, पुरुषार्थ महाकाली की शक्ति है, और दायित्वों का संतुलित निर्वहन देवी दुर्गा का आदर्श है। जब ये चारों शक्तियाँ जीवन में जागृत होती हैं, तब आराधना केवल अनुष्ठान नहीं रहतीय वह व्यक्तित्व-निर्माण की साधना बन जाती है। यही साधना व्यक्ति को सपने से सिद्धि तक ले जाती है।

या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

*(ये लेखक के निजी विचार हैं )*

## सैमसंग के नए फोल्डेबल स्मार्टफोन होंगे अधिक पतले, हल्के और पर्सनल एआई से लैस : टीएम रोह

**सैमसंग** इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रेसिडेंट एवं सीईओ टीएम रोह ने कहा है कि जैसे-जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अधिक स्मार्ट और व्यक्तिगत होता जा रहा है, डिवाइस का डिजाइन और उपयोग का अनुभव पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा।

गैलेक्सी अनपैक्ड से पहले जारी अपने वक्तव्य में रोह ने कहा, जब एआई एक साथ कई कामों में हमारी मदद करता है, तब ऐसी स्क्रीन, जिसे मोड़ा और खोला जा सके, उपयोगकर्ताओं के लिए नई संभावनाएं पैदा करती है। यही फोल्डेबल स्मार्टफोन की सबसे बड़ी खासियत है। इन्हें मोड़कर आसानी से जेब या हाथ में रखा जा सकता है और खोलने पर बड़ी स्क्रीन का अनुभव मिलता है। इसी दिशा में सैमसंग लगातार अपने फोल्डेबल डिवाइसों को अधिक पतला, हल्का, मजबूत और बेहतर बना रहा है।

उन्होंने कहा कि एआई का अगला दौर केवल सवालों के जवाब देने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह उपयोगकर्ताओं की जरूरतों के अनुसार उनकी मदद करने वाला डिजिटल सहायक बनेगा। हालांकि अंतिम निर्णय हमेशा उपयोगकर्ता का ही रहेगा। रोह ने कहा, एआई किसी व्यक्ति की बेहतर मदद तभी कर सकता है, जब वह उसकी जरूरतों और पसंद को समझे। इसलिए सबसे अच्छे एआई अनुभव वही डिवाइस देंगे, जो अपने उपयोगकर्ताओं को सबसे बेहतर तरीके से जानते हों और उनका भरोसा जीत सकें।

उन्होंने बताया कि सैमसंग पिछले कई वर्षों से स्मार्टफोन, टैबलेट, स्मार्टवाच, टीवी और घरेलू उपकरणों सहित विभिन्न डिवाइसों के साथ ऐसा इकोसिस्टम तैयार कर रहा है, जिससे एआई उपयोगकर्ताओं को अलग-अलग डिवाइसों पर सहज और एकीत अनुभव दे सके।

उन्होंने आगे कहा, बेहतर एआई वह है, जो बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के बैकग्राउंड में काम करे और उपयोगकर्ता को एक सहज अनुभव दे। इसी उद्देश्य से हमने ऐसा इकोसिस्टम विकसित किया है, जो केवल डिवाइसों को जोड़ता ही नहीं, बल्कि उन्हें एक साथ बेहतर तरीके से काम करने में सक्षम बनाता है।

रोह ने कहा कि सैमसंग का ओपन प्लेटफार्म अपनाने का दृष्टिकोण नई तकनीकों और बेहतर एआई अनुभवों को तेजी से लोगों तक पहुंचाने में मदद करता है।

# देश में भ्रष्टाचार के हजार बहाने



डा. संजीव कुमार
सामाजिक एवं राजनीतिक विशेषज्ञ

**प्रभु राम** के मंदिर में दान चोरी का मामला गरम है। विपक्ष को बड़ा मौका मिला हुआ है सत्ता में बैठे हुए लोगों को घेरने के लिए। क्योंकि भ्रष्टाचार मुक्त भारत, रोजगार युक्त भारत, और अयोध्या मंदिर निर्माण के मुद्दे के साथ भाजपा सत्ता में आई थी और आज वह अपने किसी मुद्दे की लाज नहीं बचा पा रही है । पर क्या राम मंदिर में हुआ दान का चोरी किसी भ्रष्टाचार का हिस्सा है । इसका जवाब मै समाज पर छोड़ता हूं । बस उसमें मेरा एक सवाल जुड़ा हैं की क्या यह सरकार के बगैर मुनासिब है।

सरकार किस-किस तरह से भ्रष्टाचार करती है और किस-किस के लिए करती है इस विषय में कभी आपने सोचा है । यहां जब मैं सरकार कह रहा हूं तो इसका अर्थ सिर्फ वर्तमान सरकार से ही न लगा करके देश और प्रदेश में पूर्व में रहे हुए लोग और वर्तमान में सत्ता में रहने वाले लोग सभी शामिल हैं ।

हर वर्ष जून और जुलाई के मध्य देश और प्रदेश की सरकार देशभर में जोरों -शोर से वृक्षारोपण का कार्य करवाती है.। कभी आपने सोचा है कि जब हर साल इतने वृक्ष लगाए जाते हैं तो यह वृक्ष जाते कहां हैं । उसी नदी तालाब के किनारे, सड़कों और हाईवे पर हर साल लाखों वृक्ष सरकार लगवाती, आखिर इन वृक्षों में से कितने वृक्ष जीवित बच पाते हैं । हरित भारत क्रांति (ग्रीन इंडिया मिशन) के तहत सरकार पिछले पांच वर्ष (2020-25) के लिए पचपन हजार करोड़ खर्च करने का लक्ष्य निर्धारित कर वृक्षरोपण का कार्य कर रही है । इस लागत में राज्य सरकारे दस प्रतिशत अतिरिक्त अपने बजट से खर्च करती है .। जरा कल्पना करके देखिए यह रकम कितनी बड़ी है। बाजार में आज एक वृक्ष की कीमत न्यूनतम सौ रूपये है उस पर मजदूर की लागत तथा ईंट कंक्रीट की रकम जोड़ दिया जाए तो एक वृक्ष लगवाने में कम से कम हजार रुपए का खर्च आता है। और इसे लगवाने तथा उद्घाटन में मंत्रियों के खर्च अलग से । नतीजा दस दिन बाद वहां ना पेड़ होता है ना कंक्रीट और अगले साल फिर पुनः वही प्रक्रिया दोहराई जाती है ।दशकों से यही चल रहा है।

वर्तमान सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नमामि गंगे के तहत सरकार 2014 से लेकर अब तक लगभग 25000 करोड रुपए खर्च कर चुकी है । योजना के अनुसार यह खर्च गंगा की सफाई और घाटों के सुंदरीकरण पर हुआ हैं । हर वर्ष गंगा में बाढ़ आता है और गंगा जैसी की तैसी रह जाती । यानी सरकार का जो लक्ष्य है सफाई का वह जैसे का तैसा ही रह जाता है ।

पिछले एक दशक में भारत सरकार ने हाईवे तथा बड़ी सड़क निर्माण में 20 से 25 लाख करोड रुपए खर्च किए हैं । इन हाइवे पर अचानक आपको इनके टूटे होते -जर्जर होने की खबरें मिलती रहती है । इसके निर्माण में कितनी मिट्टी, कंक्रीट, सीमेंट लग रहा है इसका हिसाब कौन ले रहा है । यह सब बे हिसाब है । हर वर्ष देश में बरसात से पहले नालों की सफाई होती है। जिस पर अनुमानित 5000 करोड़ का खर्च आता है । यह खर्च सरकार हर साल करती है, तो यह पैसा आखिर किसकी जेब में जाता हैं । ऐसे ही देश में बहुत से कार्य होते हैं जिनका कोई हिसाब नहीं क्योंकि यही वह रास्ते हैं जिससे सरकार अपने सुधीजनों का गुप्त द्वार से विकास करती रहती है।

भारत में दूसरा जो सबसे बड़ा घोटाला और भ्रष्टाचार होता है वह है सरकारी संस्थानों में नियुक्तियां तथा सरकारी योजनाओं का आवंटन । देश में सार्वजनिक संस्थानों में 11 महीने के लिए नियुक्तियां निकाली जाती । सरकार यह कहती है की अभी हमारे पास बजट नहीं है इसलिए कम तनख्वाह पर लोगों को रखा जा रहा है । यह वह लोग होते हैं जो किसी न किसी तरह से सरकार तथा प्रशासनिक लोगों से सम्बंधित होते हैं । ऐसे पदों पर कोई आरक्षण की व्यवस्था तथा नियमों का पालन नहीं होता । फिर यही व्यक्ति जो इन संस्थानों में कुछ तनख्वाह में काम करते हैं सरकार के खिलाफ धरना देते हैं । फिर सरकार धीरे से इनकी नियुक्ति कर देती है जो कि इन्हीं प्रशासनिक लोगों के साजिश का ही एक हिस्सा होता है. । दूसरा तरीका ऐसी योजनाए निर्मित करना होता है जिनसे सीधे अपने समाज के लोगो को धन आवंटित किया जा सके । जैसे प्रोजेक्ट ,शोध ,सेमिनार ,मुद्रा ऋण इत्यादि यह सब कार्य इतने सफाई से किये जाते है जिस पर आप उंगली भी नही उठा सकते. । सरकारी उपक्रमों और शराब के ठेके पहले से ही तय होते हैं की ये किसे देना है । यह ठेकेदार अपनी बेटियों की विवाह भी ठेका मिलने तक का इंतजार करते हैं । समाज को देखने में यह लगता है कि सब कुछ बहुत ही नियमानुसार हो रहा है लेकिन सब कुछ परदे के पीछे पहले ही तय चुका होता है।

घोटालों का पर्दाफाश वहां होता है जहां लेने वाले और देने वाले दो लोग होते हैं । परंतु सार्वजनिक उपक्रमों में सिर्फ देने वाला होता है और लेने वाला मृत ऐसे में यहां भ्रष्टाचार के लिए कभी कोई हो हल्ला नहीं हो पाता। सड़क निर्माण, वृक्षारोपण ,नदी सफाई, नाला सफाई तथा धार्मिक सेवा इत्यादि इसी सार्वजनिक उपक्रम में आते हैं। इस देश को अनेकों बार विदेशी आक्रताओं ने लूटा हैं। इसका अर्थ यही हुआ की लुटेरे बहादुर नहीं थे, उसमे कुछ अपने भी हिस्सेदार थे । इस देश में भ्रष्टाचार की जड़े आरम्भ से ही मजबूत हैंदेश हमारा सोने की चिड़िया इसलिए नहीं कहलाता की यहाँ सोने की खान थी बल्कि इसलिए कहलाता था क्योंकि प्राकृतिक रूप से यह देश दुनिया का सबसे समृद्ध और सुन्दर देश था। परन्तु लगातार अपनो के युद्ध, लूट, उन्माद, जातीय हिंसा ने इसे कबाड़ कर दिया हैं। देश की नागरिकों की नैतिकता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है की लोग ट्रेन की एसी कोच बोगियों से तावल ,चद्दर तक चुरा ले जाते है (आर टी आई में एक खुलासे के अनुसार 2022 से अब तक 104 करोड़ रूपये के टॉवल ,चादर चोरी हुए है ) । ये वो लोग है जो खुद को वीआईपी कहलाना पसंद करते है और मोबाइल की डीपी पर तिरंगा लगते है । यानि यहाँ हर व्यक्ति अन्दर से भ्रष्ट है सिर्फ मौके की तलाश में है. ।

हमारे देश में अंग्रेजो के पुल बनाए हुए आज भी खड़े हैं । मुगलों की बनाई हुई इमारतें आज भी चमक रही हैं ( जबकि उन्हें हम ध्वस्त करने पर लगे हुए हैं ) । आज जब हमारा मुल्क आजाद है। हमारे हाथों में है तो इसके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले भ्रष्टाचारियों को आखिर हम क्यों नहीं रोक पा रहे हैं । आखिर यह कौन गद्दार है जो लगातार देश को खोखला कर रहे हैं । यकीन मानिए यह गद्दार हमारे देश के लिए अंग्रेजो और मुगलो से भी बड़े दुश्मन है। हमारा देश दुनिया का सबसे सुन्दर और समृद्ध देश हैं परन्तु दुनिया के सबसे असभ्य और अनैतिक लोग यहाँ निवास करते हैं।

*(ये लेखक के निजी विचार हैं )*

# यूनेस्को विश्व धरोहर नामांकनों के डेस्क समीक्षक के रूप में डा. विवेक का चयन

**भारतीय** वन सेवा के हरियाणा कैडर (1991 बैच) के वरिष्ठतम अधिकारी एवं हरियाणा सरकार के पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक, डा. विवेक सक्सेना को अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) द्वारा वर्ष 2027 हेतु यूनेस्को विश्व धरोहर नामांकनों के डेस्क समीक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह चयन हरियाणा वन सेवा एवं प्रदेश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।



आईयूसीएन, यूनेस्को विश्व धरोहर समिति के लिए प्राकृतिक धरोहर स्थलों की मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार संस्था है। वर्ष 2027 की विश्व धरोहर समिति बैठक हेतु विचाराधीन नामांकनों में इथियोपिया का सिमियन पर्वत राष्ट्रीय उद्यान, इंडोनेशिया के सुमात्रा वर्षावन, मंगोलियाई गोबी, ब्राजील का अब्रोल्होस समुद्री राष्ट्रीय उद्यान तथा भारत का जिंगकिएंग जरी ल्युचाराई सांस्कृतिक परिदृश्य सम्मिलित हैं। डा. सक्सेना को आईयूसीएन के स्पेसीज सर्वाइवल कमीशन एवं अन्य आयोगों के सक्रिय सदस्य के रूप में इन नामांकनों की समीक्षा हेतु आमंत्रित किया गया है। डा. सक्सेना आईयूसीएन-अंतर्राष्ट्रीय संस्था के भारतीय प्रतिनिधि के रूप में भी कार्यरत रहे हैं ।

डा. सक्सेना ने हरियाणा वन विभाग में तीन दशकों से अधिक सेवा की है। हरियाणा के एक वन अधिकारी का यूनेस्को विश्व धरोहर नामांकन समीक्षक के रूप में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चयन यह दर्शाता है कि हरियाणा के वन विभाग की विशेषज्ञता एवं योगदान को वैश्विक मंच पर मान्यता और सम्मान प्राप्त है। प्रदेश के वन विभाग एवं समस्त हरियाणावासियों के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है।

## विशेषज्ञों ने समय रहते सही आदतें अपनाने पर दिया जोर

**विशेषज्ञों** के अनुसार, युवाओं में अधिकांश मौखिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं लापरवाही के कारण नहीं, बल्कि रोजमर्रा की गलत धारणाओं के कारण उत्पन्न होती हैं। जल्दबाजी में ब्रश करना, फ्लसिंग न करना, नियमित दंत जांच से बचना या मसूड़ों से खून आना, मुंह से दुर्गंध आना अथवा दांतों में हल्की संवेदनशीलता जैसे संकेतों को नजरअंदाज करना आम बात है। हालांकि, ये रोजमर्रा की छोटी आदतें समय के साथ मसूड़ों को कमजोर कर सकती हैं, दांतों की ऊपरी सुरक्षात्मक परत (इनेमल) को नुकसान पहुंचा सकती हैं और लंबे समय में गंभीर दंत समस्याओं का जोखिम बढ़ा सकती हैं।


ओरल केयर विशेषज्ञ डा. सोनिया दत्ता ने कहा, अक्सर 20 की उम्र के लोग सोचते हैं कि यदि उन्हें दर्द या दांतों से जुड़ी कोई स्पष्ट समस्या नहीं है, तो उनका मौखिक स्वास्थ्य पूरी तरह ठीक है। लेकिन कई बार लक्षणों का न होना इस बात का प्रमाण नहीं होता कि कोई समस्या मौजूद नहीं है। मौखिक स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याएं धीरे-धीरे विकसित होती हैं, इसलिए बचाव और नियमित देखभाल बेहद महत्वपूर्ण है। डा. सोनिया दत्ता ने आगे कहा, अच्छा मौखिक स्वास्थ्य किसी एक दिन के प्रयास से नहीं, बल्कि नियमितता से बनता है। दिन में दो बार ब्रश करना, मसूड़ों की सही देखभाल करना और सही टूथपेस्ट का चुनाव करना, लंबे समय तक दांतों और मसूड़ों को स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आज जब उपभोक्ता रोजमर्रा की मौखिक देखभाल के लिए भरोसेमंद समाधानों की तलाश कर रहे हैं, तब डाबर रेड टूथपेस्ट देशभर के लाखों उपभोक्ताओं की पसंद बना हुआ है। इसकी आयुर्वेदिक संरचना में लौंग जैसे तत्व शामिल हैं, जो दांत दर्द से राहत देने में सहायक माने जाते हैं, तथा सूंठ, जो मसूड़ों की देखभाल में मदद करती है। उपभोक्ताओं के विश्वास को और मजबूत बनाते हुए, डाबर रेड टूथपेस्ट को इंडियन डेंटल एसोसिएशन की स्वीति मुहर भी प्राप्त है।

## प्रवचन

# परिजनों के लालन-पालन में ही न गवाएं जीवन : जीयर स्वामी

> **भोग में रोग और सम्पति में विनाश संलग है**
>
> **अपनी वृद्धावस्था और मृत्यु का रखें सदैव ख्याल**



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

मानव को अपना समस्त कर्म ईश्वर को समर्पित कर उन्हीं से अपना संबंध जोड़ना चाहिए। अन्यथा जीवन भर भय सताते रहेगा। जिस परिवार के भरण-पोषण के लिये व्यक्ति जीवन भर समस्त कर्म-कुकर्म कर संसाधन संग्रह करता है, वही परिवार वृद्धावस्था में उपेक्षा कर जीवन को बोझिल बना देता है। इसलिये मनुष्य को अपनी बुढ़ापे और मृत्यु को ध्यान में रखते हुए परमात्मा के प्रति समर्पित रहना चाहिए। सदाचारी और निर्लिप्त जीवन-यापन करने वाले व्यक्ति को कभी भय और उपेक्षा का दंश नहीं झेलनी पड़ती, क्योंकि वह ईश्वर से जुड़ा रहता है। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

स्वामी जी ने कहा कि शंकराचार्य ने वृद्धावस्था की स्थिति को इस प्रकार वर्णन किया है :-

"यावद् वित्तोपार्जन् षक्तः तावत् निज परिवारो रक्तः।
पष्चाते जर्जर भूते देहे वार्त्ता पृच्छति कोपि न गेहे।।

यानी जब तक व्यक्ति धनोपार्जन के लिए सक्षम होता है, परिवार के सारे लोग उससे चिपके रहते हैं। लेकिन जब वही व्यक्ति बुढ़ापा के कारण जर्जर हो जाता है और धनोपार्जन के लिए समर्थ नहीं होता, तब परिवार का कोई भी सदस्य उससे बात भी नहीं करता है। इसलिए गोविन्द का भजन करें, यही जीवन की असली चीज है।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि मनुष्य को भोग में रोग का, सम्पति में विनाश, धन में राजा (सरकार), विद्या में कलह, तप में इंद्रियों की चंचलता, रूप में वासना, मित्रों में शोक, युद्ध में शत्रु और शरीर में व्याधि व मरण का भय रहता है। केवल ईश्वर के शरण में ही अभयता है। भगवान के भक्तों को भय नहीं सताता। वहीं अक्षय सुख-शांति की प्राप्ति होती है। स्वामी जी ने श्रीमद् भागवत महापुराण के चतुर्थ स्कंध के राजा प्राचीनबर्हि को नारद जी द्वारा उपदेश दिये जाने की चर्चा की। उन्होंने कहा कि नारद जी द्वारा बताया गया कि जीव को अपना परम कल्याण हेतु धीरे- धीरे भगवान के चरणों में मन लगाना चाहिए। प्रभु के सान्निध्य में जाने से अंतःकरण के पाप नष्ट होने लगते हैं और भगवान में ध्यान केन्द्रित हो जाता है। मनुष्य द्वारा प्रायः चार प्रकार के पाप या अपचार होते हैं। कृत्यकरण अपचार, अकृत्यकरण अपचार, भगवतापचार एवं भागवतापचार। मनुष्य के पैरों से जीव की हत्या कृत्यकरण अपचार। नहीं किये जाने वाले कार्य करने से अकृत्यकरण अपचार होता है। भगवान के मंदिर से गुजरते वक्त नतमस्तक नहीं होना भगवतापचार और भगवान के भक्तों को अपमानित करना भागवतापचार है। इन चारों अपचारों की स्थिति में भगवान क्षमा कर देते हैं लेकिन वेद-वेदादि को जानते हुए भी दूसरों को गलत रास्ते पर ले जाना और स्वयं भी गलत मार्ग पर चलना असह्यापचार है। नारद जी ने राजा प्राचीनबर्हि को पशु बलि के कर्मकांड को छोड़ प्रभु के षरण में जाने की सीख दी। प्राचीनबर्हि भगवत भक्ति के साथ शरीर त्याग दिये। प्राचीनबर्हि के पुत्र प्रचेता और प्रचेता के पुत्र प्रचेतादक्ष हुए। प्रचेतादक्ष का विवाह मारीशा से हुआ। इनके ग्यारह हजार पुत्रों को नारद जी संत बना दिये। प्रचेतादक्ष क्रोधित होकर नारद जी को श्राप दे दिये कि 'आप ज्यादा समय तक एक जगह नहीं रूक सकते।' उसी समय से नारद जी भ्रमण करते रहते हैं।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### पुछरिया गांव का एक भी घर नदी में विलीन हुआ तो सारी जवाबदेही विभाग की : विधायक

**संग्रामपुर(एनएसबी)।** गंडक नदी के किनारे बसे पूछरिया तिवारी टोला के नजदीक हो रहे कटाव स्थल का दौरा सतारूढ़ दल के सचेतक सह विधायक राजू तिवारी ने किया। इस दौरान उन्होंने क्षतिग्रस्त पार्कोपाईन को देखते हुए एक्सक्यूटिव राकेश रंजन व एसी अवनीश कुमार को कहा की लगातार कई दिनों से नदी कटाव कर रही है और विभाग चुप है आखिर यह क्या हो रहा है।उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा की पूछरिया का एक भी घर नदी में विलीन हुआ तो जबाबदेही आप सबों की होगी।गांव किसी तरह से बचे। इसके लिए जल्द कार्य शुरू करे।इस दौरान उन्होंने आपदा प्रंबधन विभाग के चेयरमैन से बातचीत करते हुए बताया की यहां से गांव की दूरी महज एक से डेढ़ सौ मीटर है। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया की आप बिंदास रहिए आप सबों के सुरक्षा की जबाबदेही मेरी है।वही पूर्व में विस्थापित हुए परिवारों के लिए स्थल पर मौजूद अंचल के आरओ को निर्देश दिया की इन्हे किसी तरह बासगीत की जमीन उपलब्ध करवाए।मौके पर लोजपा प्रखंड अध्यक्ष शशि कांत पांडेय,मुखिया सुदीष्ट कुमार,गुड्डू प्रसाद,शंभू प्रसाद, शशि तिवारी समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### डीएम ने नेपाल सीमावर्ती तिलावे नदी और त्रिवेणी नहर के बांधों का लिया जायजा, नाइट पेट्रोलिंग के दिए निर्देश

**रक्सौल(एनएसबी)।** लगातार हो रही बारिश के बीच बाढ़ की आशंका को देखते हुए जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने मंगलवार को रक्सौल अनुमंडल का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल मनीष कुमार भी मौजूद थे। डीएम ने नेपाल के अधिग्रहण क्षेत्र और त्रिवेणी नहर प्रमंडल क्षेत्र के बांधों का निरीक्षण कर अधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया। तिलावे नदी का जलस्तर बढ़ा, बांधों पर कटाव के निशान पिछले 2 दिनों से हो रही बारिश के कारण नेपाल की सीमावर्ती तिलावे नदी के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। डीएम ने त्रिवेणी नहर शाखा के बाएं बांध का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बांध पर कई जगहों पर कटाव के बिंदु पाए गए। इसे देखते हुए डीएम ने तुरंत मरम्मत कराने और सभी बांधों पर कड़ी नजर रखने का आदेश दिया। नाइट पेट्रोलिंग और चौकसी के निर्देश डीएम श्री यादव ने बाढ़ प्रमंडल के अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे सभी बांधों पर लगातार निगरानी रखें। इसके लिए नाइट पेट्रोलिंग सहित चौबीसों घंटे चौकसी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अगर कहीं भी बांध में दरार या कटाव की समस्या दिखे तो उसकी तुरंत मरम्मत कराई जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों के साथ की बैठक निरीक्षण के दौरान डीएम ने मौके पर मौजूद अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि मानसून के इस दौर में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर काम करें। संवेदनशील इलाकों में पर्याप्त मात्रा में बाढ़रोधी सामग्री और मशीनें पहले से उपलब्ध रखी जाएं। ये अधिकारी रहे मौजूद निरीक्षण के दौरान अंचल अधिकारी रक्सौल, कार्यपालक अभियंता त्रिवेणी नहर प्रमंडल रक्सौल सुजीत कुमार, अधीक्षण अभियंता तिरहुत नहर अंचल रक्सौल और सहायक अभियंता नितेश कुमार सहित संबंधित कनीय अभियंता मौजूद थे। डीएम के औचक निरीक्षण से क्षेत्र के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। प्रशासन का कहना है कि बारिश और नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए हर संभव एहतियात बरती जा रही है ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो।

### लोक अभियोजकों के साथ बैठक का आयोजन

**मोतिहारी(एन एस बी )।** पुलिस अधीक्षक के कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक पूर्वी चंपारण द्वारा संयुक्त रूप से पुलिस एवं अभियोजक समन्वय बैठक संचालित किया गया जिसमें मोतिहारी जिला के लोक



बैठक करते अधिकारी।

अभियोजक, विशेष लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजक एवं अभियोजन पदाधिकारी ने भाग लिया। बैठक के दौरान जिले में त्वरित एवं सामान्य विचारण में चल रहे हत्या, पोक्सो, बलात्कार एवं आर्म्स एक्ट के सभी कांडों में सजा दिलाने के बिंदु पर विस्तृत चर्चा हुई।

# विराट रामायण मंदिर: शिव मंडप में स्थापित शिवलिंग पर होगी रूद्राभिषेक कराने की सुविधा

## रूद्राभिषेक के लिए पटना के पुजारी होंगे तैनात, रूद्राभिषेक की बुकिंग कराने वाले भक्त को पूजा सामग्री लाने की नहीं है जरूरत

**कल्याणपुर(एन एस बी )।** सावन इस वर्ष 30 जुलाई से शुरू हो रहा है और 28 अगस्त तक चलेगा। इस पवित्र महीने में चार सोमवार पड़ेंगे, जिसकी शुरूआत तीन अगस्त (सोमवार) से होगी। इस वर्ष श्री महावीर स्थान न्यास समिति की ओर से संचालित पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर और पूर्वी चंपारण के (कैथवलिया) रामजानकी नगर के विराट रामायण मंदिर में भी शिव मंडप में स्थापित शिवलिंग पर रूद्राभिषेक कराने की व्यवस्था की गई है। रूद्राभिषेक कराने वाले भक्तों के सहूलियत के लिए सारी व्यवस्था रखी गई है। जिससे उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी न हो। क्योंकि यहां दूर से भक्त आते हैं। वैसे विराट रामायण मंदिर में स्थापित शिवलिंग पर रूद्राभिषेक कराने का कितना शुल्क होगा। उसका अभी निर्धारण नहीं हुआ है।

वैसे विराट रामायण मंदिर में फिलहाल आकर्षण का केंद्र विश्व के सबसे बड़ा 33 फीट का सहस्त्रलिंगम स्थापित हो चुका है। यहां लोग पूजा पाठ कर सके इसके लिए इस शिवलिंग से हटकर एक शिव मंडप का निर्माण किया गया है। जहां पूजा-पाठ, जलाभिषेक और रूद्राभिषेक करने के लिए शिवलिंग स्थापित किया गया है। विराट रामायण मंदिर में प्रतिदिन तीन से चार हजार भक्त पहुंच जाते हैं। सावन में यह भीड़ और



पूर्वी चंपारण के (कैथवलिया) रामजानकी नगर के विराट रामायण मंदिर।

बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। उसी तरह से व्यवस्था भी की जाएगी। विराट रामायण मंदिर का निर्माण कार्य 120 एकड़ में चल रहा है। यहां 22 मंदिर और 18 शिखर होंगे। यह मंदिर पद्मश्री आचार्य किशोर कुणाल का ड्रीम प्रोजेक्ट है। यह विश्व का सबसे बड़ा विराट रामायण मंदिर होगा। मंदिर में एक बड़ा हल होगा। जहां एक साथ 20 हजार भक्त बैठ सकते हैं। श्री महावीर स्थान न्यास समिति के सचिव सायण कुणाल का कहना है कि सावन के दौरान महावीर मंदिर और विराट रामायण मंदिर के शिव मंडप में रूद्राभिषेक कराने आने वाले भक्तों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो इस ध्यान रखने का निर्देश दिया गया है। पजा की सामग्री मंदिर से मिलेगी.. बुकिंग कराने के बाद भक्त को किसी तरह की कोई पूजा सामग्री लाने की जरूरत नहीं होगी। पूजा सामग्री मंदिर की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी। भक्त सिर्फ बुकिंग के अनुसार समय पर मंदिर पहुंच जाएं। जिससे समय पर रूद्राभिषेक शुरू हो जाय। साथ ही इस बार विराट रामायण मंदिर के शिव मंडप में स्थापित शिवलिंग पर भी रूद्राभिषेक कराने की व्यवस्था हो रही है। जिससे दूर -दराज या फिर स्थानीय लोग सावन में रूद्राभिषेक करा सकें। उन्हें जिससे भक्त आराम से पूजा-अर्चना कर सके। उन्हें वगैर जलाभिषेक वापस नहीं लौटना पड़े।

पूजा-पाठ के लिए श्रावण सर्वश्रेष्ठ महीना..

वैसे सावन महीना शंकर भगवान की पा पाने और पूजा-अर्चना करने के लिए उत्तम संयोग है। स्कन्द पुराण से लेकर वायु पुराण तक प्रत्येक प्रमुख ग्रंथों में श्रावण को सर्वश्रेष्ठ मास घोषित किया है। इन ग्रंथों में न सिर्फ वत और पूजा की विधि बताई गई है, बल्कि यह स्पष्ट किया गया है कि इस महीने में अर्पित की गई जल की एक बूंद भी भगवान शिव को अत्यंत प्रसन्न करती है।

शास्त्र के अनुसार इस पावन महीने को क्या कहते है..

स्कन्द पुराण..श्रावण महीने में काशी में निवास करके भगवान शिव की पूजा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। सावन के सोमवार का वत और जलाभिषेक का सर्वाधिक वर्णन इसी ग्रंथ में मिलता है।

शिवपुराण..विद्येश्वरसंहिता में 12 महीनों में श्रावण को भगवान शिव का सर्वप्रिय महीना कहा गया है। बेलपत्र, जल और दुग्ध अभिषेक का फल इसी संहिता में वर्णित है। लिंग पुराण..श्रावण महीने में प्रतिदिन शिवलिंग पर जलधारा चढ़ाने से सौ यज्ञों के बराबर पुण्य की प्राप्ति होती है।

श्रीमद्भागवतम (द्वादश स्कन्द)..श्रावण मास में की गई उपासना का फल अन्य किसी महीने में संभव नहीं।

वायु पुराण..श्रावण महीने में नदी न, दान और शिव पूजन को मोक्षदायक बताया गया है।

## लोक अदालत न्याय पाने का सरल और प्रभावी माध्यम : अभिषेक

### विशेष लोक अदालत के प्रचार के लिए चार जागरूकता रथ रवाना

**मोतिहारी(एनएसबी)।** आगामी 18 जुलाई को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं चेक बाउंस मामलों के अधिकाधिक निष्पादन के उद्देश्य से मंगलवार को जिला न्यायालय परिसर, मोतिहारी से चार प्रचार-प्रसार रथ तथा स्थायी लोक अदालत के लिए एक जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभिषेक कुमार दास ने इन वाहनों को रवाना किया। प्रचार रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को विशेष लोक अदालत के लाभ, नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 के तहत चेक बाउंस मामलों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण तथा न्यायालय के बाहर समझौते के माध्यम से समय, धन और श्रम की बचत के संबंध में जागरूक करेंगे। वही जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि विशेष लोक अदालत न्याय प्राप्त करने का सरल, त्वरित एवं प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि चेक बाउंस मामलों में आपसी सहमति से समझौता होने पर विवाद का शीघ्र समाधान संभव होता है तथा अनावश्यक मुकदमेबाजी से बचा जा सकता है। उन्होंने अधिक से अधिक वादकारियों से 18 जुलाई को आयोजित विशेष लोक अदालत में भाग लेकर अपने मामलों का सौहार्दपूर्ण निस्तारण कराने की अपील की।इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र प्रसाद, राजविजय सिंह, रमेश रंजन सिंह, अभिषेक आनंद एवं विद्या प्रसाद, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पुनीत कुमार तिवारी, एसीजेएम श्रीमती श्वेता सिंह, एसीजेएम प्रसेनजीत सिंह सहित न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्तागण एवं न्यायालयकर्मी उपस्थित थे।



जागरूकता रथ को रवाना करते प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अन्य।

## सोलर स्ट्रीट लाइटों का अधिष्ठापन शीघ्र पूरा करें पंचायत सरकार भवन रहें पूर्णतः क्रियाशील : डीएम

**मोतिहारी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने अपने कार्यालय कक्ष में पंचायती राज विभाग के कार्यो की प्रखंडवार समीक्षा बैठक कीस बैठक में उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्री राम जनम पासवान तथा पूर्वी चम्पारण के सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रखंडों में स्थापित किए जाने वाले सोलर स्ट्रीट लाइटों के लक्ष्य के विरुद्ध शेष अधिष्ठापन कार्य को कार्यकारी एजेंसी के माध्यम से शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारियों को अक्रियाशील सोलर स्ट्रीट लाइटों की पहचान कर उनकी सूची जिला पंचायती राज कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि उन्हें शीघ्र क्रियाशील बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने भवन निर्माण विभाग एवं स्थानीय संगठन अभियंत्रण विभाग द्वारा निर्मित पंचायत सरकार भवनों को शत-प्रतिशत क्रियाशील बनाए रखने का निर्देश देते हुए प्रत्येक सप्ताह कम-से-कम दो पंचायत सरकार भवनों का निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि पंचायत स्तर के सभी कर्मचारी, जैसे विकास मित्र, षि सलाहकार, आवास सहायक एवं राजस्व कर्मचारी, अपने दायित्वों का निर्वहन पंचायत सरकार भवन से ही करें।सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पंचायत स्तर के कर्मियों की पंचायत सरकार भवन में उपस्थिति एवं कार्य निष्पादन की नियमित निगरानी करें तथा इससे संबंधित प्रतिवेदन जिला पंचायती राज कार्यालय, पूर्वी चम्पारण को समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।



समीक्षा करते जिलाधिकारी व अन्य।

## प्रखंड कार्यालय में लगेगा बिजली शिकायत बॉक्स, हर शिकायत का होगा समयबद्ध निस्तारण

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पहाड़पुर प्रखंड में नई व्यवस्था शुरू की जाएगी। अब बिजली बिल की गड़बड़ी, ट्रांसफार्मर खराब होने, लो-वोल्टेज, जर्जर तार, फ्यूज उड़ने और बिजली कटौती जैसी शिकायतों के लिए उपभोक्ताओं को बिजली कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। जल्द ही प्रखंड कार्यालय परिसर में बिजली शिकायत बक्स लगाया जाएगा, जिसमें दर्ज हर शिकायत का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण होगा।यह निर्णय मंगलवार को प्रखंड सभागार में आयोजित बिजली समिति की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार के सचेतक, गोविन्ज विधायक एवं लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने की। बैठक में विधायक ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता हर गांव तक निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिजली बिल की त्रुटि, जले ट्रांसफार्मर, जर्जर तार, लो-वोल्टेज और अनियमित आपूर्ति जैसी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।विधायक ने कहा कि शिकायत बक्स शुरू होने से ग्रामीणों को छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बिजली कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। प्रत्येक शिकायत की नियमित मनिटरिंग होगी और शिकायतकर्ता को उसके निष्पादन की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। कोटवा पंचायत के मुखिया लाखन सिंह ने लगातार बिजली कटौती, वार्ड-10 में बार-बार फ्यूज उड़ने और जर्जर तार बदलने की मांग की। वहीं रजनीश सिंह ने दो वार्डों में नए ट्रांसफार्मर लगाने का प्रस्ताव रखा। तेजपुरवा पंचायत के ग्रामीणों ने भी नया ट्रांसफार्मर लगाने और बिजली आपूर्ति में सुधार की मांग की।बिजली विभाग के एसडीओ उमंग अग्रवाल ने कहा कि विभाग उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। लिखित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा और तकनीकी समस्याओं को जल्द दूर किया जाएगा।बैठक में बीडीओ अखिलेश कुमार, सीओ रामसेवक पासवान, पीओ प्रकाश कुमार श्रीवास्तव, आरओ आरती कुमारी, जेई ज्योतिष कुमार, बिजली सुपरवाइजर मनीष कुमार उपाध्याय सहित विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। बैठक के अंत में विधायक ने अधिकारियों को सभी शिकायतों का गंभीरता से समाधान कर बेहतर बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## नरकटिया विधायक का स्वागत

**चकिया।** जदयू के नरकटिया विधायक एवं व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विशाल साह का प्रखंड अध्यक्ष राजन कुमार पटेल के नेतृत्व में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने ओझा टोला के निकट एनएच 28 पर फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। उक्त स्थान पर सभी लोग उनके आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। जैसे हीं गाड़ी वहां रुकी लोगो ने उन्हें फूल माला से लाद दिया व अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया।मौके पर जदयू नेताओं में जिला अध्यक्ष भरत पटेल,अभय गुप्ता,आसिफ हुसैन,मो साजिद हुसैन,मुन्ना कुमार,मधुबन प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू पटेल,आकाश राम, ओमप्रकाश पटेल,मनीष पटेल, सीता राम पटेल,पवन पटेल,नरेश चौरसिया, सुभाष सहनी, मो रेजा, ईरफान आलम,सुरज साह,किशोरी कुशवाहा,राजकुमार पासवान, विकास बैठा, मोनु रावत, इंद्रजीत कुशवाहा,ललन कुमार, शंभु प्रसाद, बिट्टू कुशवाहा,राजेश कुशवाहा, अजय कुमार ,सीता राम पटेल, प्रकाश पटेल, पवन पटेल,संजय पटेल सहित अन्य मौजूद थे।



फूलमाला पहने विधायक।

# एलएनडी कॉलेज के बीबीए विभाग में सीनियर्स को विदाई

**मोतिहारी(एनएसबी)।** शहर के लक्ष्मी नारायण दुबे कलेज के बीबीए विभाग द्वारा आयोजित फेयरवेल कार्यक्रम उत्साह, उमंग एवं सांस्तिक रंगों के बीच संपन्न हुआ। फेयरवेल कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो (ड)मृगेंद्र कुमार, ड सुबोध कुमार, ड प्रभाकर कुमार, ड रविरंजन सिंह,निखिल कुमार,सत्यम वत्स के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के द्वारा किया गया।कार्यक्रम का आयोजन बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो(ड) मृगेन्द्र कुमार ने शुभकामना देते हुए कहा कि आप सभी विद्यार्थीगण खूब तरक्की करें और अच्छे पद को सुशोभित करें साथ ही महाविद्यालय रूपी जड़ से जुड़ कर रहे और भविष्य में महाविद्यालय के विकाश में भी आपलोग योगदान करें। बीबीए समन्वयक ड़ प्रभाकर कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि फेयरवेल केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जूनियर्स और सीनियर्स के बीच अनुभव, ज्ञान और प्रेरणा का ऐसा सेतु है, जो नई संभावनाओं का निर्माण करता है। साथ ही उन्होंने विभाग में हो रहे आधारभूत संरचना के विकाश को भी रेखांकित किया।कार्यक्रम को इतिहास विभागाध्यक्ष ड सुबोध कुमार,बीसीए समन्वयक ड़ दीपक कुमार,हिंदी विभागाध्यक्ष ड रविरंजन सिंह,बटनी विभागाध्यक्ष प्रो अरविंद कुमार,भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो राकेश रंजन कुमार,मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष ड कुमारी मनीषा, ड कविता कुमारी, ड अनीता कुमारी, ड ज्योत्सना ,प्रशाखा पदाधिकारी राजीव कुमार ने भी संबोधित किया तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्तिक कार्यक्रम, संगीत, नृत्य एवं विभिन्न मनोरंजक प्रस्तुतियों से समां बाँध दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बीबीए विभाग के प्राध्यापक प्रो निखिल कुमार,प्रो आशीष कुमार ,प्रो श्वेता जोशी,प्रो सत्यम वत्स,राजन कुमार सिंह,राहुल कुमार,विशाल कुमार सहित स्तुति,साक्षी,पल्लवी, ईशा,किट्टू,रिशु ,सोनाली,तिका,मुस्कान, सानवी, करण,नेहा, प्रिया, नंदनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



एलएनडी कलेज के बीबीए विभाग में सीनियर्स को विदाई।

## संक्षिप्त खबरें

### कुष्ठ रोग प्रभावित परिवारों के लिए समर्पित सामाजिक संस्था है राइजिंग स्टार आउटरीच ऑफ इंडिया

**मोतिहारी(एनएसबी)।** राइजिंग स्टार आउटरीच अफ इंडिया एक सामाजिक संस्था है, जो भारत में कुष्ठ रोग (स्मचतवेल) से प्रभावित परिवारों और उनके बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कार्य कर रही है। संस्था भारत के तीन राज्यों में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रही है। बिहार में इसका प्रमुख केंद्र पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल स्थित एंड्रयूज कैंपस में संचालित हैस राइजिंग स्टार आउटरीच अफ इंडिया का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि कुष्ठ रोग से प्रभावित परिवारों के बच्चों को सम्मानजनक, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य देना है। संस्था अपने आवासीय विद्यालय में लगभग 1000 बच्चों को निःशुल्क आवास, पौष्टिक भोजन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ, खेलकूद, कंप्यूटर शिक्षा तथा नैतिक एवं व्यक्तित्व विकास का अवसर प्रदान करती है। यहाँ बच्चों को कक्षा 12वीं तक पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है। इनमें से 400 बच्चों रकसोल में हैंस बिहार के उत्तरी क्षेत्रों में स्थित विभिन्न कुष्ठ रोग कलोनियोंजैसे पूर्वी चंपारण (मोतिहारी एवं रक्सौल क्षेत्र), पश्चिम चंपारण, सीतामढ़ी, पटना सहित अन्य क्षेत्रोंसे बच्चों का चयन कर उन्हें शिक्षा एवं समग्र विकास का अवसर दिया जाता है। संस्था शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता, शौचालय निर्माण, आजीविका सहायता तथा सामुदायिक विकास से जुड़े अनेक कार्यक्रम भी संचालित करती है, ताकि कुष्ठ रोग से प्रभावित परिवार आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जी सकें।आज जिलाधिकारी के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल के साथ संस्थान का भ्रमण किया गया। डीएम ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्रावास, बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यो का अवलोकन किया और अपने सकारात्मक विचार व्यक्त किए।राइजिंग स्टार आउटरीच अफ इंडिया परिवार द्वारा जिलाधिकारी महोदय के इस प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक दौरे के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया गया है और कहा गया है कि भविष्य में भी जिला प्रशासन का मार्गदर्शन एवं सहयोग मिलता रहेगा, जिससे हम कुष्ठ रोग से प्रभावित परिवारों और उनके बच्चों के जीवन में शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान के नए अवसर उपलब्ध कराते रहेंगे। शिक्षा, सेवा और सम्मान के माध्यम से हर बच्चे के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण ही राइजिंग स्टार आउटरीच अफ इंडिया का संकल्प है।

### श्मशान घाट में मौत का गड्ढा! विकास कार्य की बड़ी लापरवाही, 20 फीट गहरी खुदाई के साये में अंतिम यात्रा

#### सती स्थान श्मशान घाट में सुरक्षा व्यवस्था नदारदय गंगा का बढ़ता जलस्तर बढ़ा रहा धंसान का खतरा, स्थानीय लोगों ने कहा हादसे के बाद नहीं, पहले जागे प्रशासन

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** उत्तरवाहिनी गंगा के पवित्र तट पर स्थित बाढ़ का ऐतिहासिक सती स्थान श्मशान घाट, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग अपने परिजनों की अंतिम विदाई देने पहुंचते हैं, आज स्वयं एक बड़े हादसे की आशंका के बीच खड़ा है। शवदाह गृह निर्माण के नाम पर करीब 20 फीट गहरा गड्ढा खोदकर उसे बिना पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के खुला छोड़ दिया गया है। बरसात के मौसम और गंगा के बढ़ते जलस्तर के बीच यह गड्ढा किसी भी समय एक बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है।स्थानीय लोगों के अनुसार, निर्माण एजेंसी ने पिलर निर्माण के लिए गहरी खुदाई तो कर दी, लेकिन न तो मजबूत बैरिकेडिंग की गई, न चेतावनी संकेत लगाए गए और न ही रात के समय सुरक्षा के लिए प्रकाश की समुचित व्यवस्था की गई। सबसे गंभीर बात यह है कि यह गड्ढा उसी मुख्य मार्ग के किनारे स्थित है, जहां से अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों का लगातार आवागमन होता है।लोगों का कहना है कि श्मशान घाट का वातावरण अक्सर भीड़भाड़ वाला रहता है। कई बार अंतिम संस्कार में शामिल कुछ लोग नशे की हालत में भी रहते हैं। ऐसे में जरा-सी असावधानी या पैर फिसलने की स्थिति सीधे जानलेवा साबित हो सकती है। गड्ढे के भीतर निकली लोहे की सरिया दुर्घटना की आशंका को और भी भयावह बना रही है।उधर, गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने से स्थिति और चिंताजनक हो गई है। गड्ढे के आसपास की मिट्टी में कटाव और धंसान की आशंका बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जलस्तर बढ़ने के कारण फिलहाल निर्माण कार्य रोक दिया गया है। यदि काम बंद है तो नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गड्ढे की अस्थायी भराई या वैकल्पिक सुरक्षा व्यवस्था तत्काल की जानी चाहिए।सती स्थान श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए वर्तमान में केवल दो रास्ते हैं। इनमें से एक मार्ग वर्षभर कीचड़ और जलजमाव से प्रभावित रहता है, जबकि दूसरा मार्ग इसी गहरे गड्ढे के बिल्कुल किनारे से गुजरता है। यदि गंगा का जलस्तर और बढ़ा तो कटाव के कारण यह मार्ग भी प्रभावित हो सकता है, जिससे शवदाह स्थल तक पहुंचना कठिन हो जाएगा।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि विकास कार्यो में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। उनका कहना है कि यदि समय रहते गड्ढे की भराई, मजबूत बैरिकेडिंग और चेतावनी संकेतों की व्यवस्था नहीं की गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है।यह मामला केवल एक निर्माणाधीन परियोजना का नहीं, बल्कि प्रतिदिन सैकड़ों लोगों की सुरक्षा से जुड़ा है। विकास कार्य तभी सार्थक माने जाएंगे जब वे नागरिकों की जान जोखिम में डाले बिना पूरे किए जाएं। बरसात के इस मौसम में सती स्थान श्मशान घाट पर बना यह गहरा गड्ढा प्रशासन और निर्माण एजेंसी, दोनों के लिए एक गंभीर चेतावनी है कि कहीं लापरवाही किसी बड़ी त्रासदी का कारण न बन जाए।



सती स्थान उमानाथ मंदिर, बाढ।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ कोर्ट एरिया अंतर्गत भट गांव में विद्युत स्पर्शाघात से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि वह किसी कार्य के दौरान अचानक करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### एक छात्र एक पौधा का संकल्प, इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के तहत डुमरिया विद्यालय में हुआ पौधारोपण

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डुमरिया में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ (इकोपेक्स लाइफ) के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमार ने किया।इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। विद्यार्थियों ने पौधारोपण के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक उमेश कुमार ने कहा कि पेड़-पौधे केवल पर्यावरण का संतुलन ही नहीं बनाए रखते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व सुरक्षित भविष्य भी प्रदान करते हैं। उन्होंने छात्रों से प्रत्येक वर्ष कम-से-कम एक पौधा लगाने और उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मिशन लाइफ का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति व्यक्तिगत जिम्मेदारी विकसित करना है। यदि प्रत्येक व्यक्ति प्रति संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना ले, तो जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण जैसी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सकता है।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े प्रेरक संदेश भी दिए और विद्यालय परिसर को अधिक हरा-भरा एवं स्वच्छ बनाने का संकल्प दोहराया।इस अवसर पर सूर्या कुमार, अनीश कुमार, शिवम कुमार, मिथुन कुमार, अमरीश कुमार, शत्रुघ कुमार, निशांत कुमार, मिका कुमार, दिलकुश कुमार, प्रदीप कुमार, ऋतिक कुमार, अंकुश कुमार, आशुतोष कुमार, छोटू कुमार, आयुष कुमार, ण कुमार, पंकज कुमार, नीरज कुमार, धीरज कुमार, शिवांशु कुमार एवं अंकित कुमार सहित इको क्लब के अनेक सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सदर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई में धोखाधड़ी के दो अलग-अलग कांडों में तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** सदर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध दर्ज कांडों में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस के अनुसार सदर थाना कांड संख्या 825ध्2026 एवं 826ध्2026 में छापेमारी कर मो. सोहेल, पिता मो. इब्राहिम, निवासी अमन चैक, थाना सदर, रोहन कुमार, पिता जागेश्वर प्रसाद यादव, निवासी चैराठी, थाना सलखुआ तथा सुशील कुमार, पिता रामचन्द्र साह, निवासी महेशराहा, जिला सहरसा को गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने बताया कि दोनों मामलों की गंभीरता से जांच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के आधार पर मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आम लोगों से धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी, पीड़ित ने थाने में दी तहरीर



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के बनमा वार्ड संख्या-13 स्थित चुआ टोला में घर के बाहर खड़ी एक बाइक अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। घटना के बाद पीड़ित ने बनमा ईटहरी थाना में लिखित आवेदन देकर बाइक बरामद करने और चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना को दिए आवेदन में चुआ टोला निवासी सुगम कुमार, पिता देबू यादव ने बताया कि 13 जुलाई 2026 की रात करीब 12 बजे के बाद उनकी हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक घर के बाहर खड़ी थी। सुबह उठने पर बाइक अपने स्थान पर नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने परिजनों और ग्रामीणों के सहयोग से आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित के अनुसार चोरी हुई बाइक काले रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस है, जिसका पंजीकरण संख्या बी आर-50 ए जी 7854 है। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर जल्द बाइक बरामद करने तथा अज्ञात चोरों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इधर, क्षेत्र में लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्ती तेज करने और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है।

### आग से बचाव को लेकर अग्निशमन विभाग ने चलाया जागरूकता

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड में अग्निशमन विभाग द्वारा आग से बचाव एवं सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभाग के कर्मियों ने लोगों को आग लगने के कारण, उससे बचाव के उपाय तथा आपात स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। अग्निप्रभारी अभितांश कुमार ने कहा कि आग लगने की अधिकांश घटनाएं लापरवाही के कारण होती हैं। उन्होंने लोगों से बिजली के उपकरणों का सावधानी



पूर्वक उपयोग करने, गैस सिलेंडर की नियमित जांच कराने तथा ज्वलनशील वस्तुओं को सुरक्षित स्थान पर रखने की अपील की। साथ ही आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना देने और प्राथमिक सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी। इस दौरान विभाग के कर्मियों ने लोगों को आग बुझाने के प्रारंभिक तरीकों का भी प्रदर्शन किया और जागरूक रहकर दुर्घटनाओं को रोकने का संदेश दिया। इस दौरान विकास कुमार, निरंजन कुमार रेजी कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

### जलजमाव से घिरा एनपीएस विद्यालय, पढ़ाई और मध्याह्न भोजन व्यवस्था पर पड़ा असर

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** लगातार हो रही बारिश ने प्रखंड क्षेत्र के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय जमालनगर मुसहरी की व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। विद्यालय परिसर में जलजमाव होने से बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ मध्याह्न भोजन का संचालन भी बाधित हो गया है। विद्यालय परिसर चारों ओर से पानी से घिर जाने के कारण छात्र-छात्राओं को विद्यालय पहुंचने और



कक्षाओं में बैठकर पढ़ाई करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं रसोईघर में पानी घुस जाने से मध्याह्न भोजन के लिए रखे गए चावल सहित अन्य खाद्य सामग्री भी भीग गई है, जिससे भोजन व्यवस्था प्रभावित होने लगी है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अंजना चैधरी ने बताया कि इस समस्या से संबंधित लिखित आवेदन बीईओ को देकर शीघ्र समाधान की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि रसोईघर में पानी भर जाने से खाद्यान्न को सुरक्षित रखना मुश्किल हो गया है। यदि जल्द जलनिकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। स्थानीय ग्रामीण दिपलेश राम, अवध राम, बाबलू यादव और गोपाल यादव ने बताया कि विद्यालय में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हर वर्ष बरसात के मौसम में यही समस्या उत्पन्न होती है। जलजमाव के कारण बच्चों को गंदे पानी से होकर विद्यालय आना पड़ता है, जिससे उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा पर भी खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन से विद्यालय परिसर से अविलंब पानी निकासी कराने तथा स्थायी जलनिकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि बच्चों की पढ़ाई और मध्याह्न भोजन व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके।

### आजाद युवा विचार मंच द्वारा फिर एक जीवन बचाने के लिए मुश्किल परिस्थितियों में रक्तदान किया गया

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** नया बाजार निवासी सुषमा प्रिया बुखार से पीड़ित थी अचानक वो चक्कर खाकर गिर गई, जिसे तुरंत उनके बुजुर्ग माता-पिता द्वारा



सदर अस्पताल लाया गया जहां जांचोपरांत पता चला कि उसका हिमोग्लोबिन महज 4.7 है और उन्हें तुरंत ठ. रक्त कि अत्यंत आवश्यकता है, सदर अस्पताल के रक्त अधिकोष मे रक्त उपलब्ध नहीं रहने के कारण उनके परीजनो द्वारा रक्त कि व्यवस्था के लिए आजाद युवा विचार मंच से फोन के माध्यम से संपर्क किया गया, वक्त कि नजाकत को देखते हुए मंच के रक्तदान कार्य से जुड़े राजीव गुप्ता जी देर रात्रि तुरंत उपस्थित होकर जरुरतमंद मरीज के जीवन बचाने हेतु रक्तदान किया गया द्वारा किया गया । मौके पर उपस्थित मरीज के पिता महेंद्र ठाकुर ने कहा कि जिस तरह आजाद युवा विचार मंच किसी भी जरुरतमंदों के लिए रक्तदान जैसा महत्वपूर्ण कार्य पुरे समर्पण के साथ करता है वो समाज के लिए प्रेरणादायक है। रक्तदान के इस कार्य में शैलेश कुमार झा, मृत्युंजय झा, अनुज कुमार प्रणव प्रेम, ललित कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सहरसा जंक्शन पर जीआरपी व आरपीएफ की बड़ी उपलब्धि, 15 किलो गांजा के साथ हरियाणा का तस्कर गिरफ्तार

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सहरसा रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेल पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मंगलवार सुबह सहरसा रेलवे स्टेशन पर 04071 सुपौल से नई दिल्ली जा रही ट्रेन से 15 किलोग्राम गांजा बरामद कर बड़ी उपलब्धि हासिल की गई। इस मामले में हरियाणा निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत करीब 7.50 लाख रुपये बताई गई है। आरपीएफ पोस्ट निरीक्षक धनंजय कुमार को मंगलवार सुबह करीब 8रू40 बजे गुप्त सूचना मिली कि ट्रेन संख्या 04071 के एक कोच में जितेंद्र नामक व्यक्ति सुपौल से नई दिल्ली की ओर मादक पदार्थ लेकर यात्रा कर रहा है सूचना मिलते ही आरपीएफ ने जीआरपी के साथ संयुक्त अभियान चलाया। वही प्लेटफॉर्म संख्या-3 पर खड़ी ट्रेन की तलाशी ली गई।





रेल पुलिस अधिकारी के गिरफ्त में तस्कर

प्रारंभिक जांच में संदिग्ध नहीं मिलने पर ऑन ड्यूटी टीटीई से जानकारी ली गई। टीटीई ने बताया कि जितेंद्र नाम का यात्री कोच बी-2 की सीट संख्या 58 पर सुपौल से बनारस तक का आरक्षित टिकट लेकर यात्रा कर रहा है। टीम जब उक्त सीट पर पहुंची तो एक व्यक्ति चादर ओढ़कर सोया मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम जितेंद्र बताया, लेकिन सामान के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। बाद में उसने स्वीकार किया कि उसके ट्रॉली बैग, पिट्ठू बैग और हैंडबैग में गांजा रखा है। ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान समय को देखते हुए यात्री और उसके तीनों बैग को वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ उतारकर आरपीएफ पोस्ट लाया गया। तत्पश्चात दंडाधिकारी ललन कुमार चैधरी मार्केटिंग ऑफिसर, सत्तरकटैया की मौजूदगी में बैगों की सघन तलाशी ली गई। बरामद सामग्री का इलेक्ट्रॉनिक तराजू से वजन करने पर कुल 15 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 39 वर्षीय जितेंद्र पिता-सुरेश कुमार, निवासी लक्ष्मीनगर, थाना एवं जिला भिवानी, हरियाणा के रूप में हुई है। उसकी तलाशी में दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए है।जीआरपी सहरसा ने आरोपी के विरुद्ध रेल थाना कांड संख्या 30ध्26 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20(डी)(11)(बी) में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मामले की जांच अवर निरीक्षक राजेश कुमार को सौंपी गई है। वही पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गांजे की खेप कहां से लाई गई थी और इसे किसे पहुंचाया जाना था। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी जीआरपी व आरपीएफ द्वारा ट्रेन से तस्कर एवं गांजा तथा शराब की बड़ी खेप बरामद की जा चुकी है।

### गैर जमानती वारंट के पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले में पुलिस द्वारा अपराधियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सलखुआ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैर जमानती वारंट के पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सभी गिरफ्तार आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत गैर जमानती वारंट के आलोक में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान मनदून यादव, भुना यादव (पिता- कपिल यादव), विनोद यादव (पिता- कालो यादव), दोनों निवासी महादेव मठ, रामभरोस यादव निवासी सलखुआ तथा दिलीश्वर यादव निवासी गंगापुर, थाना सलखुआ, जिला सहरसा को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय से निर्गत वारंटों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी रहेगी तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सक्रिय है।

## चार वर्षों से अधूरी पड़ी नल-जल योजना, ग्रामीण विषाक्त पानी पीने को मजबूर

**सोनवर्षा राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना दम तोड़ रही है। जिससे आमजनों को भारी परेशानी हो रही है।



प्रदर्षन करते ग्रामीण

इस दौरान पड़रिया पंचायत के फतेहपुर वार्ड संख्या 04 एवं 05 में मुख्यमंत्री नल-जल योजना पिछले करीब चार वर्षों से अधूरी पड़ी है। योजना पर लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद आज तक ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो सका है। इससे नाराज ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए जिला प्रशासन से शीघ्र योजना पूरी कर चालू कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही के कारण नल-जल योजना का कार्य वर्षों पहले अधूरा छोड़ दिया गया। पाइपलाइन एवं अन्य कार्य पूरे नहीं होने से योजना का लाभ लोगों तक नहीं पहुंच सका। मजबूरी में ग्रामीण दूषित एवं विषाक्त पानी का उपयोग कर रहे हैं, जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ कागजों तक सीमित रह गया है। कई बार संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले की जांच कर अविलंब योजना को पूरा कर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। विरोध प्रदर्शन में राजद नेता सुरेश प्रसाद यादव के अलावा उधो यादव, मिथिलेश कुमार यादव, राम पुकार सिंह, बेचन सिंह, अशोक साह, हरि प्रसाद सिंह, महंथू दास, पवित्तर तांती, अमीत तांती, मंटून यादव, महावीर दास, गुरु प्रसाद तांती, अरविंद यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। क्या कहते हैं अधिकारी? इस संबंध में कनिय अभियंता भोला शंकर ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए योजना को पूरा कराने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

## बिहार का एकमात्र होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज बंद होने से शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मी मायूस

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** आगामी श्रावणी मास एवं सोमवारी के दौरान बाबा मटेश्वरल धाम में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए अनुमंडल प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष तथा अनुमंडल पदाधिकारी आलोक राय ने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण कर सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहन कुमार सिंह, अंचलाधिकारी नवीन कुमार, राजस्व पदाधिकारी खुशबू कुमारी, बनमा अंचलाधिकारी तथा कार्यक्रम पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मंदिर परिसर,



साफ-सफाई, पेयजल का जायजा लेते एसडीओ

कांवरिया पथ, शिवगंगा, मुख्य प्रवेश व निकास मार्ग सहित उन स्थलों का भ्रमण कर मेले की तैयारियों की समीक्षा की जहाँ भीड़-भाड़ की सम्भावना अधिक रहती है। एसडीओ आलोक राय ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रामविलास दास को निर्देश दिया कि निर्धारित समय के भीतर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वहीं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) के अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश देते हुए श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य श्रावणी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराना है। इस दिशा में कांवरिया पथ, शिवगंगा तथा अन्य संवेदनशील स्थलों की सूची तैयार कर दी गई है। आवश्यकता के अनुसार दंडाधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी ताकि भीड़-प्रबन्धन और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और बेहतर व्यवस्था प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण अवसर पर बाबा मटेश्वर धाम मंदिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष मुन्ना भगत, कोषाध्यक्ष कृष्ण कन्हैया खेतान, सदस्य कृष्ण कन्हैया, ललित झा, विद्यानंद ठाकुर सहित न्यास समिति के अन्य सदस्य व स्थानीय गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। प्रशासन ने संबंधित विभागों को सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए हैं, जिससे श्रावणी मेला शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

## प्रस्तावित मास्टर प्लान के विभिन्न पहलुओं को लेकर बैठक आयोजित

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** सहरसा आयोजना क्षेत्र के आधारित मास्टर प्लान-2045 के प्रस्तावित प्रारूप की समीक्षा, हितधारकों से प्राप्त सुझावों पर विशेष बल दिया गया। आज सहरसा आयोजना क्षेत्र प्राधिकार के अंतर्गत की समीक्षा एवं हितधारकों से सुझाव प्राप्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी दीपेश कुमार ने की। बैठक में उप विकास आयुक्त, विधायक सदर सहरसा, महापौर नगर निगम सहरसा सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ एवं अन्य संबंधित हितधारक उपस्थित रहे। इस दौरान प्रस्तावित मास्टर प्लान के विभिन्न पहलुओं, जैसे शहरी विस्तार, भूमि उपयोग, सड़क एवं परिवहन नेटवर्क, जल निकासी व्यवस्था, हरित क्षेत्र, सार्वजनिक सुविधाओं तथा भविष्य की आधारभूत संरचना के विकास संबंधी प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्ष 2045 की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जा रहा यह मास्टर प्लान सहरसा के सुनियोजित, संतुलित एवं सतत शहरी विकास की आधारशिला सिद्ध होगा। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों से व्यवहारिक एवं जनहितकारी सुझाव देने का आग्रह किया, ताकि अंतिम मास्टर प्लान स्थानीय आवश्यकताओं एवं भविष्य की विकासात्मक जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जा सके। बैठक में प्राप्त सुझावों एवं आपत्तियों का विधिवत परीक्षण कर आवश्यकतानुसार प्रस्तावित प्रारूप में समावेश करने का निर्णय लिया गया।

### मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम से जुड़े डीएम व अन्य

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** मंगलवार को मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।



कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पारदर्शी, त्वरित एवं प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराना तथा प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर जिला समाहरणालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष से जिलाधिकारी दीपेश कुमार सहित संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी कार्यक्रम से जुड़े। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के पदाधिकारियों को सहयोग कार्यक्रम के सफल संचालन, प्राप्त आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन तथा आमजन को बेहतर प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के उपरांत संबंधित विभागों के अधिकारियों को सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों के त्वरित निष्पादन, नियमित अनुश्रवण एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप प्रत्येक पात्र लाभुक तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री द्वारा राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम का शुभारंभ, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से

### बिना नंबर प्लेट के ऑटो से 128 लीटर विदेशी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)।** पस्तपार थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक बिना नंबर प्लेट वाले ऑटो से 128 लीटर विदेशी शराब बरामद की है। इस दौरान पुलिस ने मौके से दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान नवनीत कुमार (22 वर्ष), पिताद्द सचेंद्र यादव तथा सुरेंद्र यादव (45 वर्ष), पिताद्द रामधारी यादव के रूप में हुई है। दोनों मधेपुरा जिले के महेश गांव के निवासी बताए गए हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बिना नंबर प्लेट का एक ऑटो विदेशी शराब की खेप लेकर क्षेत्र से गुजरने वाला है। सूचना के आधार पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान संदिग्ध ऑटो को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें कुल 128 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब और ऑटो को जब्त कर दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।इस दौरान थानाध्यक्ष विजय कुमार पासवान ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

## सहरसा में नाला निर्माण की जांच को पहुंची लोक अदालत की टीम, ढक्कन व सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** व्यवहार न्यायालय, की लोक अदालत में लंबित एक मामले की सुनवाई के क्रम में गठित तीन सदस्यीय अधिवक्ताओं की जांच टीम ने मंगलवार की शाम अनुराग गली से झांसी चैक तक नाला निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। यह जांच पीएलए वाद संख्या 4ध्26 के तहत लोक अदालत के मजिस्ट्रेट महेश कुमार के निर्देश पर कराई जा रही है। टीम को 16 जुलाई तक अपनी जांच रिपोर्ट न्यायालय में सौंपनी है। जांच दल में अधिवक्ता ई कौशल यादव, अधिवक्ता मनोज कुमार वर्मा एवं अधिवक्ता रवि भूषण शामिल थे। टीम ने पूरे क्षेत्र का निरीक्षण कर नाला निर्माण, सफाई व्यवस्था तथा सुरक्षा संबंधी पहलुओं का जायजा लिया। अधिवक्ता इंजीनियर कौशल यादव ने बताया कि सहरसा नगर निगम द्वारा डीबी



जांच करते लोक अदालत की टीम

रोड स्थित अनुराग गली से झांसी चैक तक पुनरू नए सिरे से रोड बनाने की आवश्यकता और रोड की ऊंचाई घर की ऊंचाई से ज्यादा ना हो।इस मामले में गांधी पथ निवासी कलेन्द्र प्रताप सिंह ने लोक अदालत में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि नगर निगम द्वारा नाले की केवल आंशिक सफाई कराई गई है, जबकि अधिकांश हिस्सों में अब भी गाद और कचरा जमा है। साथ ही नाला का ढक्कन नहीं लगा है। जिससे राहगीरों को सड़क दुर्घटना में जख्मी होना पड़ता है।उन्होंने मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए पीएलए वाद दायर किया था।आवेदन पर संज्ञान लेते हुए लोक अदालत के मजिस्ट्रेट महेश कुमार ने तथ्यों की जांच के लिए तीन सदस्यीय अधिवक्ताओं की टीम गठित कर स्थल निरीक्षण का निर्देश दिया था। इसी क्रम में मंगलवार को टीम ने मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया।जांच के दौरान अधिवक्ता मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि नाले का निर्माण तो करा दिया गया है, लेकिन कई स्थानों पर नाले के ऊपर लगाए गए ढक्कन सही तरीके से नहीं रखे गए हैं। इससे राहगीरों एवं वाहन चालकों के लिए दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इसके अलावा नाले के आसपास कई जगह गंदगी और कचरे का अंबार भी देखा गया, जिससे स्पष्ट होता है कि नियमित सफाई नहीं हो रही है।जांच टीम ने निरीक्षण के दौरान विभिन्न बिंदुओं का दस्तावेजीकरण किया। अब टीम अपनी विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार कर 16 जुलाई तक लोक अदालत में प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर आगे की न्यायिक कार्रवाई की जाएगी।

# कोसी के विकराल रूप से पंचविग्गी गांव में दहशत

## खतरे के निशान से 0.55 फीट ऊपर बह रही नदी

दैनिक नवसंदेश

**बेलदौर।** प्रखंड के इतमादी पंचायत का पंचविग्गी गांव इस वक्त कटाव के मुहाने पर खड़ा है। कोशी, बागमती और काली कोसी तीनों नदियों से घिरे इतमादी पंचायत के पंचविग्गी गांव पर कोसी नदी ने विकराल रूप अख्तियार कर लिया है। इससे गांव में दहशत है।

जल संसाधन विभाग के अनुसार कोशी प्रमंडल-2 का वाटर लेवल 34.4 चल रहा है, जबकि डेंजर लेवल 33.85 है। यानि नदी खतरे के निशान से 0.55 फीट ऊपर बह रही है। कटाव की रफ्तार इतनी तेज है कि 380 मीटर के दायरे में फ्लड फायटिग कार्य नदी में समा रही है। ग्रामीण जवाहर शर्मा, पंसस मुनेश शर्मा, मुखिया हिटलर शर्मा का आरोप है कि ठेकेदार करीब पांच दिनों से काम छोड़कर



फरार हैं। हाथीपांव, कीपिचिंग काम बीच में ही रोक दिया गया है। अगर हाथीपांव की पिचिंग पूरी नहीं हुई तो पानी की तेज धार इस पूरी मेहनत को बहा ले जाएगी। ठेकेदार का एनसी का कार्य कोसी नदी में समा चुका है। जेई कटाव स्थल पर आना मुनासिब नहीं समझते हैं। इस संदर्भ में जब जेई से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पदाधिकारी के साथ उठना

**फ्लड फाइटिंग काम में जुटे ठेकेदार पर ग्रामीणों ने पिछले पांच दिनों से फरार रहने का लगाया आरोप**

बैठना रहता है इसलिए कार्यस्थल पर नहीं आ पाए। उन्होंने कहा कि बंबूरोल कोसी कटाव स्थल पर देने से कोई मतलब नहीं बचेगा।

ग्रामीणों का कहना है कि हर साल सैकड़ो एकड़ भूमि कोसी नदी में समा जाती है। उक्त स्थल पर बोल्डर का कार्य किया जाता है तो कोसी नदी के कटाव से मुक्ति मिल सकती है। ग्रामीण सीता देवी कहती हैं कि हर साल कोसी के कटाव से जमीन नदी में समा जाती है। करोड़ों के बोरे और बांस पानी में बह जाते हैं, इससे ठेकेदारों की चांदी होती है।

# बारिश से धानरोपनी ने पकड़ी रफ्तार

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र में मौसम की पहली अच्छी बारिश ने किसानों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसान अब अपने-अपने खेतों में धान की रोपाई में जुट गए हैं। हालांकि किसानों का कहना है कि अभी भी सामान्य खेती के लिए लगातार और अच्छी बारिश की आवश्यकता है। बताते चलें कि इस सीजन में इससे पहले भी दो-तीन बार हल्की बारिश हुई थी, लेकिन उससे खेतों में पर्याप्त नमी नहीं बन सकी थी। ऐसे में किसानों को कोई खास फायदा नहीं मिला।

पिछले दो दिनों के दौरान हुई बारिश से खेतों में कुछ नमी आई है, जिससे धान की रोपाई का कार्य तेज हो गया है। फिर भी प्रखंड के कई ऊंचे इलाकों में किसानों को अब भी खेतों की पटवन कर कदवा तैयार करना पड़ रहा है। वहीं निचले क्षेत्रों के खेतों में बारिश का अपेक्षाकृत अधिक लाभ मिला है, जहां रोपाई का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। सोमवार रात हुई तेज बारिश से किसानों में धान रोपाई को लेकर नई उम्मीद जगी है, लेकिन उनका मानना है कि केवल एक-दो दिन की बारिश पर्याप्त नहीं है। स्थानीय किसानों ने बताया कि यदि अगले दो-तीन दिनों तक लगातार अच्छी



खेत में धान की रोपाई करते लोग।

**आगे भी अच्छी बारिश नहीं हुई तो किसानों पर बढ़ेगा आर्थिक बोझ**

बारिश नहीं हुई तो खेतों में नमी फिर कम हो जाएगी और उन्हें सिंचाई के सहारे ही धान की रोपाई करनी पड़ेगी। इससे खेती की लागत भी बढ़ेगी और छोटे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। वहीं, बारिश के कारण मौसम में ठंडक घुल गई है और पिछले कई दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है। वातावरण में नमी बढ़ने से आमजन ने भी सुकून महसूस किया है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि धान की बेहतर फसल के लिए आने वाले दिनों में नियमित और संतुलित वर्षा बेहद जरूरी है। यदि समय पर अच्छी बारिश होती रही तो इस वर्ष धान की खेती बेहतर होने की उम्मीद है। फिलहाल किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए मानसून की मेहरबानी का इंतजार कर रहे हैं।

# परबत्ता में दो सड़क हादसे, बुजुर्ग और महिला गंभीर रूप से घायल

**परबत्ता (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना मंगलवार को गोढ़ियासी जीएन बांध के पास हुई, जहां अटो पलटने से नयागांव सातखुट्टी निवासी रामपाल सिंह उर्फ भोला सिंह (65) घायल हो गए। उन्हें सीएचसी परबत्ता से बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय रेफर किया गया। दूसरी घटना सोमवार देर रात गोगरी-नारायणपुर तटबंध पर उदयपुर गांव के समीप हुई। सड़क किनारे टहल रही गुंजन देवी को अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने उन्हें सीएचसी परबत्ता पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद



खगड़िया सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाइक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# संवेदक को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई शुरू

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** नगर परिषद खगड़िया में विकास कार्यो की गुणवत्ता को लेकर अब सख्ती बढ़ा दी गई है। वार्ड संख्या-09 एवं वार्ड संख्या-29 में कराए गए निर्माण कार्यो में जांच के दौरान गंभीर अनियमितता सामने आने के बाद नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र भेजकर संबंधित संवेदक वरुण कुमार को नगर परिषद की निविदा प्रक्रिया से ब्लैकलिस्ट करने सहित नियमानुसार विभागीय एवं विधिक कार्रवाई प्रारंभ करने का अनुरोध किया है। नगर सभापति ने अपने पत्र में कहा है कि दोनों योजनाओं में निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं होने की शिकायत प्राप्त होने पर कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा स्थल जांच कराई गई। जांच के दौरान यह पाया गया कि संवेदक द्वारा स्वीत प्राक्कलन एवं विभागीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य नहीं कराया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर अभियंताओं ने भुगतान योग्य राशि में भारी कटौती करते हुए माप पुस्तिका तैयार की। वार्ड संख्या-09 में 28,57,700 की स्वीकृत योजना के विरुद्ध केवल 24,97,741 का कार्य ही

**नगर सभापति ने गुणवत्ताहीन कार्य पर अपनाया सख्त रुख**

मान्य पाया गया। वहीं वार्ड संख्या-29 में 34,28,600 की स्वीत राशि के विरुद्ध जांच के बाद केवल 25,93,125 का कार्य भुगतान योग्य माना गया। दोनों योजनाओं में लाखों रुपये की कटौती ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। नगर सभापति ने कहा कि यदि किसी संवेदक द्वारा सरकारी योजनाओं में स्वीत मानकों के अनुरूप कार्य नहीं किया जाता है तो केवल भुगतान में कटौती कर देना पर्याप्त कार्रवाई नहीं मानी जा सकती। ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई आवश्यक है, ताकि भविष्य में कोई भी संवेदक जनहित से जुड़ी योजनाओं में लापरवाही अथवा घटिया निर्माण करने का साहस न कर सके। अपने आवेदन में उन्होंने बिहार संवेदक निबंधन नियमावली, निविदा की शर्तो एवं विभागीय प्रावधानों का उल्लेख करते हुए संवेदक वरुण कुमार को नगर परिषद खगड़िया की निविदा प्रक्रिया से ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई प्रारंभ करने तथा आवश्यक विभागीय एवं विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है। कार्यपालक पदाधिकारी सिंधु कमल ने कहा कि नगर सभापति द्वारा प्राप्त आवेदन एवं जांच प्रतिवेदन का परीक्षण विभागीय नियमों और संविदा की शर्तो के अनुरूप किया जाएगा। उपलब्ध अभिलेखों एवं नियमों के आधार पर कार्रवाई होगी।

# डिग्री कॉलेज उद्घाटन की तैयारियां अंतिम चरण में

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पहाड़चक गांव में नवनिर्मित डिग्री कॉलेज के उद्घाटन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। बुधवार को प्रस्तावित उद्घाटन समारोह के मद्देनजर मंगलवार को अधिकारियों की टीम ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर आगंतुकों एवं स्थानीय नागरिकों के बैठने, पेयजल, साफ-सफाई, सुरक्षा, पार्किंग,मंच व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर और सुचारु रूप से पूरी करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि उद्घाटन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हो

**उद्घाटन आज, अधिकारियों की टीम ने किया स्थल निरीक्षण**

सके। जानकारी के अनुसार, बुधवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी लाइव वेबकास्ट के माध्यम से पहाड़चक स्थित डिग्री कलेज का उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान तकनीकी व्यवस्थाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि लाइव वेबकास्ट में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# जिला कृषि पदाधिकारी ने किया कृषि कार्यालय का निरीक्षण



जिला कृषि पदाधिकारी का अभिनंदन करते प्रखंड के पदाधिकारी।

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** जिला कृषि पदाधिकारी अजीत कुमार पासवान ने मंगलवार को चौथम प्रखंड कृषि कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी ने विशेष रूप से किसानों के बीच हाइब्रिड मक्का एवं हाइब्रिड धान बीज वितरण की स्थिति की समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिया कि पात्र किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराया जाए तथा षि विभाग की सभी सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र किसान को योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके अलावा उद्यान विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी ने धनिया एवं मेथी की खेती को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर आधारित योजना के तहत पंचायतों का चयन करने का निर्देश दिया। साथ ही इच्छुक किसानों द्वारा कला बी योजना के लिए किए गए अनलाइन आवेदनों की जानकारी प्राप्त कर उनके शीघ्र निष्पादन पर भी जोर दिया।

उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि किसानों के बीच जागरूकता अभियान चलाकर उन्हें विभागीय योजनाओं की जानकारी दें, ताकि अधिक से अधिक किसान इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। साथ ही बीज वितरण, कृषि यंत्रीकरण एवं उद्यानिकी योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने को कहा। मौके पर उपस्थित कर्मियों से कृषि कार्यालय निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई पर भी विशेष रूप से ध्यान देने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान प्रखंड कृषि पदाधिकारी महेश कुमार, उद्यान विभाग के अधिकारी, एटीएम राहुल कुमार, पिंकेश कुमार, श्रेया कुमारी, कृषि सलाहकार पंकज मनी, राजेंद्र कुमार, रूपेश कुमार सहित अन्य कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# नीलम वर्मा के मनोनयन से बढ़ा कार्यकर्ताओं का मान

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के कचहरी रोड स्थित जदयू कार्यालय में मंगलवार को जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का संचालन जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने किया। कार्यक्रम में नव मनोनीत जदयू प्रदेश सचिव नीलम वर्मा का पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र, पुष्पमाला एवं बुके भेंट कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। समारोह में जिलाध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने कहा कि नीलम वर्मा को प्रदेश सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने से कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान बढ़ा है। वहीं नीलम वर्मा ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बलुआही में सड़क दुर्घटना रोकने को स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** नगर परिषद खगड़िया के वार्ड पार्षद सह सशक्त स्थायी समिति सदस्य रूबी कुमारी एवं पूर्व वार्ड पार्षद सह राजद जिला मीडिया प्रभारी रणवीर कुमार ने जिला पदाधिकारी से मिलकर नगर परिषद खगड़िया के बलुआही हनुमान मंदिर के पास लगातर हो रहे सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए एमजी मार्ग एवं गांधी पार्क के पास नव निर्मित बायपास सड़क में स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की ताकि सड़क दुर्घटना पर विराम लग सके।

पूर्व पार्षद रणवीर कुमार ने कहा कि जिला पदाधिकारी विक्रम वीरकर के द्वारा कहा गया कि संबंधित कार्यपालक अभियंता स्थल पर पहुँचकर जाँच कर अगर आवश्यक होगा तो स्पीड ब्रेकर बनवाया जायेगा। उन्होने कहा कि खगड़िया नगर परिषद क्षेत्र में गाँधी पार्क ,बापू नगर बलुआही से नगर सुरक्षा बांध पर जो नवनिर्मित बायपास सड़क का निर्माण हुआ है उसके कारण बलुआही चौक पर लगातार दुर्घटना हो रही है। 12 जुलाई के शाम के 07 बजे अखबार विक्रेता तगादा में साईकिल से जा रहा था गाँधी पार्क के पास स्पीड ब्रेकर नहीं होने की वजह से तेज गति आ रही चौदह चक्का ट्रक धर्मेन्द्र चौधरी उर्फ धारो चौधरी को धक्का मार दिया जिससे उनका एक हाथ बुरी तरह से जख्मी हो गया। दुर्घटना का मुख्य कारण है कि बलुआही चौक पर पाँच तरफ से आकर सड़क मिलती है और बलुआही मुहल्ला भी घनी आबादी वाला क्षेत्र है। बाईपास सड़क बलुआही चौक गाँधी पार्क से बना है तब से बहुत ज्यादा सड़क दुर्घटना हो रहा है। उन्होने कहा कि पहला पश्चिम दिशा की ओर से बायपास सड़क जो अभी नया-नया बना है। पश्चिम दिशा की ओर से गाड़ी फूल स्पीड से बलुआही चौक की तरफ आती है और ढलान भी है। दूसरा एमजी मार्ग पूरब दिशा को ओर से बस स्टैंड एन एच 31 की तरफ से आती है वह भी फूल स्पीड में आती है एमजी मार्ग भी जो बाजार की तरफ जाती वह भी ढ़लान है। एमजी मार्ग पश्चिम दिशा की ओर से बाजार की तरफ से बस स्टैंड के तरफ सड़क जाती है। चौथा दक्षिण दिशा की ओर से अघोरी स्थान के तरफ से भी गाड़ी का आना होता है। पांचवा बलुआही की तरफ उत्तर दिशा से सड़क बलुआही चौक पर आती है। बलुआही चौक पर पाँच दिशा से सड़क आकर मिलती है जिससे बलुआही चौक के हनुमान मंदिर के पास और गाँधी पार्क गेट के पास हमेशा दुर्घटना होती रहती है। बायपास सड़क जो पश्चिम दिशा की ओर से बलुआही चौक पर आती है ढ़लान से पहले मंजू पली क्लिनिक के पास, सी लाल हार्डवेयर पास स्पीड ब्रेकर बनवाया जाय। दूसरा एम जी मार्ग जो सड़क पूरब दिशा की ओर बस स्टैंड से बाजार की तरफ आती है जुबली बजाज एजेंसी के पास स्पीड ब्रेकर बनवाया जाय। इन दो जगहों पर स्पीड ब्रेकर बन जाने से बलुआही चौक पर सड़क दुर्घटना पर रोक लगेगी।बलुआही हनुमान मंदिर पंचमुखी है और इस चौक के पास घनी आबादी है भी है ,गाँधी पार्क और आगे बापू मध्य विद्यालय भी है।

**डीएम बोले-कार्यपालक अभियंता स्थल जांच करेंगे जरूरी होगा तो बनवाएंगे**

# परबत्ता में आउटडोर स्टेडियम के लिए 127.46 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** परबत्ता प्रखण्ड अंतर्गत उच्च विद्यालय, कन्हैयाचक के खेल मैदान में 200 मीटर एथलेटिक्स ट्रैक सहित प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम के निर्माण हेतु बिहार सरकार के खेल विभाग द्वारा एक करोड़ 27 लाख 46 हजार रुपये की तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

खेल विभाग द्वारा जारी स्वीकृति पत्र के अनुसार इस परियोजना का निर्माण राज्य के खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जाएगा। परियोजना के लिए राशि वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रावधानों के अंतर्गत स्वीकृत की गई है। स्वीकृति आदेश के अनुसार निर्माण कार्य का कार्यान्वयन बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना द्वारा तकनीकी मानकों एवं स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप कराया जाएगा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ-साथ समय-समय पर प्रगति प्रतिवेदन एवं व्यय विवरण खेल विभाग को उपलब्ध कराया जाएगा। निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत एक सप्ताह के भीतर स्टेडियम को जिला प्रशासन, खगड़िया को हस्तांतरित किया जाएगा। साथ ही उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन वित्तीय नियमों के अनुरूप खेल विभाग को उपलब्ध कराए जाएंगे। इस स्टेडियम के निर्माण से परबत्ता प्रखण्ड एवं आसपास के क्षेत्रों के खिलाड़ियों को स्थानीय स्तर पर उच्च गुणवत्ता की खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। एथलेटिक्स सहित विभिन्न आउटडोर खेलों के अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं के आयोजन को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीण प्रतिभाओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का बेहतर अवसर प्राप्त होगा। यह परियोजना राज्य सरकार की खेल अवसंरचना को सुढ़ बनाने एवं युवाओं में खेल संसति को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# केला किसानों को मिला अतिरिक्तआय का अवसर



कार्यक्रम में उपस्थित किसान।

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** पसराहा के बाबू चकला सत्संग भवन में नाबार्ड के 45वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जिले में संचालित श्केला रेशा मूल्य श्रृंखला परियोजनाश् के अंतर्गत केला किसानों को उनके खेतों से निकलने वाले केले के थम यानी पेड़ के अवशेषों का उचित मूल्य प्रदान करना रहा।

जिलेबिया जगदीश बुद्धा फाउंडेशन द्वारा संयोजित इस आयोजन में बड़ी संख्या में केला उत्पादक किसान, महिला स्वयं सहायता समूहों की सदस्याएं, षि विशेषज्ञ और विभागीय अधिकारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक पूजा भारती ने अपने संबोधन में कहा कि नाबार्ड का ध्येय केवल षि वित्त मुहैया कराना नहीं, बल्कि नवाचार के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि करना भी है। उन्होंने बताया कि पारंपरिक रूप से किसान केला फसल कटाई के बाद उसके थम को बेकार समझकर नष्ट कर देते थे या खेतों में ही छोड़ देते थे, लेकिन अब यही अपशिष्ट किसानों के लिए आय का अतिरिक्त जरिया बन गया है। इस परियोजना के माध्यम से केले के थम से उच्च गुणवत्ता वाला प्रातिक रेशा तैयार किया जा रहा है, जिससे बैग, चटाई, हैंडीक्राफ्ट, सजावटी वस्तुएं, फाइल कवर और रस्सी जैसे पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद बनाए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान कई किसानों को उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए केले के थम का भुगतान किया गया। किसानों ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि जिस अवशेष को हटाने के लिए पहले उन्हें अपनी जेब से खर्च करना पड़ता था, आज उसी से उन्हें आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। बिहार ग्रामीण बैंक के वित्तीय सलाहकार सुनील कुमार सिंह ने कहा कि स्थानीय संसाधनों का मूल्य संवर्धन ग्रामीण रोजगार और अर्थव्यवस्था को सुढ़ करने का सबसे प्रभावी मार्ग है। उन्होंने किसानों और महिला समूहों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार करने के लिए प्रेरित किया। इस पहल के माध्यम से युवाओं और महिलाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम में कंपनी के निदेशक मंडल के सदस्यों सहित दर्जनों अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# तिलकनगर में 'अंगिका सांस्कृतिक मंच' का शुभारंभ

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** अलौली प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय तिलकनगर में ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा को नया मंच देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए अंगिका सांस्कृतिक मंच का शुभारंभ किया गया। मंच का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने किया। यह पहल सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी), नई दिल्ली (सिंधु संस्कृति संगम) के सहयोग से शुरू की गई है।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती, आवश्यकता केवल उन्हें उचित अवसर और मंच उपलब्ध कराने की होती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक मंच बच्चों की छिपी हुई कला,




कार्यक्रम प्रस्तुति करते कलाकार।

रचनात्मकता और आत्मविश्वास को नई पहचान देंगे। साथ ही शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। विद्यालय के नोडल शिक्षक संजय कुमार, जिन्हें नई दिल्ली स्थित सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त है, ने बताया कि इस मंच का उद्देश्य बच्चों को भारतीय लोककला, संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना है। इसके माध्यम से बच्चों की सृजनात्मक क्षमता विकसित होगी, आत्मविश्वास बढ़ेगा तथा शिक्षा के प्रति उनकी रुचि और सहभागिता भी बढ़ेगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस पहल का स्वागत किया। सभी ने इसे ग्रामीण बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर संगीत शिक्षिका रंभा रानी ने मनमोहक अंगिका गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग से सराबोर कर दिया। वहीं संगीत शिक्षक विपिन कुमार ने तबले पर संगत कर प्रस्तुति को और आकर्षक बनाया। समारोह का माहौल तालियों की गड़गड़ाहट और सांस्कृतिक उत्साह से गूंजता रहा।

# दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** बेलदौर पुलिस ने संध्या गस्ती के दौरान दो वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी के मुताबिक बेलदौर थाना क्षेत्र के धरक्का सिंह वासा निवासी कम्युनिस्ट नेता सुरेश सिंह के पुत्र राजेश कुमार एवं लालकुन उर्फ लाल कुंज सिंह के पुत्र रविंद्र सिंह को पत्नी के प्रताड़ित करने के मामले में गिरफ्तार किया। बताते चलें कि दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर बेलदौर पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि दो अलग-अलग मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिसे प्रशासनिक प्रक्रिया पूरा करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## संक्षिप्त खबरें

### हंगामा कर रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर) ।** जमालपुर थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर नशे की हालत में हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान बड़ी आशिकपुर, ईस्ट कलोनी निवासी अविनाश कुमार, पिता सुनील कुमार के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार आदित्य विजन दौलतपुर के समीप एक युवक के हंगामा करने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कार्रवाई के दौरान युवक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसकी पहचान अविनाश कुमार के रूप में हुई। गिरफ्तारी की कार्रवाई एएसआई भरत कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मारपीट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर)।** मारपीट के एक मामले में जमालपुर थाना पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए छोटा गोविंदपुर फुल्का निवासी परमानंद यादव (पिता- स्वर्गीय रामू यादव) को उसके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी न्यायालय में लंबित मामले में की गई। गिरफ्तारी की कार्रवाई पीटीसी अखिलेश कुमार द्वारा की गई। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया गया।पुलिस ने बताया कि मारपीट से जुड़े मामलों में आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी।

### फतुहा में दिनदहाड़े घर में सोए युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**पटना** के फतुहा थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित अपने घर में आराम कर रहे एक युवक पर मंगलवार की दोपहर अपराधियों ने दिनदहाड़े धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस जानलेवा हमले में युवक बुरी तरह लहूलुहान हो गया। दिनदहाड़े हुई इस सनसनीखेज वारदात से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल को फतुहा अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, स्टेशन रोड निवासी रामप्रसाद साव का 40 वर्षीय पुत्र बिनोद साव मंगलवार की दोपहर अपने घर में सो रहा था। इसी दौरान अज्ञात अपराधी घर में दाखिल हुए और बिनोद साव पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। घटना का खुलासा तब हुआ जब बिनोद साव की बेटी स्कूल से पढ़ाई कर घर लौटी। कमरे में पिता को खून से लथपथ और तड़पते देख उसने शोर मचाना शुरू किया। बेटी की चीख-पुकार सुनकर आसपास के स्थानीय लोग भारी संख्या में वहां जमा हो गए और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए फतुहा डीएसपी-1 अवधेश कुमार और थानाध्यक्ष श्रीमंत कुमार सुमन पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया। वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए तत्काल एफएसएल (थ्ैस्) की टीम को मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से खून के नमूने और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए हैं। चिकित्सकों के मुताबिक, घायल के सिर, चेहरे और गर्दन पर धारदार हथियार के गहरे जख्म हैं। इस संबंध में एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने बताया कि घटना के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है। इसके साथ ही अपराधियों की पहचान के लिए आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कोल्ड ड्रिंक में शराब मिलाकर पी रहे युवकों पर उत्पाद विभाग की कार्रवाई

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के अतिव्यस्त सबेरा मार्केट एवं सबेरा सिनेमा के समीप शनिवार देर रात मद्यनिषेध (उत्पाद) विभाग की टीम ने संदेह के आधार पर कार्रवाई करते हुए कोल्ड ड्रिंक पी रहे कई युवकों की जांच की। जांच के दौरान कुछ युवकों के कोल्ड ड्रिंक में शराब मिश्रित होने की पुष्टि होने पर उन्हें हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की गई।अचानक हुई इस कार्रवाई से सबेरा मार्केट और सबेरा सिनेमा के आसपास कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों और दुकानदारों की भीड़ जुट गई, जबकि उत्पाद विभाग की टीम ने मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर जांच आगे बढ़ाई। उत्पाद विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब के सेवन अथवा उसके अवैध उपयोग के खिलाफ विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पीएचसी में समीक्षा बैठक, टीबी स्क्रीनिंग व नियमित टीकाकरण पर विशेष जोर

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी) ।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अशोक कुमार पासवान की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरा करने तथा जनहित की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए।बैठक में नियमित टीकाकरण अभियान, गैर-संचारी रोग एनसीडी कार्यक्रम, एएएम पोर्टल की दैनिक रिपोर्ट, एचएमआईएस मासिक रिपोर्ट, टीबी नियंत्रण कार्यक्रम, भाव्या पोर्टल, आयुष्मान आरोग्य मंदिर एपीएचसी,एचडब्ल्यूसी की कार्यप्रणाली, स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता तथा एस, पी एवं एल फर्म की दैनिक रिपोर्ट की समीक्षा की गई। इसके साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी की गतिविधियों एवं जन आरोग्य समिति के



समीक्षा बैठक करते स्वास्थ्य कर्मी।

गठन और मासिक बैठक की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा हुई।बैठक में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम टीबी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिले को आवंटित स्क्रीनिंग लक्ष्य हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों के ओपीडी में आने वाले मरीजों की टीबी के 10 प्रमुख लक्षणों के आधार पर नियमित जांच की जाएगी। जरूरत पड़ने पर मरीजों का छाती का एक्स-रे तथा नैट जांच भी कराई जाएगी, ताकि रोग की समय पर पहचान कर उपचार शुरू किया जा सके।समीक्षा के दौरान अस्पतालों में भर्ती मरीजों, गर्भवती महिलाओं, मधुमेह से पीड़ित व्यक्तियों, 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों, कुपोषित बच्चों एवं अन्य उच्च जोखिम वाले समूहों की अनिवार्य टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी में भर्ती बच्चों एवं गंभीर रूप से कुपोषित एसएएम बच्चों की नियमित टीबी जांच कराने के निर्देश भी दिए गए।बैठक के अंत में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों सीएचओ एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें,स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें तथा आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।अधिकारियों ने कहा कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की प्रत्येक इकाई को पूरी जिम्मेदारी एवं सक्रियता के साथ कार्य करना होगा। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक शिव प्रकाश केसरी, निखिल राज, सुमित कुमार, पुष्पा कुमारी,मधु वर्षा,आकाश, प्रियंका भारती,रूपा,रुचि प्रिया सहित कई उपस्थित थे।

## तीन सप्ताह बाद अंचल कार्यालय में जनता दरबार

**जमालपुर (मुंगेर)।** लगभग तीन सप्ताह के अंतराल के बाद मंगलवार को जमालपुर अंचल कार्यालय में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी ने भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई की और फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार शुरू होने से लोगों में लंबित मामलों के निष्पादन को लेकर उम्मीद जगी।हाल ही में पदभार ग्रहण करने वाली अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी ने स्पष्ट किया कि अंचल कार्यालय में लंबित सभी भूमि विवाद मामलों का चरणबद्ध तरीके से निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य दोनों पक्षों को सुनकर आपसी सहमति और विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत विवादों का समाधान कराना है। यदि किसी मामले में सहमति नहीं बनती है तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।जनता दरबार में रामनगर भागीचक निवासी संजय गोस्वामी, नयागांव की गीता देवी तथा सफियासराय निवासी जयशंकर ठाकुर से जुड़े भूमि विवाद मामलों की सुनवाई की गई। अंचलाधिकारी ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं और संबंधित राजस्व कर्मियों को आवश्यक अभिलेखों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।अंचल कार्यालय में पिछले कुछ सप्ताह से जनता दरबार नहीं होने के कारण कई भूमि विवाद के मामले लंबित थे। मंगलवार को सुनवाई शुरू होने से फरियादियों को राहत मिली। अंचलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित किया जाएगा, ताकि भूमि विवादों का समयबद्ध और निष्पक्ष निष्पादन सुनिश्चित हो सके।



समस्या सुनते अंचल अधिकारी।

## रेलवे माल गोदाम में वर्चस्व को लेकर फिर आमने-सामने आए ठेकेदार

**जमालपुर (मुंगेर) ।** रेलवे के जमालपुर माल गोदाम परिसर में वर्चस्व को लेकर एक बार फिर दो ठेकेदारों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि, समय रहते जीआरपी और आरपीएफ के हस्तक्षेप से मामला शांत हो गया और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई।जानकारी के अनुसार दोनों ठेकेदार अपने-अपने दर्जनों समर्थकों के साथ माल गोदाम परिसर और उसके आसपास पहुंच गए थे। इसकी सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को रेल थाना बुलाकर अपने-अपने विभागीय कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।रेल थानाध्यक्ष स्वराज कुमार तथा आरपीएफ अधिकारियों की मौजूी में दोनों पक्षों के दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान यह सामने आया कि विभागीय स्तर पर दोनों ठेकेदारों को अलग-अलग अनुमति मिलने के कारण विवाद की स्थिति बनी है। इसके बाद पुलिस ने स्पष्ट किया कि विभाग से जिसे लिखित रूप से कार्य करने का वैध निर्देश प्राप्त होगा, वही माल गोदाम में कार्य करेगा।रेल थानाध्यक्ष स्वराज कुमार ने दोनों पक्षों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि माल गोदाम परिसर में कानून-व्यवस्था भंग करने या किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।रेल पुलिस और आरपीएफ की सख्ती के बाद दोनों ठेकेदार अपने समर्थकों के साथ शांतिपूर्वक वहां से लौट गए। फिलहाल माल गोदाम परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।



रेलवे जमालपुर का माल गोदाम परिसर।

## सब्जी विक्रेता से मारपीट मामले में तीन हिरासत में, अवैध वसूली का भी आरोप

**जमालपुर (मुंगेर) ।** नगर परिषद क्षेत्र के नयागांव हरी सभा सब्जी बाजार में एक सब्जी विक्रेता के साथ मारपीट के मामले में ईस्ट कलोनी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। घटना के बाद बाजार में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बना रहा।जानकारी के अनुसार पाटम निवासी सब्जी विक्रेता ष्ण कुमार उर्फ विनोद हरी सभा के समीप ठेला लगाकर सब्जी बेचते हैं। उनका आरोप है कि चंदन कुमार और उसके भाई मदन कुमार तथा मिलन कुमार लंबे समय से बिना किसी रसीद के प्रतिदिन उनसे रुपये की वसूली करते हैं। मंगलवार को जब उन्होंने कथित वसूली का विरोध किया तो तीनों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की।घटना की सूचना मिलते ही ईस्ट कलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चंदन कुमार, मदन कुमार एवं मिलन कुमार को हिरासत में लेकर थाना लाई। थानाध्यक्ष वीरभद्र सिंह ने दोनों पक्षों से पूछताछ की तथा मामले को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का प्रयास किया। समाचार लिखे जाने तक किसी पक्ष की ओर से औपचारिक प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई थी।इधर नयागांव सब्जी बाजार में ठेला एवं फुटपाथ दुकानदारों से बिना रसीद शुल्क वसूलने की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं। दुकानदारों का आरोप है कि बंदोबस्त के नाम पर अवैध वसूली की जाती है।इस संबंध में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है। यदि किसी भी पीड़ित दुकानदार द्वारा लिखित शिकायत दी जाती है तो उसकी जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## मंदिर निर्माण में बाधा डालने का आरोप ग्रामीणों ने थाना में दिया आवेदन

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर थाना क्षेत्र के छोटी गोविंदपुर स्थित नव निर्माणाधीन मां काली मंदिर में कथित रूप से व्यवधान उत्पन्न करने और मंदिर परिसर की घेराबंदी को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर पुलिस से दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों का आरोप है कि वे सभी तन-मन-धन और आस्था के साथ मां काली मंदिर के निर्माण कार्य में सहयोग कर रहे हैं। इसी दौरान कुछ लोगों ने निर्माण कार्य में बाधा पहुंचाने के उद्देश्य से मंदिर परिसर में गाली-गलौज की और




थाना परिसर में आवेदन दिखाते ग्रामीण।

घेराबंदी के लिए लगाए गए तार एवं पिलर को उखाड़कर फेंक दिया। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि घटना की सूचना दो बार डायल-112 पुलिस को दी गई, लेकिन इसके बावजूद उपद्रव जारी रहा।आवेदन में नंदन कुमार उर्फ छोटू, मधुकर यादव, ब्रजेश कुमार उर्फ गुरो, राजेश कुमार उर्फ झोली, आयुष कुमार, घोलू कुमार, अल्ला कुमार तथा राजू कुमार समेत आठ लोगों के नाम दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई है।ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर परिसर की शांति एवं धार्मिक माहौल बनाए रखने के लिए आरोपितों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। आवेदन पर अध्यक्ष राम चोख यादव, सचिव मनोहर यादव सहित करीब 28 ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर कार्रवाई करने की बात कही है।

# मुख्यमंत्री के धर्मपत्नी का राजग कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**संग्रामपुर(मुंगेर) (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की धर्मपत्नी ममता कुमारी का नगर पंचायत स्थित आर्या भवन में राजग कार्यकर्ताओं की ओर से भव्य स्वागत किया गया।इस आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत भाजपा अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति उपाध्यक्ष राकेश कुमार रोशन उर्फ बमबम ने की।जबकि मंच संचालन इंजीनियर ब्रजेश कुमार ने की। स्वागत समारोह में मौजूद लोगों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री से समस्याओं के निष्पादन कराने की मांग की। संग्रामपुर चेम्बर आप कामर्स के पूर्व अध्यक्ष मनोज कुमार साह ने नगर पंचायत की समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि संग्रामपुर बाजार में गी का अंबार लगा है।जिसकी समय समय पर सफाई कराने की आवश्यकता है। बाजार में सड़क जाम की समस्या आम हो गई है।इसके लिए पुलिस बल की तैनाती होनी चाहिए। वहीं केन्दुआ गांव के वचन देव सिंह ने गांव की समस्याओं से अवगत कराया।नगर पंचायत भाजपा सचिव कुन्दन कुमार भगत ने श्रावणी मेला को देखते हुए बस पड़ाव पर शौचालय निर्माण कराने की मांग कि।कमरगामा के किसान ने जल संरक्षण क्षेत्र व सिंचाई संसाधन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की।ताकि धान का कटोरा कहे जाने वाले की गरिमा कायम रख सके।कई लोगों ने अस्पताल में महिला चिकित्सक तो युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए खेल मैदान का निर्माण कराने की मांग की। लोगों की समस्याओं को सूंघने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी तारापुर राकेश कुमार रंजन ने सिंचाई समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए अगले दिन सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ सिंचाई संसाधन को अतिक्रमण मुक्त कराने का आश्वासन दी। उन्होंने बताया कि प्रखंड के नवगांई व खैरा खेल मैदान को हाईटेक मैदान बनाने का आश्वासन दिया। इसके पूर्व राजग कार्यकर्ताओं ने ममता कुमारी का स्वागत अंगवस्त्र देकर बड़े माला पहनाकर स्वागत किया।मौके पर प्रखंड जदयू अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति अध्यक्ष कमल नयन सिंह, प्रखंड भाजपा अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी अनीश रंजन,सीओ निशीथ नंदन,नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा़ शितांशू शेखर मनरेगा पीओ जयप्रकाश, थानाध्यक्ष विनोद कुमार झा ,मुख्य पार्षद प्रतिनिधि नंदकिशोर यादव उप मुख्य पार्षद मनोज कुमार,पूर्व उप प्रमुख सचिन कुमार सहित दर्जनों राजग कार्यकर्ता मौजूद थे।



मुख्यमंत्री के धर्मपत्नी का स्वागत करते राजग कार्यकर्ता।

## संक्षिप्त खबरें

### एबीवीपी के स्थापना दिवस सप्ताह के तहत एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन

**धरहरा (मुंगेर) ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धरहरा इकाई द्वारा अभाविप के 78वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रमों के अंतर्गत केआरएस विद्यालय धरहरा में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन के.आर.एस. विद्यालय के खेल शिक्षक श्रवण कुमार, अभाविप के विभाग संयोजक एवं स्टूडेंट्स फर सेवा के प्रांत सह संयोजक कुणाल राज, जिला छात्रा प्रमुख कोमल सिंह तथा नगर सह मंत्री अमन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का सफल संचालन नगर सह मंत्री अंशु कुमारी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खेल शिक्षक श्रवण कुमार ने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास करता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने एबीवीपी द्वारा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं।विभाग संयोजक कुणाल राज ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल छात्रहितों के लिए संघर्ष करने वाला संगठन ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए निरंतर कार्य करने वाला विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। उन्होंने बताया कि परिषद के ष्खेलो भारतष् अभियान के तहत देशभर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों में खेल भावना का विकास हो, नई प्रतिभाओं को मंच मिले तथा स्वस्थ एवं सशक्त भारत के निर्माण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो। जिला छात्रा प्रमुख कोमल सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़, गोला फेंक, जैवलिन थ्रो तथा लन्ग जंप जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सभी विजेता एवं प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्राओं में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा की भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं।कार्यक्रम के अंत में नगर सह मंत्री अमन ने सभी अतिथियों, विद्यालय परिवार, प्रतिभागियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एबीवीपी आगे भी विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सामाजिक एवं खेल प्रतिभा के विकास हेतु ऐसे रचनात्मक कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन करती रहेगी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।वही परिणाम में शट पुट में प्रथम स्थान अंजली दूसरा स्थान निभा , हाई जंप ने प्रथम स्थान अंजली दूसरा स्थान मुन्नी , 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान करीना दूसरा स्थान रिया , 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान मुन्नी दूसरा स्थान निशु 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान मुन्नी दूसरा स्थान अंजली ने प्राप्त किया।मौके पर उपस्थित नगर सह मंत्री अमन,विष्णु, अंशु,शुभम,अंकित एवं अन्य उपस्थित रहे।



प्रतियोगिता में छात्राएं।

### सोनपुर मंडल की नन-फेयर रेवेन्यू आय में उल्लेखनीय वृद्धि, पहली तिमाही में 92.19 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी

**सोनपुर (एनएसबी)** पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल द्वारा नन-फेयर रेवेन्यू के विभिन्न स्रोतों के विकास एवं संसाधनों के बेहतर व्यावसायिक उपयोग की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त हुई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 26 जून तक मंडल की आय घ1.23 करोड़ रही, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 25 जून तक यह आय घ0.64 करोड़ थी। इस प्रकार पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 92.19 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गई है। यह उपलब्धि मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के कुशल नेतृत्व एवं अधिकारियों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। मंडल द्वारा विभिन्न परिसंपत्तियों के व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा देते हुए आउटसाइड पार्किंग, रेल कोच रेस्टोरेंट, एनएफआर स्टल, विज्ञापन, एटीएम तथा अन्य वाणिज्यिक परिसंपत्तियों का सफल आवंटन किया जा रहा है, जिससे रेलवे की आय में निरंतर वृद्धि हो रही है।वर्तमान में विभिन्न मदों से प्रतिवर्ष प्राप्त होने वाली अनुमानित लाइसेंस फीस इस प्रकार हैआउट साइड पार्किंग (हाजीपुर एवं खगड़िया)लगभग घ1.50 करोड़ प्रति वर्ष रेल कोच रेस्टोरेंट (हाजीपुर, खगड़िया, बरौनी एवं बेगूसराय) लगभग घ36 लाख प्रति वर्ष एनएफआर स्टल (सोनपुर, बेगूसराय, खगड़िया एवं नवगछिया) लगभग घ1 करोड़ प्रति वर्ष विज्ञापन घ98.57 लाख एटीएम लगभग घ50 लाख प्रति वर्ष इसके अतिरिक्त मंडल ने आय के नए स्रोत भी विकसित किए हैं। इनमेंमेडिकल शप (बरौनी) लगभग घ1.08 लाख प्रति वर्ष एनएफआर स्टल (बरौनी, दलसिंहसराय, शाहपुर पटोरी एवं नवगछिया) लगभग घ37 लाख प्रति वर्ष - रेल कोच रेस्टोरेंट (शाहपुर पटोरी) लगभग घ2.01 लाख प्रति वर्ष इन नई व्यावसायिक पहलों से न केवल रेलवे की गैर-किराया आय में वृद्धि होगी, बल्कि यात्रियों को स्टेशन परिसरों में बेहतर एवं आधुनिक सुविधाएँ भी उपलब्ध होंगी। मंडल भविष्य में भी उपलब्ध परिसंपत्तियों के अधिकतम व्यावसायिक उपयोग, पारदर्शी ई-नीलामी प्रक्रिया तथा नई व्यावसायिक संभावनाओं के माध्यम से एनएफआर आय में निरंतर वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। सोनपुर मंडल का उद्देश्य यात्री सुविधाओं का विस्तार करते हुए रेलवे की वित्तीय सुढ़ता को और मजबूत बनाना है। मंडल द्वारा अपनाई गई पारदर्शी एवं नवाचार आधारित व्यावसायिक नीति आने वाले समय में भी रेलवे के राजस्व संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



टिकट चेकिंग अभियान।

### आरपीएफ द्वारा अभद्रता के विरोध में धरना-विरोध प्रदर्शन

**सोनपुर (एनएसबी)** 14 जुलाई 2026 को अल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के आहवान भारतीय रेल के सभी मंडलों में दिनांक 12 जुलाई को आगरा कैंट स्टेशन पर घटित घटना जिसमें अन ड्यूटी स्टेशन अधीक्षक आगरा के साथ आरपीएफ स्टाफ द्वारा मारना के विरोध में सोनपुर मंडल पूर्व मध्य रेल में भी धरना एवं प्रदर्शन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सामने किया गया और इस घटना में दोषी आरपीएफ को करी से करी सजा की मांग की गई। अल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के अपने केंद्रीय मांगों के लिए भी प्रदर्शन किया गया जिसमें भारतीय रेलवे से स्टेशन मास्टरों से 12 घंटे के रोस्टर को समाप्त किया जाना ,स्टेशन मास्टर कैटेगरी में वैकेंसी शून्य करना ,अंतर रेलवे स्थानांतरण एवं मंडल रेलवे स्थानांतरण की प्रक्रिया को त्वरित करना एवं वर्तमान में मिल रहे रात्रि ड्यूटी भत्ता को सीलिंग से मुक्त करने के लिए प्रदर्शन किया गया ।साथ मंडल स्तरीय मांगो को भी रखा गया इस कार्यक्रम में लगभग 30 से 40 स्टेशन मास्टर शामिल हुए धरना प्रदर्शन के नेतृत्व सोनपुर मंडल के मंडल अध्यक्ष राणा रत्नेश कुमार सिंह एवं मंडल सचिव विद्यानंद भगत कर रहे थे अपनी सभी मांगों से संबंधित मेमोरेंडम मंडल रेल प्रबंधक को दिया गया । धारना को मंडल के सभी यूनियनों ने अपना समर्थन दिया और दोषी कर्मचारी आरपीएफ पर कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग की। यदि दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो यह आंदोलन और सामूहिक रूप से एक मंच पर होकर तेज किया जाएगा।

## गड़हनी बाजार में चार बाल श्रमिकों का किया रेस्क्यू, दो नियोजकों पर प्राथमिकी



**आरा/गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित 'अपरेशन नया सवेरा 30' के तहत मंगलवार को गड़हनी बाजार में बाल श्रम उन्मूलन के उद्देश्य से संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दो प्रतिष्ठानों से चार बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। मामले में दोनों नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। श्रम संसाधन विभाग, भोजपुर के तत्वावधान में तथा जस्ट राइट्स फर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की सहयोगी संस्था "दिशा एक प्रयास" के सहयोग से चलाए गए इस अभियान में आरोही करुआ तेल एवं बिहारी लिट्टी एवं चाट भंडार प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि वहां बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 (संशोधित 2016) के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए बच्चों से कार्य कराया जा रहा था। इसके बाद दोनों प्रतिष्ठानों के संचालकों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ की गई।रेस्क्यू किए गए चारों बच्चों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जिला बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी), भोजपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के निर्देश पर बच्चों की सुरक्षा, देखभाल और पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए उन्हें बाल देखरेख संस्थान में रखा गया है, जहां उनकी काउंसलिंग, शिक्षा एवं पुनर्वास की आगे की प्रक्रिया संचालित की जाएगी।

# ट्रैक्टर से ले जायी जा रही 1000 लीटर शराब जब्त

दैनिक नवसंदेश

### बाप अपने दो बेटों के साथ शराब के धंधे में लिप्त



**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** चांदी थाना पुलिस ने खनगांव बांध के समीप एक ट्रैक्टर से हजारों लीटर देसी महुआ शराब बरामद की। पुलिस ने शराब से लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता में इसकी पुश्टि की। शराब तस्करी के आरोप में तीन लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि खनगांव सोन नदी बांध के समीप घेराबंदी कर छापेमारी की गई। ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। जांच के दौरान ट्रैक्टर के डाले में बोरे में बंद बड़ी मात्रा में देसी महुआ शराब बरामद हुई। सभी बोरों में महुआ शराब भरी हुई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि अनुसंधान के दौरान मुख्य आरोपी की पहचान खनगांव गांव निवासी रामबाबू यादव के पुत्र विकास यादव के रूप में हुई है। उसका भाई रितेश यादव ट्रैक्टर चला रहा था, जो पुलिस को देखकर फरार हो गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि रामबाबू यादव भी अपने दोनों पुत्रों के साथ इस अवैध कारोबार में सक्रिय रूप से शामिल था।

मुख्य आरोपी विकास यादव का आपराधिक इतिहास भी रहा है। वह पूर्व में आर्म्स एक्ट, मारपीट तथा शराब तस्करी से जुड़े कई मामलों में जेल जा चुका है। उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और तस्करी के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

## अगिआंव बाजार को मिले नए थानाध्यक्ष 13 अन्य पुलिस पदाधिकारी भी बदले



अनिल कुमार-2, थानाध्यक्ष, अगिआंव।

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर पुलिस महकमे में दस दारोगा सहित 14 पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया गया है। इस दौरान अगिआंव बाजार थाने में नये थानाध्यक्ष की पोस्टिंग भी की गयी है। इसे लेकर पुलिस अधीक्षक राज की ओर से जिलादेश भी जारी कर दिया गया है। जिलादेश के अनुसार दारोगा अनिल कुमार-2 को अगिआंव बाजार को थानाध्यक्ष बनाया गया है। वही एससी-एसटी थाने में तैनात दारोगा जैनी कुमारी को इओयू कार्यालय का प्रभारी बनाया गया है। मुफस्सिल थाने के दारोगा नीरज कुमार-1 को साइबर थाना, दारोगा सुधाकर मंडल को नगर थाना से बबुरा थाना, दारोगा संतोष कुमार को तरारी से जगदीशपुर थाना, दारोगा नीतीश कुमार-1 को मुफस्सिल थाने से सिन्हा थाना, उदवंतनगर से प्रभात कुमार को मुफस्सिल थाना, मुफस्सिल थाना से दिलीप कुमार मंडल को धोबहां थाना, जगदीशपुर से लालेश्वर कुमार को नारायणपुर थाना और पुलिस केंद्र से दारोगा सोनी कुमारी -2 को जगदीशपुर थाने में भेजा गया है। अनुसंधान इकाई में तैनात इन सभी दारोगा को नये थानों में भी उसी इकाई में तबादला किया गया है। वहीं, सिन्हा थाने से एएसआई राजीव रंजन कुमार को मुफस्सिल थाने की अनुसंधान इकाई, नगर थाने के अनुसंधान इकाई में तैनात एएसआई सुरेंद्र कुमार को उसी थाने की विधि व्यवस्था इकाई में तैनात किया गया है। पीरो एसडीपीओ कार्यालय से आशु एएसआई अमित कुमार को आरा साइबर डीएसपी कार्यालय भेजा गया है। गोपीनाय कार्यालय में तैनात एएसआई रविश कुमार को यातायात थाने का थाना लेखक बनाया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्टेशन मास्टर प्रवीण कुमार के निधन से शोक की लहर

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** दशकों से आरा जंक्शन एवं आसपास के स्टेशनों पर कार्यरत स्टेशन मास्टर प्रवीण कुमार के असामयिक निधन से रेलवे कर्मियों, शहरवासियों और यात्रियों में गहरा शोक व्याप्त है। वे अपने सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण काफी लोकप्रिय थे। पिछले दो वर्षों से आरा जंक्शन के स्टेशन प्रबंधक के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे थे। आरा शहर के जेल रोड निवासी थे। कोरोना महामारी के कठिन दौर में उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए जरूरतमंद लोगों की हरसंभव सहायता की थी। उनकी संवेदनशील कार्यशैली और मानवता की भावना ने उन्हें शहर के लोगों के दिलों में विशेष स्थान दिलाया। उनके निधन को आरा के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों और शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते की है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों पर सीनियर सीटिजन एसोसिएशन के केन्द्रीय अध्यक्ष सह रेल यात्री संघ के नेता धीरेन्द्र प्रसाद सिह, रघुबर चंद्रवंशी, स्टेशन प्रबंधक एनके राय, आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार, आरके सिंह, अशोक मिश्रा, संदीप चौबे, संतोष पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गाराज एवं ई. धीरेन्द्र सिंह, राजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार सिंह आदि शामिल हैं।

### छात्रवृत्ति के लिए छात्राओं का बैंक में खुला खाता



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** केनरा बैंक द्वारा छात्रवृत्ति योजना के तहत 'नई आशा' के सेतु केंद्र में पढ़ने वाली चार छात्राओं को छात्रवृत्ति मिलेगी। विदित हो कि बैंक द्वारा सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाली अनुसूचित जाति की कुछ मेधावी छात्राओं को प्रति वर्ष प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसी क्रम में केनरा बैंक पकड़ी शाखा द्वारा इन बच्चियों का खाता खुलवाया गया। ये बच्चियां सरकारी विद्यालयों के अतिरिक्त'नई आशा' के सेतु केंद्र में भी पढ़ती हैं।

### पुलिस अधीक्षक ने नगर थाने का किया भ्रमण

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस अधीक्षक राज ने सोमवार की देर रात अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नगर थाना क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने थाना क्षेत्र के रमना मैदान, ट्रक सिंडिकेट एवं उसके आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इसके अलावे एसपी ने थाना क्षेत्र की रात्रि गश्ती टीम एवं क्रॉस मोबाइल टीम की मुस्तैदी का भी जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को सतर्कता, प्रभावी गश्ती एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सिंडिकेट एवं रमना मैदान के समीप सुरक्षा के दृष्टिकोण से आम नागरिकों एवं संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की गयी।

### लॉकेट काट भाग रहे उचक्के को लोगों ने दबोचा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** नवादा थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड में सोने का लॉकेट काट कर भाग रहे उचक्के को स्थानीय लोगों ने दबोच लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। पुलिस द्वारा जख्मी उचक्के का इलाज अस्पताल में कराया गया। जख्मी नवादा थाना क्षेत्र के मोती टोला निवासी बताया जा रहा है। मंगलवार की दोपहर उचक्का बच्चे के गले से लॉकेट काटकर भाग रहा था। तभी परिजन ने शोर मचाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने उसे दबोच लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी गई।

चहुँमुखी विकास के लिए संकल्पित है एनडीए की सरकार-महेश

### प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के भवन का भूमि पूजन

**चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के नये भवन निर्माण के लिए मंगलवार को विधायक महेश पासवान ने भूमि पूजन किया। प्रखंड मुख्यालय के खेल मैदान में पूजन के दौरान पीरो एसडीएम केके उपाध्याय, नव पदस्थापित बीडीओ बिमलादित्य तथा अंचलाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि केन्द्र और राज्य की एनडीए सरकार चहुंमुखी विकास के लिए संकल्पित है, जिसके परिणाम भी सामने आने लगे हैं। आम लोगों को पढ़ाई, दवाई और सिंचाई के साथ-साथ खेलाई-कूदाई भी जरूरी है। सरकार की मंशा हर क्षेत्र में विकास की है। पूजा पाठ सम्पन्न होने के बाद विधायक ने चरपोखरी गांव के समीप निर्माणाधीन खेल मैदान का निरीक्षण किया तथा काम करने वाले लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास कुमार विक्की, जदयू अध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय, बैजनाथ सिंह तथा विनय कुमार सिंह सहित कई अन्य लोग शामिल रहे।

### राजेश हत्याकांड में बिहिया के पूर्व मुख्य पार्षद समेत 8 नामजद

**आरा/बिहिया (दैनिक नवसंदेश)।** बिहिया थाना क्षेत्र के टिपुरा गांव के समीप रविवार को जेल से जमानत पर छूटे हिस्ट्रीशीटर राजेश यादव की गोली मारकर हत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इस मामले में पुलिस ने दो प्राथमिकी दर्ज की है। एक प्राथमिकी हत्या की जबकि दूसरी आरोपित योगेंद्र यादव के घर से कट्टा और पिस्तौल की मैगजीन बरामद होने के मामले में दर्ज की गई है। पहले प्राथमिकी बिहिया थानाध्यक्ष सुरेश्वर दास के आवेदन के आधार पर हुई, जिसमें टिपुरा निवासी योगेंद्र यादव को आर्म्स एक्ट में नामजद किया गया है। वहीं दूसरी प्राथमिकी मृतक राजेश यादव के चाचा योगेंद्र यादव के बयान पर दर्ज की गई है। इसमें बिहिया नगर पंचायत के पूर्व मुख्य पार्षद सचिन कुमार गुप्ता, टिपुरा निवासी योगेंद्र यादव समेत 8 लोगों को नामजद कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक हत्या के मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### सर्वर डाउन होने से थमा राशन वितरण, खाली हाथ लौट रहे उपभोक्ता

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले चार दिनों से ई-पॉस मशीन का सर्वर पूरी तरह ठप रहने से जनवितरण प्रणाली के तहत सरकारी राशन का वितरण प्रभावित हो गया है। तकनीकी खराबी के कारण लाभुकों का बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं हो पा रहा है जिससे सैकड़ों लाभुकों को बिना राशन लिए ही वापस लौटना पड़ रहा है। इन दिनों खेती और मजदूरी का मुख्य सीजन चल रहा है। ऐसे में लोग अपना काम छोड़कर राशन दुकानों पर पहुंच रहे हैं लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी सर्वर चालू नहीं होने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है।

## एनएसएस के सात दिवसीय साक्षरता महाअभियान का समापन



**गड़हनी (भोजपुर)।** जन सहकारी डिग्री महाविद्यालय, बराप में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अरविन्द कुमार पंकज ने की, जबकि कार्यक्रम पदाधिकारी बिमलेश कुमार मिश्र के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

पूर्व प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र कुमार पांडेय, प्रो. सज्जाद हैदर, खैरुद्दीन अंसारी एवं रमाकांत पाठक ने भी सहभागिता कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्द्धन किया। कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता रैली से हुई। रैली गोद लिए गए गांव बराप टोला पहुंची, जहां स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को शिक्षा, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। चिकित्सक डॉ. जय कुमार सिंह से संपर्क कर गांव में एनएसएस के माध्यम से निःशुल्क चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस स्वयंसेवकों ने गोद लिए गए गांव बराप टोला की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को पारितोषिक देकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर काजल कुमारी, गायन्ति कुमारी, सनी कुमारी, चंदन कुमार, लालू कुमार, अजीत कुमार, सचिन कुमार, अभय कुमार, मोहम्मद अख्तर हुसैन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में शिक्षा और सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण के संकल्प के साथ हुआ।

## राजधानी में भोजपुरी चित्रकला पर गंभीर चर्चा

### पिड़िया कला के संरक्षण और विकास पर दिया गया जोर



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** राजधानी पटना में भोजपुरी चित्रकला और बिहार की पारंपरिक लोककलाओं को केंद्र में रखकर दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। अवसर था नाबार्ड के 45वें स्थापना दिवस का। इस अवसर पर बिहार की उन तीन पारंपरिक कलाओं पर विशेष चर्चा हुई, जिन्हें नाबार्ड के सहयोग से जीआई टैग प्राप्त हुआ है। इनमें भोजपुरी अंचल की पिड़िया कला, नालंदा की बावन बूटी तथा गया की पत्थरकट्टी शिल्पकला शामिल हैं। कार्यक्रम में सबसे अधिक चर्चा भोजपुरी क्षेत्र की पिड़िया कला को लेकर हुई। सर्जना न्यास के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ चित्रकार संजीव सिन्हा ने पिड़िया कला के इतिहास से लेकर जीआई टैग मिलने तक की पूरी यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला, उन्होंने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया में नाबार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नाबार्ड के पूर्व डीडीएम रणजीत सिन्हा ने कहा कि जीआई टैग केवल किसी कला की पहचान नहीं, बल्कि उसे कानूनी संरक्षण और आर्थिक अवसर भी प्रदान करता है। शाम के सत्र में फोकार्टोपीडिया फाउंडेशन द्वारा 'टिकुली और भोजपुरी पेंटिंग की चुनौतियां' विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। पद्मश्री अशोक कुमार विश्वास ने टिकुली पेंटिंग की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापक प्रचार-प्रसार के बावजूद गांवों में कलाकारों के प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त सरकारी सहयोग नहीं मिल पा रहा है। प्रशिक्षण के अभाव में इस कला के माध्यम से रोजगार सृजन की संभावनाएं भी प्रभावित हो रही हैं। वरिष्ठ चित्रकार संजीव सिन्हा ने कहा कि भोजपुरी पेंटिंग पर अभी और व्यापक शोध तथा गंभीर कार्य की आवश्यकता है। संचालन कला लेखक एवं नाटककार अनीश अंकुर ने किया।

## सरकार से संतुष्ट नहीं, न्यायालय पर है पूरा भरोसा : चंदन तिवारी

**भरत तिवारी के भाई चंदन तिवारी और ग्रामीण ललिता देवी का आयोग ने दर्ज किया बयान**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिलौटी एनकाउंटर मामले में मंगलवार को राज्य सरकार द्वारा गठित न्यायिक जांच आयोग के अध्यक्ष सह पटना उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश विनोद कुमार सिन्हा के समक्ष मृतक भरत भूषण तिवारी के भाई चंदन तिवारी एवं ग्रामीण ललीता देवी का बयान दर्ज हुआ। दोनों ने आयोग के समक्ष घटना से जुड़े विभिन्न तथ्यों और अपने पक्ष को विस्तार से रखा। मृतक के भाई चंदन तिवारी ने मीडिया के समक्ष बातचीत के दौरान कहा कि उन्होंने आयोग के समक्ष उसी घटनाक्रम रखा, जो पुलिस एनकाउंटर वाले दिन उनके साथ हुआ था। बकौल चंदन तिवारी उनसे आयोग द्वारा आधे घंटे तक पूछताछ हुई, उन्होंने कहा कि वह सरकार की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है। अभी तक एनकाउंटर मामले में किसी भी पुलिस कर्मियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उन्हें न्यायालय पर पुरा भरोसा है। बिहार सरकार पर भरोसा नहीं है। अब केन्द्र सरकार से उम्मीदें हैं। वहीं जवईनिया गांव निवासी ललिता देवी ने भी आयोग के समक्ष अपना बयान दिया, उन्होंने कहा कि भरत भूषण तिवारी ने हथियार फेंक दिया था, तब उन्हें पकड़ कर पुलिस द्वारा गोली मारी गई थी। हम लोग अपनी झोपड़ी में छिप कर देख रहे थे। बकौल ललिता देवी भरत भूषण तिवारी हम लोगों के लिए भगवान थे।

## बीरमपुर में धानुक उत्थान महासंघ की बैठक

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** बीरमपुर गांव स्थित उत्तरी सूर्य मंदिर परिसर के समीप मंगलवार को अखिल भारतीय धानुक उत्थान महासंघ की एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के भोजपुर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद मंडल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय धानुक उत्थान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बलराम मंडल शामिल हुए। श्री मंडल ने कहा कि आगामी 23 अगस्त 26 को सीतामढ़ी में आयोजित होने वाले शहीद रामफल मंडल के शहादत दिवस कार्यक्रम में भोजपुर जिले से अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता और संगठन की मजबूती के लिए



ऐसे आयोजनों में व्यापक भागीदारी आवश्यक है। अधिक संख्या में उपस्थित होकर समाज अपनी एकता और जनशक्ति का परिचय दे सकता है। बैठक में संगठन की मजबूती, सामाजिक एकजुटता तथा समाज के उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में जीता मंडल, जितेंद्र मंडल, भुअर मंडल, संजय मंडल, प्रेम मंडल, प्रहलाद मंडल, ऋतुराज, हरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, संतोष सिंह, सतीश गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## कृषि ज्ञान वाहन किसानों को दे रहे जैविक व प्राकृतिक खेती की जानकारी

**गड़हनी (भोजपुर)।** गड़हनी प्रखंड के विभिन्न गांवों में कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि ज्ञान वाहन के माध्यम से किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ खेती के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती तथा फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्ष भारद्वाज ने बताया कि कृषि ज्ञान वाहन का उद्देश्य किसानों तक कृषि विभाग की योजनाओं और वैज्ञानिक खेती की नवीनतम तकनीकों को पहुंचाना है। वहीं प्रखण्ड तकनीकी सहायक रत्नेश तिवारी ने बताया कि वाहन प्रखंड के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर किसानों को उन्नत ृषि पद्धतियों, रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लाभ तथा फसल अवशेषों के वैज्ञानिक प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे कृषि ज्ञान वाहन द्वारा दी जा रही जानकारी का लाभ उठाकर आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल खेती अपनाएं, जिससे उत्पादन लागत कम होने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहे और कृषि आय में वृद्धि हो सके। किसानों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे खेती से जुड़ी नई जानकारियां प्राप्त करने का प्रभावी माध्यम बताया।

### जबरन नैनो यूरिया खरीदने को बाध्य नहीं करेंगे विक्रेता

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** किसानों की अक्सर शिकायत रहती है कि उर्वरक विक्रेता जबरन नैनो यूरिया खरीदने के लिए बाध्य करते हैं। दुकानदारों की शर्त होती है कि पांच बोरी यूरिया की खरीद पर किसानों को एक बोरी नैनो यूरिया लेना अनिवार्य है। मंगलवार को प्रखंड उर्वरक निगरानी समिति की बैठक के दौरान सासंद प्रतिनिधि मुनीर आलम के यह मामला उठाए जाने पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी सतीश मौर्या ने कहा कि नैनो यूरिया की खरीद अनिवार्य नहीं है। यदि कोई दुकानदार किसानों को नैनो यूरिया खरीदने के लिए बाध्य करता है तो संबंधित दुकानदार पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में समिति के सदस्यों ने यह मांग उठाई कि प्रखंड में यूरिया व डीएपी की कुल उपलब्धता सार्वजनिक की जाए ताकि इसकी कालाबाजारी पर रोक लगाई जा सके। इस दौरान प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि स्टॉक रहने पर अब सभी उर्वरक विक्रेता को अपनी दुकान के आगे पांच बोरी यूरिया व दो बोरी डीएपी खाद शो के तौर पर रखना अनिवार्य होगा। ऐसा नहीं करने वाले दुकानदार दंडित किए जाएंगे। बैठक में खाद की उपलब्धता को लेकर कई और बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

## असीमित उपभोग और लालच का प्राकृतिक संतुलन पर असर : प्रो. पालित



**महिला कॉलेज में व्याख्यान का किया गया आयोजन**

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** एमएम महिला कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'ईको साक्षरता एवं प्लास्टिक मुक्त भारत' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. एनपी पालित ने की। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. पालित ने कहा कि भोजन, वस्त्र और आवास मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएं हैं, किंतु असीमित उपभोग और लालच ने प्रकृति के संतुलन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। भारत विश्व की लगभग 18 प्रतिशत जनसंख्या का भार वहन करता है, जबकि उसके पास विश्व के केवल 4 प्रतिशत भूमि उपलब्ध हैं। प्लास्टिक कचड़े पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष इतना प्लास्टिक का उत्पादन होता है कि प्लास्टिक कचरा से पृथ्वी को चार बार ढंका जा सकता है। मुख्य वक्ता डॉ. द्वीपिका शेखर सिंह, अध्यक्ष, स्नातकोत्तर भूगोल विभाग, महाराजा कॉलेज, आरा ने कहा कि मनुष्य की असीमित इच्छाएं, लालच और अत्यधिक उपभोग की प्रवृत्ति प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ रही है। मनुष्य ही सबसे अधिक पर्यावरण का दोहन करता है। प्लास्टिक सैकड़ों वर्षों तक नष्ट नहीं होता और यह धीरे-धीरे माइक्रोप्लास्टिक में बदलकर मिट्टी, जल एवं वायु को प्रदूषित करता है। उन्होंने बताया कि समुद्री जीव प्लास्टिक को भोजन समझकर निगल लेते हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला प्रभावित हो रही है। डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि प्लास्टिक कचरा और माइक्रोप्लास्टिक पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। डॉ. स्मृति चौधरी ने कहा कि ईको साक्षरता का अर्थ केवल पर्यावरण संबंधी जानकारी प्राप्त करना नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ हमारे गहरे संबंध को समझते हुए ऐसे मूल्य, दृष्टिकोण और व्यवहार विकसित करना है जो पर्यावरण के अनुकूल हों। अंजलि कुमारी गुप्ता, हिमांशी, ऋचा, प्रगति एवं साक्षी ने मुख्य वक्ता को अपने हाथों से तैयार उपहार भेंट किए। डॉ. सुधा निकेतन रंजनी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन सिमरन ने किया। प्राची, जूही, सुनिधि ,अंजलि, अदिति, पूजा, मुस्कान, एकता आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई। डॉ. जुगल प्रसाद, डॉ. विजय श्री, डॉ. अनामिका, डॉ. अवधेश, डॉ. राखी, डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. सरोज, डॉ. सुमैला, डॉ. अमरेश, राघवेन्द्र, अमरजीत, डॉ. राजबाला, डॉ. स्वाति आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### हाजत में उत्पाद विभाग के पदाधिकारी द्वारा पिटाई और इलाज में लापरवाही के कारण हुई मौतझमहानंद सिंह

**अरवल (एनएसबी)** उत्पाद विभाग के ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मियों पर हत्या का मुकदमा किया जाए और उन्हें बर्खास्त किया जाए। पीड़ित परिवारों को 10 लाख रुपए मुआवजा एवं एक परिवार को सरकारी नौकरी दी जाए। विदित हो कि 13 जुलाई 2026 को हैबतपुर के अनिल सिंह उर्फ टुनटुन महतो, चंद्र विलास महतो एवं राधा कृष्ण चंद्रवंशी वलिदाद लॉक पर से ताड़ी पीकर के घर अपना हैबतपुर आ रहे थे । इसी बीच लॉक पर आबकारी विभाग के पदाधिकारी एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा तीनों को गिरफ्तार किया गया । जैसा की अन्य दो चंद्र विलास महतो एवं राधा कृष्ण चंद्रवंशी का कहना है की उन्हें पिटाई की गई और तीनों को उत्पाद विभाग के हाजत में बंद कर दिया गया । जब अनिल सिंह उर्फ टुनटुन महतो को छाती में दर्द होने लगा और सांस लेने में दिक्कत होने लगी तो ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी एवं पदाधिकारी को अस्पताल ले जाने के लिए निवेदन करने लगे । तीनों लोग गिड़गिड़ाते रहे, अनिल सिंह की तबीयत ज्यादा खराब हो रही है, इन्हें जल्दी अस्पताल ले जाइए। इलाज करवाइए, लेकिन ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी एक नहीं सुनी । उल्टे गाली - गलौज और मारपीट फिर करने लगे । अंत में अनिल सिंह उर्फ टुनटुन महतो की जान चली गई । खबर मिलते ही सुबह परिजन जब पहुंचे तो रात में ही पुलिसकर्मी अनिल सिंह और टुनटुन महतो के पार्थिव शरीर को अस्पताल पहुंचा दिया था, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अनिल सिंह के शरीर पर कई घाव के निशान मौजूद अनिल सिंह उर्फ टुनटुन महतो के शरीर के कई जगहों पर पिटाई के ताजा जख्म मौजूद हैं । बांये आंख पर कटा हुआ है और खून बह रहा था । बांये केहुनी पर पिटाई का जख्म है । पीठ एवं गर्दन पर पिटाई का दाग है । इसके अलावे शरीर के कई जगहों पर पिटाई के दाग स्पष्ट दिख रहे हैं । इसलिए पिटाई करने वाले पुलिसकर्मियों एवं पदाधिकारी को हत्या के तहत गिरफ्तार किया जाए मुकदमा चलाया जाए । ताकि दोबारा इस तरह से किसी गरीबों के साथ घटना नहीं कर सके । उपरोक्त बातें भाकपा माले के पूर्व विधायक महानंद सिंह सुबह से घटनास्थल पर मौजूद थे ने कही । भाजपा की नई सरकार में गरीबों पर चौतरफा हमला उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारी खजाना से चुनाव में रुपए बांट कर चुनाव जीती । सरकारी खजाना खाली है । खजाना भरने के लिए भाजपा सरकार का गरीबों से ताड़ी/दारू पीने के आरोप लगाकर पैसा वसूली का धंधा चल रहा है । गरीबों के साथ ही शराब बंदी का कानून शक्ति से लागू किया जाता है । शराब माफिया सरकार चल रही है भाजपा को फंडिंग करते है । शराब व बालू माफिया ही आज सरकार चला रहे हैं । इसलिए सरकार इन माफियाओं पर हाथ डालने की हिम्मत नहीं जुटाती । इस लिए गरीबों को ही गिरफ्तार करके जेल में डाला जाता है । सजा दी जाती है और जब न्याय की मांग करते हैं तो सैकड़ो पुलिस तैनात की जाती है पिटाई की जाती है और उन्हें ही झूठे मुकदमा में जेल भेजा जाता है । भाजपा सरकार गरीबों के वोट से बनी है । लेकिन सरकार गरीबों के ऊपर ही बुलडोजर चलाने का काम कर रही है । उन्हें ही हत्या की जा रही है । उन्हीं के घर ढाहे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजगीर, चैती पीपर या अरवल की घटना हो गरीबों के ऊपर ही हमले और पिटाई की जाती है । इसलिए एकजुट होकर न्याय दिलाने तक लड़ाई लड़नी होगी । घोसी में माले ने लड़ाई लड़ा तब पीड़ित परिवारों को झूठे मुकदमा में फंसाए जाने की कार्रवाई पर रोक लगी । आवाज नहीं उठाई जाती तो गोली लगने वाले परिवार को ही जेल जाना होता । इस तरह से अरवल में आवाज उठाना होगा । लड़ाई लड़नी होगी । तभी पीड़ित परिवार को नया मिलेगा ।पिटाई करने वाले पदाधिकारी/पुलिसकर्मियों के ऊपर हत्या का मुकदमा हो और पीड़ित परिवार को मुआवजा व नौकरी मिले उन्होंने मांग किया की इस घटना में शामिल सभी पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को गिरफ्तार किया जाए। उनपर हत्या का मुकदमा चलाया जाए एवं पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपए मुआवजा एवं आश्रित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। प्रतिवाद में भारी संख्या में ग्रामीण जुटे । उत्पाद विभाग के थाना का 7 घंटा घेराव किया । उच्च पदाधिकारी के आने के बाद ही मामला शांत हुआ । घटना स्थल पर भारी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता बुद्धिजीवी एवं भाकपा माले के कई वरिष्ठ नेता शामिल रहे । सुबह से ही सुएब आलम उर्फ.नेताजी आंदोलन का नेतृत्व करते रहे । जबकि प्रखंड सचिव महेंद्र प्रसाद, सूरदयाल चंद्रवंशी , अशोक यादव, रामकुमार सिन्हा , चंद्रभूषण सिंह और मिथिलेश कुमार समेत भारी संख्या में सामाजिक नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जगदीशपुर गांव के किसानों को सब्जी उत्पादन का दिया गया प्रशिक्षण




**कुर्था(एनएसबी)।** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना सहकारिता विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण अभियान चलाई गई। जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को बिचौलियों से बचाकर उनकी सब्जियों का उचित मूल्य दिलाना और उपभोक्ताओं को पूरे साल सस्ती व ताजी सब्जियां उपलब्ध कराना है। इस योजना के मुख्य बिंदु सहकारी मॉडल दुग्ध उत्पादक संघ की तर्ज पर त्रि-स्तरीय सहकारी समिति का गठन किया गया है, जिसके तहत प्राथमिक स्तर पर प्रखंडों में समितियां, जिलों में संघ और राज्य स्तर पर फेडरेशन बनाए गए हैं। हर थाली में बिहारी तरकारी योजना का विजन "हर थाली में बिहारी तरकारी" हो। जिसके जरिए लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली सब्जियां आसानी से मिल सकेंगी तरकारी' आउटलेट राज्य के विभिन्न हिस्सों में 534 के करीब एक्सक्लूसिव 'तरकारी' खुदरा दुकानें खोलने की योजना है। सब्जी का प्रसंस्करण अत्यधिक उत्पादन होने पर सब्जियों को बर्बाद होने से बचाने के लिए शीतगृह और प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित की जाती हैं ताकि उन्हें लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सके अंतरराष्ट्रीय निर्यात इस सहकारी संघ के माध्यम से बिहार की हरी सब्जियां अब राष्ट्रीय बाजारों के साथ-साथ दुबई जैसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी निर्यात की जा रही हैं। प्रशिक्षण के दौरान सहकारिता विभाग के अधिकारी के अलावे दर्जनों की संख्या में किसान मौजूद थे।

### देसी शराब के साथ महिला गिरफ्तार भेजा गया जेल

**मेहंदीया (एनएसबी)।** प्रखंड के चंदा गांव से मेहंदीया पुलिस द्वारा मंगलवार की शाम 5 लिटर देशी शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया गया है जिसके बाद उस जेल भेज दिया गया है,इस संबंध में जानकारी देते हुए मेहंदीया थाना अध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया की पुलिस के सूचना मिली की चंदा गांव में एक व्यक्ति के घर में शराब का कारोबार किया जा रहा है, जब उसके घर मे शराब की खोजबीन की गई जहां से 5 लीटर देशी शराब बरामद हुआ।बरामद शराब के साथ एक महिला को भी गिरफ्तार किया गया जो शराब बेचने में संलिप्त थी जिसके बाद उसे जेल भेजने का कार्य किया जा रहा है

### शिक्षा मंत्री के इस्तीफे व पेपर लीक पर रोक की मांग को लेकर जहानाबाद में आरवाईए की एकजुटता सभा

**जहानाबाद (एनएसबी)।** लगातार हो रहे पेपर लीक, भर्ती घोटालों तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर मंगलवार को



इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के बैनर तले जहानाबाद में एकजुटता मार्च एवं सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दिल्ली के जंतर-मंतर पर विभिन्न मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों और युवाओं के समर्थन में आयोजित किया गया। भाकपा (माले) कार्यालय से निकला मार्च अरवल मोड़ तक पहुंचा, जहां आयोजित सभा की अध्यक्षता आरवाईए के जिला संयोजक डॉ. धनंजय कुमार ने की। उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर पर छात्र लंबे समय से आंदोलनरत हैं और कई छात्र भूख हड़ताल पर हैं। उनका आरोप था कि लगातार पेपर लीक और भर्ती घोटालों से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है, लेकिन केंद्र सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रही है।

# राजकीय डिग्री महाविद्यालय सोनभद्र वंशी सूर्यपुर का डीएम ने किया निरीक्षण

**अरवल (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री, द्वारा राज्य के 211 डिग्री महाविद्यालय-विहीन प्रखंडों में नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में पठन-पाठन के शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा राजकीय डिग्री महाविद्यालय, सोनभद्र बंशी सूर्यपुर का विस्तृत निरीक्षण किया गया तथा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की गई।




निरीक्षण करते डीएम।

निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई, भवन की समुचित व्यवस्था, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति, शौचालयों की स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था, मंच निर्माण, ध्वनि विस्तारक प्रणाली, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, आगंतुकों के आवागमन, परिसर की साज-सज्जा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी एजेंसियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियाँ निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण की जाएँ, ताकि उद्घाटन कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार की यह पहल ग्रामीण एवं प्रखंड स्तर के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा को सुलभ बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। प्रत्येक प्रखंड में डिग्री महाविद्यालय की स्थापना से स्थानीय विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं, को स्नातक शिक्षा के लिए दूरस्थ शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इससे समय एवं आर्थिक संसाधनों की बचत होगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम में आने वाले छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं आमजन की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। साथ ही सुरक्षा, यातायात, पेयजल, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उल्लेखनीय है कि बिहार सरकार द्वारा 15 जुलाई 2026 को राज्य के 211 डिग्री महाविद्यालय-विहीन प्रखंडों में नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में एक साथ पठन-पाठन का शुभारंभ किया जा रहा है। यह पहल प्रदेश में उच्च शिक्षा के विस्तार, शैक्षणिक अवसरों की समान उपलब्धता तथा युवाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार , वरीय उप समाहर्ता सह ओएसडी ऋषिकेश तिवारी संबंधित विभागों के पदाधिकारी, महाविद्यालय प्रशासन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला विकास एवं समन्वय समिति की समीक्षा बैठक संपन्न



बैठक करते डीएम।

**अरवल (एनएसबी)।** जिला विकास एवं समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित, विभिन्न विभागों को दिए गए आवश्यक निर्देश जिला पदाधिकारी अमृषा बैस की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में जिला विकास एवं समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता को नहर से संबंधित कार्यों में तेजी लाने तथा किसानों को सिंचाई के लिए नहरों के माध्यम से पर्याप्त जल उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सड़क निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक स्थानों पर रिफ्लेक्टर, संकेतक (साइन बोर्ड) एवं अन्य सुरक्षा चिह्न लगाने का निर्देश दिया गया, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके।

लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता को जिले में बंद पड़े राजकीय नलकूपों को शीघ्र चालू कराने हेतु निर्देश दिया। बताया गया कि जिले में कुल 72 नलकूपों में से 51 नलकूप संचालित है। इस पर जिला पदाधिकारी ने शेष नलकूपों को प्राथमिकता के आधार पर क्रियाशील बनाने का निर्देश दिया। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान विद्यालयों में शिक्षकों से संबंधित लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने तथा शैक्षणिक व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए गए।

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी) के कार्यपालक अभियंता को निर्देशित किया गया कि जिन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या है, यहां बंद पड़े चापाकलों की अविलंब मरम्मत कराई जाए। आवश्यकता वाले स्थानों पर नए चापाकलों की स्थापना सुनिश्चित की जाए तथा जहां जल संकट अधिक है, वहां टैंकरों के माध्यम से शीघ्र पेयजल उपलब्ध कराया जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि यूडीआईडी पोर्टल पर लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, जिससे दिव्यांगजनों को समय पर प्रमाणपत्र एवं अन्य सुविधाओं का लाभमिल सके। जिला पदाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की विकासात्मक योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी कार्यों की नियमित निगरानी करते हुए समयबद्ध तरीके से लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करें। बैठक में उप विकास आयुक्त,, जिला कल्याण पदाधिकारी निदेशक डीआरडीए, वरीय उप समाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी,, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के साथ जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जहानाबाद के खेतों में अब उड़ेगा आधुनिक कृषि ड्रोन, मिनटों में होगा कीटनाशकों का छिड़काव

**जहानाबाद (एनएसबी)।** कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का दायरा लगातार बढ़ रहा है। इसी क्रम में अब जहानाबाद जिले के किसानों के लिए एग्रीकल्चर ड्रोन सर्विस की शुरूआत की जा रही है। इस सेवा के माध्यम से खेतों में कीटनाशकों, फफूंदनाशकों एवं तरल उर्वरकों का छिड़काव तेज, सुरक्षित और अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा। पारंपरिक तरीके से किसानों को पीठ पर भारी टैंक लेकर खेतों में छिड़काव करना पड़ता है, जिससे समय और श्रम अधिक लगता है तथा रासायनिक दवाओं के सीधे संपर्क से स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ड्रोन तकनीक इन समस्याओं का प्रभावी समाधान प्रस्तुत करती है। ड्रोन के माध्यम से कुछ ही मिनटों में बड़े क्षेत्र में समान रूप से दवाओं का छिड़काव किया जा सकता है। इससे पानी और कीटनाशकों की खपत कम होती है, श्रम लागत घटती है तथा फसलों पर दवा का समान वितरण सुनिश्चित होता है। विशेष रूप से धान की खेती वाले जलभराव वाले खेतों में यह तकनीक किसानों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी, जहां पैदल छिड़काव करना कठिन होता है। किसान अब खेत में




प्रवेश किए बिना ही ड्रोन से पूरे खेत में दवाओं का छिड़काव करवा सकेंगे। इससे समय की बचत के साथ-साथ फसल की सुरक्षा और उत्पादन क्षमता में भी सुधार की उम्मीद है। जहानाबाद एवं आसपास के किसान इस सेवा का लाभ मसोढ़ी (पटना) स्थित केंद्र के माध्यम से ले सकते हैं। बुकिंग एवं अन्य जानकारी के लिए 7903159718 तथा 7903064195 पर संपर्क किया जा सकता है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि आधुनिक ड्रोन तकनीक का उपयोग खेती को अधिक स्मार्ट, सुरक्षित और लाभकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### मां-बाप की मौत के बाद पांच मासूम हुए बेसहारा, जन मुक्ति आंदोलन ने सरकार से लगाई मदद की गुहार

**जहानाबाद (एनएसबी)।** मखदुमपुर प्रखंड के नौगढ़ गांव स्थित महादलित टोला में मंगलवार को जन मुक्ति आंदोलन की एक टीम ने पहुंचकर एक पीड़ित परिवार का हाल जाना। टीम का नेतृत्व संगठन के महासचिव हरी लाल प्रसाद ने किया। उनके साथ रविंद्र कुमार, हलेंद्र मांझी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। टीम ने स्वर्गीय शकलदेव मांझी के परिवार से मिलकर स्थिति की जानकारी ली। संगठन के अनुसार, करीब दो वर्ष पूर्व शकलदेव मांझी की पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी, लेकिन परिजनों को आपदा प्रबंधन विभाग से कोई मुआवजा नहीं मिला। इसके बाद परिवार की जिम्मेदारी उनकी पत्नी जरा धनी देवी पर आ गई, जो चार बेटियों और एक पुत्र का पालन-पोषण कर रही थीं।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का ऊंचाई एवं वजन का किया जा रहा भौतिक सत्यापन

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी के निदेर्शानुसार जिले की सभी 05 बाल विकास परियोजनाओं के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों पर माइक्रोप्लान के अनुसार किया जा रहा है सत्यापन- जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस के निदेर्शानुसार जिले की सभी 05 बाल विकास परियोजनाओं के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से चिन्हित (गंभीर कुपोषित) एवं (मध्यम कुपोषित) बच्चों का वजन एवं लंबाई का भौतिक सत्यापन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) माला कुमारी की उपस्थिति में भदासी पूर्वी आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों का वजन एवं ऊंचाई का मापन कर उनका भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान पोषण ट्रैकर ऐप में दर्ज विवरण का मिलान करते हुए बच्चों की पोषण स्थिति का आकलन किया गया। यह सत्यापन महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं बाल विकास परियोजना कार्यालयों के माध्यम से पूर्व निर्धारित माइक्रोप्लान के अनुसार किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पोषण ट्रैकर ऐप पर दर्ज आंकड़ों का भौतिक सत्यापन कर जिले में



आंगनबाड़ी केंद्र पर हो रहा भौतिक सत्यापन।

कुपोषित बच्चों की वास्तविक स्थिति का आकलन करना तथा आवश्यकतानुसार उन्हें समय पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराना है। पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से चिन्हित बच्चों का जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि सत्यापन के दौरान चिन्हित प्रत्येक एवं बच्चे का नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए तथा आईसीडीएस एवं स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर बच्चों को आवश्यक पोषण परामर्श, स्वास्थ्य जांच एवं उपचार उपलब्ध कराया जाए। आवश्यकता पड़ने पर गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद में भर्ती कराते हुए समुचित चिकित्सकीय एवं पोषण संबंधी देखभाल सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया है कि अभियान को गंभीरता एवं गुणवत्ता के साथ संचालित करते हुए कोई भी पात्र बच्चा सत्यापन एवं उपचार से वंचित न रहे। यह अभियान जिले में कुपोषण की रोकथाम तथा बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं समुचित पोषण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## समाहरणालय सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित

**अरवल (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षकगण, थानाध्यक्ष, शाखा प्रभारी एवं अन्य संबंधित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले की विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, कांडों के निष्पादन, अनुसंधान की प्रगति एवं पुलिसिंग व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सक्रिय एवं जनोन्मुखी पुलिसिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने तथा अपराधियों में पुलिस का भय स्थापित करने हेतु नियमित गश्ती, वाहन जांच एवं संवेदनशील एवं अपराध प्रभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी सुनिश्चित की जाए। प्रातःकालीन, मध्याह्न, संध्याकालीन एवं रात्रिकालीन गश्ती को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने पर विशेष बल दिया गया।



बैठे करते एसपी।

बैठक में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक, अरवल द्वारा सभी अनुसंधानकताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध अनुसंधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। गंभीर एवं सनसनीखेज कांडों के त्वरित उद्भेदन, लंबित कांडों के निष्पादन, आरोप पत्र समर्पण एवं स्पीडी ट्रायल से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। साथ ही न्यायालय से निर्गत लंबित वारंट, इश्तहार एवं कुर्की के निष्पादन में तेजी लाने तथा फरार एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जेल से छूटे अपराधियों, सक्रिय अपराधियों, शराब तस्करों, भू-माफियाओं, एनडीपीएस एक्ट के आरोपितों, लूट, डकैती, चोरी एवं अन्य संगठित अपराधों में संलिप्त अपराधियों पर सतत निगरानी रखने तथा उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अपराधियों द्वारा अर्जित अवैध संपत्तियों को चिन्हित कर संबंधित विधिक प्रावधानों के तहत जब्तीकरण एवं कुर्की की कार्रवाई में तेजी लाने पर बल दिया गया। गोष्ठी में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर ठगी के मामलों के त्वरित निष्पादन की समीक्षा की गई। आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने तथा साइबर अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त मद्यनिषेध अभियान के तहत शराब निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाने एवं कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान डायल-112 सेवा, सीसीटीएनएस प्रणाली, तकनीकी अनुसंधान, अपराध एवं अपराधियों के डिजिटल डाटा संधारण तथा अन्य तकनीकी परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पदाधिकारियों को तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर अनुसंधान एवं अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने भूमि विवाद से संबंधित मामलों के त्वरित निष्पादन, जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण समाधान, साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं आमजन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही अथवा अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक, अरवल ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को कानून-व्यवस्था के प्रभावी संधारण, अपराध नियंत्रण एवं जनविश्वास को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु पूरी प्रतिबद्धता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल, एक की हालत गंभीर पीएमसीएच रेफर

**मेहंदिया (एनएसबी)।** मेहंदिया थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम एक तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से तीन लोग घायल हो गए। हादसे में एक युवक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया। घटना के बाद कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। घायलों को स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से तत्काल सदर अस्पताल, अरवल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार बोध बोध बिगहा गांव निवासी अशोक पासवान का पुत्र चिराग पासवान अपने साथी गोलू के साथ बाइक से मेहंदिया की ओर जा रहा था। इसी दौरान महावीर गंज के पास रास्ते लच्छू पासवान को जोरदार धक्का मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । इसके बाद वह बाईक सड़क किनारे एक पथर से टकरा गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पड़े पत्थर से जा टकराए और गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद भी बाइक पूरी तरह नहीं रुकी और आगे बढ़ते हुए सड़क से गुजर रहे फौजदारी पंडित, जो बोध बिगहा ग्राम के हीं बताए जाते हैं, को भी अपनी चपेट में ले लिया। बाइक की टक्कर से वह भी घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल, अरवल भेजा गया।